RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 22
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोहली ऑग्मेंटेड रियलिटी में फेसबुक इंस्टाग्राम पर आए
विविध-12

# राज्य संक्रमण रोकने को लगा सकते हैं पाबंदी

- लेकिन निषिद्ध क्षेत्र के बाहर लॉकडाउन के लिए लेनी होगी मंजूरी, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देश 1 से 31 दिसंबर तक होंगे लागू
- लोगों के एक से दूसरे राज्य आने-जाने या सामानों के आवागमन पर नहीं होगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कुछ** क्षेत्रों में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू जैसी स्थानीय पाबंदियां लगा सकते हैं। हालांकि, निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर किसी भी तरह का लॉकडाउन लगाने के पहले केंद्र से विचार-विमर्श करना होगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिसंबर के लिए 'निगरानी, रोकथाम और सावधानी' दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्देश का मुख्य लक्ष्य देश में कोविड-19 के खिलाफ मुकाबले में जो कामयाबी मिली है, उसे बनाए रखना है। रोकथाम रणनीति की बदौलत ही देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। दिशा-निर्देश में कहा गया है कि कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हाल ही में मामलों में बढ़ोतरी, त्योहार के मौसम और ठंड की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए यह जोर दिया जाता है कि महामारी की रोकथाम के लिए सावधानी रखना बहुत जरूरी है और इसको लेकर निर्धारित रणनीति का कड़ाई से पालन करना होगा।

मंत्रालय ने कहा कि रोकथाम की रणनीति में निगरानी, अन्य उपायों पर ध्यान होना चाहिए और गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्थिति के अपने आकलन के आधार पर कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू जैसी स्थानीय पाबंदी लागू कर सकते हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि हालांकि, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारें केंद्र सरकार के साथ विचार-विमर्श किए बिना निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर किसी भी प्रकार का स्थानीय लॉकडाउन (राज्य, जिला, उपसंभाग, शहर के स्तर पर) नहीं लागू करेंगी। दिशा-निर्देश एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय जिला, पुलिस और निगम प्राधिकार पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि रोकथाम उपायों का कड़ाई से पालन कराया जाए। राज्य सरकारें इस संबंध में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगी।

दिशा-निर्देश के मुताबिक निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर कुछ गतिविधि को सशर्त अनुमति के अलावा सभी गतिविधियों की अनुमति दी गयी है। सिनेमा हॉल और थियेटरों को बैठने की 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालन की अनुमति दी गयी है। सामाजिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जमावड़े की स्थिति में एक हॉल में अधिकतम 50 प्रतिशत क्षमता के साथ 200 लोगों तक की अनुमति होगी। खुले स्थान में मैदान के हिसाब से लोगों को अनुमति दी जाएगी। हालांकि, स्थिति के आकलन के आधार पर राज्य सरकारें बंद स्थानों में लोगों की संख्या 100 तक सीमित कर सकती हैं। दिशा-निर्देश में गतिविधियों को अनुमति देने के संबंध में समय-समय पर जारी 19 एसओपी की एक सूची भी शामिल है। लोगों के, राज्यों के भीतर और एक राज्य से दूसरे राज्य आने-जाने या सामानों के आवागमन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। ऐसी आवाजाही के लिए अलग से किसी अनुमति या ई-परमिट की जरूरत नहीं होगी। दिशा-निर्देश के मुताबिक, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जिला प्रशासन सावधानी से निषिद्ध क्षेत्रों को चिन्हित करेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को भी ध्यान में रखना होगा। संबंधित जिलाधीशों द्वारा निषिद्ध क्षेत्रों के बारे में वेबसाइटों पर सूचना दी जाएगी और यह सूची केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ भी साझा की जाएगी।

निषिद्ध क्षेत्रों में केवल जरूरी गतिविधियों की अनुमति होगी और इसके दायरे में लोगों की आवाजाही पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया जाएगा। केवल आपात चिकित्सा जरूरतों और आवश्यक सामानों और सेवा की आपूर्ति बनाए रखने की मंजूरी होगी। संक्रमितों का पता लगाने के लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगी। इसके अलावा निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी। सभी संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों की सूची बनायी जाएगी और उनका पता लगाया जाएगा। इनफ्लुएंजा जैसा संक्रमण (आईएलआई), श्वसन संबंधी गंभीर संक्रमण (एसएआरआई) के मामलों में सर्वेक्षण किया जाएगा। दिशा-निर्देश में कहा गया कि कोविड-19 के संबंध में उपयुक्त व्यवहार को लेकर भी लोगों को जागरूक करना होगा। भीड़ वाले स्थानों, बाजारों, हाट और सार्वजनिक परिवहन में उचित दूरी के निर्देशों का पालन करना होगा।

## कोरोना पर नई गाइडलाइन



मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की कोरोना जांच करते स्वास्थ्यकर्मी

## एक दिसंबर से मेडिकल कॉलेज खोलें राज्यः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को राज्य सरकारों से एक दिसंबर या उससे पहले मेडिकल कॉलेजों को फिर से खोलने के लिए कदम उठाने को कहा। इसने साथ में हिदायत दी कि कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। देश में कोविड-19 महामारी के कारण मार्च से ही शिक्षण संस्थान बंद हैं। सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने यह भी सुझाव दिया कि संबंधित मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में गैर कोविड बिस्तर उपलब्ध रखे जाएं ताकि छात्रों को प्रशिक्षण मिल सके। पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल कॉलेजों को फिर से खोलने के लिए गृह मंत्रालय से सहमति प्राप्त की है। स्वास्थ्य सचिव ने 25 नवंबर को लिखे पत्र में कहा है कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश एक दिसंबर या उससे पहले मेडिकल कॉलेजों को खोलने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कहने की जरूरत नहीं है (शेष पेज 9)

## चक्रवात निवार ने धरा विकराल रूप, निपटने की तैयारी पूरी



तमिलनाडु के मामल्लापुरम में बुधवार को समुद्री तूफान से बचने के लिए मछुआरों ने अपनी नौकाओं को किनारे बांध दिया

- 145 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश के आसार
- प्रभावित होने वाले जिलों में रेल, हवाई और सड़क यातायात रोका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भयंकर** चक्रवाती तूफान नेवार के समुद्री तट से टकराने और आसपास के क्षेत्रों में संभावित तबाही से बचने के लिए संबंधित राज्य सरकारों ने ऐहतियाती कदम उठाए हैं। चेन्नई हवाई अड्डे पर शाम 7 बजे से 12 घंटे के लिए उड़ानों का संचालन रोक दिया गया है। मेट्रो और बस सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

कई ट्रेनों के रूट बदले गए हैं या उन्हें रद्द कर दिया गया है। चेन्नई और तमिलनाडु के तटीय जिलों की ओर गंभीर चक्रवात 'निवार का आगे बढ़ना जारी है। राज्य में 1.25 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार शक्तिशाली चक्रवात 26 नवंबर को 120-130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा के उस समय 145 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार तक बढ़ने की आशंका है जब तमिलनाडु और पुडुचेरी के कराइकल और मामल्लपुरम के बीच तट से टकराने की संभावना है। इस तूफान के कारण दोनों राज्यों में भारी वर्षा हो रही है। इससे चेन्नई (शेष पेज 9)

# विजय कुमार सिन्हा बिहार विधानसभा के अध्यक्ष बने

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**नवगठित** विधानसभा के प्रथम बहुमत परीक्षण में बिहार में सत्तारूढ़ राजग बुधवार को विजई रहा जिसके उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा भारी मतों के अंतर से विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता सिन्हा को प्रोटेम स्पीकर जीतन राम मांझी ने निर्वाचित घोषित किया।

मांझी ने सदन को बताया कि राजग उम्मीदवार को 126 वोट मिले जबकि विपक्षी महागठबंधन के उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी को 114 मत हासिल हुए। 243 सदस्यीय विधानसभा में बसपा के एकमात्र विधायक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया और प्रोटेम स्पीकर मांझी ने भी मतदान में हिस्सा नहीं लिया और विपक्षी महागठबंधन के भी संभवतः एक विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के पांच विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ वोट दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच चुनाव हुआ जिसने मांग की कि गुप्त मतदान कराया जाए और



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी कैबिनेट के जो भी नेता विधानसभा के सदस्य नहीं हैं उन्हें सदन से बाहर जाने के लिए कहा जाए। अध्यक्ष ने मांग को खारिज कर दिया, जिसका विपक्ष ने जोरदार विरोध किया जिस कारण सदन को पांच मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा।

इस पर सत्ता पक्ष ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के समय इस तरह की बाधा पहले कभी नहीं आई। कार्यवाही की शुरुआत चार विधायकों के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुई जो पिछले दो दिनों में शपथ नहीं ले सके थे। इनमें जद (यू) के अनिरुद्ध प्रसाद यादव और नरेन्द्र कुमार नीरज, (शेष पेज 9)

# हरियाणा ने पंजाब से सटी सीमाओं को किया सील

- कृषि कानूनों के विरोध में आज से दो दिवसीय प्रदर्शन के तहत पंजाब सहित कई राज्यों के किसानों ने किया दिल्ली कूच, हाईवे पर जाम

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस के इजाजत नहीं देने और हरियाणा सरकार द्वारा पंजाब से लगती सीमाएं सील करने के बावजूद केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली चलो मोर्चा के लिए हजारों किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

इससे पहले पंजाब सीमा पर तैनात हरियाणा पुलिस से किसानों की तीखी नोंकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्हें रोकने में विफल रही। किसानों के साथ अंबाला शहर के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस की झड़प हुई और उन पर पानी की तेज बौछार छोड़ी गई लेकिन किसानों ने हार नहीं मानी और बेरिकेड तोड़कर आगे दिल्ली की ओर बढ़ गए। वाटर कैनन की बौछारों के बीच ट्रैक्टर-ट्राली, कार और मोटरसाइकिल पर सवार प्रदर्शनकारी किसान पंजाब से हरियाणा में प्रवेश करने में कामयाब हो गए।

यहां हरियाणा के हजारों किसान भी उनके साथ हो गए, जिनका नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राज्य प्रमुख गुरनाम सिंह मुन्नी ने किया। इस बीच, हरियाणा पुलिस ने प्रदेशभर की सड़कों पर बेरिकेड लगाकर वाटर कैनन के साथ पुलिस बल तैनात कर दिया है। गुरुग्राम में दिल्ली-हरियाणा सीमा पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और यहां धारा 144 लगा दी गई है। साथ ही, पुलिस ने राज्य के लगभग 100 किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया। किसानों के प्रदर्शन के कारण कई जगह हाइवे पर जाम लग गया।

हालांकि, किसी भी हिंसा या आंसू गैस गोले या लाठीचार्ज के इस्तेमाल की रिपोर्ट नहीं मिली। बीकेयू पंजाब (शेष पेज 9)

## किसानों का दिल्ली चलो मार्च



हिसार में बुधवार को आंदोलनकारी किसानों को आगे बढ़ने से रोकती पुलिस

# प्राथमिकी की रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध के आदेश पर रोक

## अमरावती भूमि घोटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने अमरावती में जमीन के सौदों में कथित अनियमितताओं को लेकर दर्ज प्राथमिकी के बारे में खबरें प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि राज्य की राजधानी अमरावती के स्थानांतरण के दौरान जमीन के कथित अवैध सौदों के बारे में लंबित मामले में उच्च न्यायालय जनवरी के अंतिम सप्ताह तक फैसला नहीं करेगा। पीठ ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में जांच पर रोक लगाने सहित उच्च न्यायालय के अन्य निर्देशों पर फिलहाल रोक लगाने से इंकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के 15 सितंबर के आदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने हालांकि इस अपील पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को नोटिस जारी नहीं किया लेकिन उसने राज्य के पुलिस महानिदेशक और पूर्व महाधिवक्ता दम्मालपति श्रीनिवास, जिनकी याचिका पर उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था, सहित अन्य से जवाब मांगे हैं।

पीठ ने इस मामले को अब जनवरी में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने 21 फरवरी को पुलिस उप महानिरीक्षक रैंक के आईपीएस अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल गठित किया था जिसे चंद्रबाबू नायडू सरकार के कार्यकाल के दौरान अमरावती राजधानी क्षेत्र में कथित अनियमितताओं, विशेषकर भूमि के मामले में, की व्यापक जांच करनी थी। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस याचिका पर सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने दलील दी कि उच्च न्यायालय को ऐसा नहीं कहना चाहिए (शेष पेज 9)

# लक्ष्मी विलास व डीबीएस बैंक का विलय कल से प्रभावी होगाः आरबीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने कहा है कि लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) और डीबीएस बैंक इंडिया का विलय 27 नवंबर से प्रभावी होगा। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ ही कहा कि उसी दिन संकट में फंसे बैंक से रोक हट जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को एलवीबी के डीबीएस बैंक इंडिया लि. (डीबीआईएल) में विलय को मंजूरी के कुछ घंटों पर रिजर्व बैंक ने यह बयान जारी किया है। रिजर्व बैंक ने कहा, यह विलय 27 नवंबर, 2020 से प्रभावी होगा।

इसी दिन से लक्ष्मी विलास बैंक की सभी शाखाएं डीबीएस बैंक इंडिया लि. की शाखाओं के रूप में काम करेंगी। केंद्रीय बैंक ने कहा, एलवीबी के जमाकर्ता शुक्रवार से अपने खातों का परिचालन डीबीएस बैंक इंडिया के ग्राहक के रूप में कर सकेंगे। इसके बाद उसी दिन से लक्ष्मी विलास बैंक पर रोक हट जाएगी। निजी क्षेत्र के बैंक पर रोक के बाद रिजर्व बैंक ने 17 नवंबर को एलवीबी के बोर्ड (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,828 | ↓ 694 | |
| निफ्टी | 12,858 | ↓ 196 | |
| सोना | 48,273 | ↑ 45 | /10g |
| चांदी | 59,380 | ↑ 407 | /kg |

## क्विक न्यूज

### फुटबॉल के एक युग का अंत नहीं रहे डिएगो माराडोना



**ब्यूनस आयर्स।** दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की जीत के नायक डिएगो माराडोना का बुधवार को निधन हो गया। पेले के साथ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में गिने जाने वाले माराडोना 60 वर्ष के थे। पिछले लंबे समय से वह कोकीन की लत और मोटापे से जुड़ी कई परेशानियों से जूझ रहे थे। अर्जेंटीना में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई है। दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों में इस खबर से शोक की लहर दौड़ गई है। दो सप्ताह पहले ही दिमाग के ऑपरेशन के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।

# ऐप पर प्रतिबंध से बौखलाया चीन भारत के फैसले का किया विरोध

- विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होने का किया दावा

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**भारत** द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर 43 और चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाने से चीन बौखला गया है। बीजिंग ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 43 चीनी मोबाइल ऐप पर पाबंदी लगाने के भारत के निर्णय का पुरजोर विरोध करता है।

चीन ने दावा किया कि यह कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के खिलाफ है। भारत के ताजा कदम के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने संवाददाता सम्मेलन में इसको लेकर गंभीर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि इस साल जून से अबतक चार बार भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर चीन से जुड़े स्मार्टफोन ऐप पर पाबंदी लगायी है। प्रवक्ता ने कहा कि ये कदम बाजार सिद्धांतों और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ है। इसमें चीनी कंपनियों के हितों और वैध अधिकारों की अनदेखी की गयी। झाओ ने कहा कि चीन सरकार हमेशा अपनी कंपनियों से दूसरे देशों में काम करते समय अंतरराष्ट्रीय नियमों और स्थानीय कानून का पालन करने के लिये कहती है।

उन्होंने कहा कि चीन और भारत का आर्थिक तथा व्यापार सहयोग दोनों देशों के लिये लाभदायक है। प्रवक्ता ने कहा कि हम भारतीय पक्ष से इस भेदभावपूर्ण रुख में तत्काल सुधार लाने और आगे द्विपक्षीय सहयोग को (शेष पेज 9)

# कांग्रेस के संकट मोचक अहमद पटेल नहीं रहे

- कोविड संबंधी जटिलताओं के कारण हुआ निधन, सोनिया गांधी के रहे वफादार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता, आलाकमान के सबसे भरोसेमंद और कुशल रणनीतिकार अहमद पटेल का बुधवार तड़के 3.30 बजे निधन हो गया। एक माह पहले कोरोना हो गया था, इसके बाद उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

शरीर में कई जटिलताएं विकसित होने के बाद 15 नवंबर को उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। पटेल को उनके पैतृक गाँव और उनके जन्म स्थान गुजरात के पिरमान में गुरुवार को सपुर्द ए खाक किया जाएगा। उनके बेटे फैसल ने सोशल मीडिया पर यह समाचार साझा करते हुए सभी शुभचिंतकों से सामूहिक समारोहों से बचने और कोविड-19 नियमों का पालन करने का आग्रह किया है। पटेल के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। दिग्गज कांग्रेसी नेता ने बीते 1 अक्टूबर को खुद ट्वीट कर कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी थी।

अपने मित्रों के बीच एपी और सहयोगियों में अहमद भाई के नाम से मशहूर मृदुभाषी पटेल कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी के सबसे करीब सहयोगियों में से एक और लंबे समय से उनके राजनीतिक सचिव थे। वह कांग्रेस के संकटमोचक माने जाते थे और उन्होंने कई बार पार्टी को विकट परिस्थितियों से बाहर निकाला। वह अन्य पार्टियों और नेताओं के साथ प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनाने के माहिर नहीं थे। यूपीए के दस वर्षों के



1949-2020

कार्यकाल के दौरान दोनों ही बार मनमोहन सिंह गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे थे, लेकिन पटेल ही वह शख्सियत थे जिन्होंने गठबंधन दलों में तालमेल बैठाने और सत्ता संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक पटेल का बहुत सम्मान किया जाता था। अलग-अलग क्षेत्रों में उनके दोस्त मौजूद थे। वह आठ बार सांसद रहे। इनमें पांच बार वह राज्यसभा के लिए चुने गए। पटेल वर्तमान में गुजरात से राज्यसभा के सदस्य थे। 2017 में उन्होंने राज्यसभा चुनाव अपने कुशल रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए कड़ी चुनौती के बीच जीता था। वह तीन बार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे।

अभी भी वह इसी पद पर थे। पटेल ने 1976 में गुजरात के भरूच जिले में स्थानीय निकाय चुनाव लड़कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। वह मार्च 1977 में लोकसभा सांसद बने और 1989 तक छठी, सातवीं और आठवीं लोकसभा के सदस्य रहे। इसके बाद अगस्त 1993 में वह पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए। पटेल राजीव गांधी के करीबी विश्वासपात्र थे और 1985 से 1986 तक प्रधानमंत्री के संसदीय सचिव के तौर पर कार्य किया। उन्होंने बाद में गुजरात और पार्टी आलाकमान दोनों जगह कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे की कमान संभाली। वह इकलौते ऐसे कांग्रेसी नेता थे, जिनका सोनिया गांधी के निवास 10 जनपथ में भी कार्यालय था। हालांकि पटेल कभी मंत्री नहीं बने, उन्होंने हमेशा कांग्रेस में पर्दे के पीछे रहकर काम किया और अपनी मृत्यु तक पार्टी के निर्णयों में केंद्रीय भूमिका में रहे।

कुछ माह पहले जब उनसे पार्टी के अंदरूनी मामलों के जानकार के तौर पर संस्मरण लिखने के बारे में पूछा गया तो उनका संक्षिप्त सा जवाब था कि सभी रहस्य उनके साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। पटेल का नाम कई राजनीतिक घोटालों और घोटालों में फंस गया और वे जांच के दौर से गुजर रहे थे, जिसके बारे में उन्होंने हमेशा दावा किया था कि वे बाहर निकलेंगे। संकटमोचक और सर्वसम्मति बनाने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले पटेल का अंतिम राजनीतिक (शेष पेज 9)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
## उत्तराखण्ड पेयजल निगम डीडीहाट, पिथौरागढ़

पत्रांक : 1933/निविदा/304 | दिनांक : 25/11/2020

### अल्पकालीन निविदा

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित पेयजल योजना के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं0 सं0 | कार्यों का विवरण | विकास खण्ड | न्यूनतम श्रेणी | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि माह | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का दिनांक | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | किमखेत पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 35400 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 2 | रसैपाटा पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 16900 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 3 | रातो पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 13700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 4 | रूमता पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 7900 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 5 | उमली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 17000 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 6 | गडेरा पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 8700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 7 | घट गोरगाड़ी पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 31100 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 8 | देकुना पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 47000 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 2000+18% (जी0एस0टी0) |
| 9 | बिर्थी पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 38600 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 10 | सिमलतड़ पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 8600 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 11. | सेलमाली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 37900 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 12 | बेल्साबगड़ पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 16700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 13 | बरागॉव पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 43400 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 2000+18% (जी0एस0टी0) |
| 14 | कोट्यूड़ा पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 30700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 15 | खेतली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 12300 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 16 | सूपाधार पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 9700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 17 | हुपली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 30000 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 18 | भूर्तिंग पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 49500 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 2000+18% (जी0एस0टी0) |
| 19 | भण्डारीगॉव पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 25000 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 20 | कैठी पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 11100 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 21 | कापा पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 9200 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 22 | उपदिया पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 11500 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 23 | ताराकोट पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 20700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 24 | तोली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 12500 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 25 | सिरमोला पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 39200 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 26 | गिरगॉव पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 42000 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 2000+18% (जी0एस0टी0) |
| 27 | पॅया पिनारी पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 21800 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |
| 28 | डगाती पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 7700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 29 | बसानी पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 15200 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 30 | कुटिम पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 17700 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1000+18% (जी0एस0टी0) |
| 31 | खोली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 6900 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 32 | बजेली पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 9900 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 33 | बाथी गूल पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 8300 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 500+18% (जी0एस0टी0) |
| 34 | बांसबगड़ पे0यो0 अन्तर्गत एफ0एच0टी0सी0 रेट्रोफिटिंग का कार्य। | मुनस्यारी | डी | 27500 | 1 माह | 04.12.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 04.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक | 05.12.2020 पूर्वान्ह 11:00 बजे | 1500+18% (जी0एस0टी0) |

शेष शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता


## नोएडा में होगी कोरोना वैक्सीन की जांच

**नोएडा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आने वाला नोएडा का राष्ट्रीय जैविक संस्थान कोविड-19 के टीके की जांच करेगा। यह संस्थान अतिरिक्त केंद्र के तौर पर काम करेगा। इस बारे में मंगलवार को एक राजपत्रित अधिसूचना जारी की गई है। यह संस्थान नोएडा में है। वर्तमान में सभी तरह के टीकों का परीक्षण केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला सीडीएल कसौली में होता है।

एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 टीके की परीक्षण प्रक्रिया में तेजी लाने और टीका उपलब्ध हो जाने पर इसकी आपूर्ति बाधित नहीं हो, इस वजह से यह कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि महामारी के कारण पैदा आपात स्थिति से निपटने को कोविड-19 का उपयुक्त टीका उपलब्ध कराना जरूरी है। इसलिए जनहित में यह आवश्यक है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए टीका के जांच के काम में तेजी लायी जाए। यह अधिसूचना 30 नवंबर 2021 तक के लिए प्रभावी रहेगी।

# वर्षों से अटके पड़े हिंडन पुल निर्माण का काम इसी पखवाड़े होगा शुरू

### जीडीए राज्यसेतु निगम को जारी करेगा एक करोड़ की टोकन मनी

**● लोगों को जाम के झाम से भी मिलेगी मुक्ति, खर्च होंगे 18 करोड़ रुपए**

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद

कोरोना काल व अन्य तकनीकी कारणों से लगभग एक वर्ष से अधर में लटका हिंडन नदी पुल के निर्माण का कार्य अब बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है। पुल निर्माण में आ रही सभी तकनीकी अड़चनों को भी जीडीए ने दुरूस्त कर दिया है। माना जा रहा है कि आगामी पखवाड़े में यह निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

तीन लेन वाले इस पुल पर लगभग 18 करोड़ की लागत आयेगी। जीडीए पुल निर्माण करने वाली संस्था सेतु निगम को एक करोड़ की टोकन मनी भी इसी सप्ताह के अन्दर ट्रांसफर कर देगा। इस पुल निर्माण के बाद गाजियाबाद से जीटी रोड होते हुए मोहननगर व दिल्ली जाने वाले लगभग साढ़े पांच लाख से भी ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही इस रूट पर आये दिन पीक ऑवर में लगने वाले जाम के झाम से भी लोगो को मुक्ति मिलेगी। जीडीए सचिव संतोष राय का कहना है कि 2021 के अन्त तक पुल निर्माण का यह प्रोजेक्ट पूरा हो जायेगा। पुल निर्माण के लिए की गई तोड़फोड़ का मलबा उठाने का काम भी पूरा हो गया है। खास बात यह है कि जनवरी 2018 में सम्पन्न हुई अवस्थापना निधि की बैठक में जीडीए ने इस पुल के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने सेतु निगम की डीपीआर तैयार करायी थी । इसी के आधार पर पुल निर्माण का रास्ता साफ हुआ था। इस पुल की लंबाई 200 मीटर और चौड़ाई लगभग आठ मीटर होगी। इस संबंध में सिंचाई विभाग भी अपनी तरफ से जीडीए को एनओसी जारी कर चुका है।



हिंडन नदी पुल का फाइल फोटो

# तेंदुए का डर : दहशत में गुजरी राजकुंज निवासियों की रात

**● मॉर्निंग वॉक पर भी नहीं निकले लोग**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मंगलवार सुबह राजनगर की पॉश कॉलोनी में तेंदुआ देखे जाने के बाद से ही क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। बुधवार सुबह तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया। राजकुंज के निवासी तेंदुए के नहीं पकड़े जाने से रातभर दहशत में रहे। शाम को भी लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले तो वहीं मॉर्निंग वॉक पर भी लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया।

कॉलोनी में दहशत का आलम यह है कि अधिकतर लोगों ने जागकर रात गुजारी तो वहीं लोग यही प्रार्थना करते रहे कि किसी तरह से तेंदुआ पकड़ा जाए। राजकुंज ही नहीं, यही हाल इंग्राह्म इंस्टीट्यूट के कैम्पस में रहने वाले लोगों का भी है।

राजकुंज निवासी पूनम ने बताया कि कल तेंदुआ उनके घर के सामने से होकर गुजरा था। उसके बाद से पुलिस कई बार आ चुकी है लेकिन, अभी तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया। उन्होंने बताया कि रात इसी डर में बीती कि कहीं वह फिर से दोबारा न आ जाए। पीके जैन ने बताया कि रोजाना सुबह और शाम को लोग टहलने के लिए निकलते हैं लेकिन, तेंदुए के डर से कोई घर से बाहर नहीं निकला। यहां तक की पार्क में भी बच्चे खेलते हैं मगर शाम और सुबह को कोई भी बाहर नहीं निकला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि 24 घंटे हो गए हैं लेकिन, अभी तक भी तेंदुए के पकड़े जाने की कोई खबर नहीं मिली है जिसकी वजह से डर बना हुआ है।

उधर इंग्राहम इंस्टीट्यूट में वन विभाग की मेरठ और दिल्ली से बुलाई गई टीमों ने डेरा डाल लिया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे भी इंग्राहम इंस्टीट्यूट परिसर में रखवा दिए गए हैं। डीएम अजय शंकर पांडेय ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों में रहें। बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें। डीएम ने बताया कि तेंदुआ के कविनगर क्षेत्र में होने की सूचना मिल रही है। वन विभाग की टीम पकड़ने के लिए जुट गई है। तेंदुआ पकड़े जाने पर लोगों को बता दिया जाएगा।



इंग्राहम इंस्टिट्यूट में घूमता दिखा तेंदुआ।

## टीम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का लिया जायजा

**गाजियाबाद।** कमिश्नर अनिता सी. मेश्राम के निर्देश पर बुधवार को मेरठ से आई टीम ने विकास भवन में संचालित किए जा रहे इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम की व्यवस्था देखी। जनपद में कोविड-19 पर नियंत्रण पाने के लिए कंट्रोल रूम के जरिए की जा रही सर्विलांस की टीम ने सरहना की।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे के निर्देश पर थानेवार की जा रही सर्विलांस ने टीम को खासतौर पर प्रभावित किया। कंट्रोल रूम में तैनात डिस्ट्रेस टीम ऐसे लोगों की काउंसलिंग करती है जो कोविड-19 के डर से पैनिक हो जाते हैं।

# कोरोना निगरानी दस्ते में ड्रोन भी होगा शामिल

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद महानगर में कोरोना प्रोटोकॉल की निगरानी करने वाले मानवीय दस्तों के अलावा अब इस ऑपरेशन में ड्रोन को भी शामिल कर लिया गया है। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने इस संबंध में एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया है, जिसके तहत कोरोन संक्रमण के प्रोटोकॉल के पालन की निगरानी संबन्धी कार्यवाही में ड्रोन कैमरों को शामिल किया गया है।

इस ऑपरेशन का नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर शैलेन्द्र कुमार को बनाया गया है। जनपद में जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरों का पंजीकरण पहले से ही कराया हुआ है।

डीएम ने बताया कि महानगर के दस संवेदनशील इलाकों में दस ड्रोन कैमरों से निगरानी की जायेगी, जहां से कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मास्क न पहनने व सोशल डिस्टेंस का पालन न करने वालों पर लोगों पर नजर रखी जायेगी।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है। जहां से डायरेक्ट लाइन कनेक्शन की व्यवस्था कराई गयी है। वहीं एक बडी स्क्रीन भी लगवाई जायेगी। ड्रोन कैमरे से प्राप्त साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जायेगा। साक्ष्य के आधार पर ही संबंन्धित व्यक्ति के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई होगी।



# गाजियाबाद के शुभम श्रीवास्तव बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में अनेक प्रतिभाएं आए दिन निकलकर सामने आती रहती हैं। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है शुभम श्रीवास्तव का। शुभम ने अपने कड़े परिश्रम व मेहनत के बल पर भारतीय सेना में लैफिटनेंट बनकर गाजियाबाद का नाम रोशन कर दिया। शुभम साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता संजय श्रीवास्तव रेलवे में कामर्शियल सुपरववाइजर हैं।

शास्त्री नगर के आई ब्लाक में रहने वाले संजय श्रीवास्तव के इस होनहार बेटे ने राजनगर स्थित सेंट पॉल स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा हासिल की। दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद देश की सेवा करने की ठानी और फिर भारतीय सेना में जाने की तैयारी की।



महाराजपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करता नगर निगम का दस्ता।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
## उत्तराखण्ड पेयजल निगम डीडीहाट, पिथौरागढ़

पत्रांक : 1932/निविदा/303 | दिनांक : 25.11.2020

### ई निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत श्रोत, पाइप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्यों का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आनलाईन प्रकाशन की तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | धारचूला देहात-I पे0यो0 (FHTC) | धारचूला | 0.80 | 2500.00+ 18% GST | 28.11.2020 | 45 दिन |
| 2 | धारचूला देहात-II पे0यो0 (FHTC) | धारचूला | 0.84 | 3000.00+ 18% GST | 28.11.2020 | 45 दिन |
| 3 | धारचूला देहात-III पे0यो0 (FHTC) | धारचूला | 0.84 | 3000.00+ 18% GST | 28.11.2020 | 45 दिन |
| 4 | समकोट (FHTC) | मुनस्यारी | 0.64 | 2500.00+ 18% GST | 28.11.2020 | 45 दिन |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते शुद्धिपत्र एवं निरस्तीकरण आदि www.uktenders.gov.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

''जल संचय-जीवन संचय'' कृपया जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाईये''
वैधानिक चेतावनी - जल स्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।


# अतिक्रमण अभियान में निगम ने 30 दुकानों को किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली यूपी के प्रवेश द्वार से सटे महाराजपुर रोड पर बुधवार से गाजियाबाद नगर निगम का एंटी एक्रोचमेंट ड्राइव शुरू हो गया है। इस दौरान नगर निगम के दस्ते ने लोगों के विरोध के बावजूद वहां मौजूद तीस अवैध दुकानों व अन्य स्ट्रक्चर को जमींदोज कर दिया। इस दौरान लोगों ने निगम की इस कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ दिया।

एंटी एक्रोचमेंट ड्राइव का यह ऑपरेशन पूरे वसुन्धरा जोन के सभी इलाको में तब तक चलेगा जब तक पूरा जोन अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता है। यह ऑपरेशन नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, एनफोर्समेट ऑफिसर कर्नल दीपक शरण और निगम जोनल अधिकारी सुनील राय के नेतृत्व में सुबह दस बजे से शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक चला।

कर्नल दीपक शरण ने बताया कि अभी भी इस इलाके में अतिक्रमण है। जिसे हटाने के लिए निगम का दस्ता बृहस्पतिवार को भी इस ऑपरेशन को जारी रखेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# फिर सुलगा गाजीपुर लैंडफिल धुएं और प्रदूषण से बुरा हाल

● सियासत भी शुरू
आप और भाजपा ने एक दूसरे पर लगाए आग लगवाने का आरोप



## जहरीली हवा से सांस लेना भी मुश्किल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के बीच पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल में मंगलवार रात को अचानक आग लग गई है। आसपास के इलाके में धुएं का गुबार छा गया। इससे राजधानी की आबोहवा और जहरीली हो गई। धुएं के कारण लोगों को सांस लेना दुर्भर हो गया है। रातभर लोग सो नहीं सके हैं। धुएं से बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही एनएच-9 पर वाहनों की रफ्तार भी कम कर दी है।

दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक, अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की जानकारी मंगलवार की रात लगभग 9.56 बजे मिली थी। जिसके बाद मौके पर पांच फायर टेंडर भेजे गए थे। बाद में, तीन और दमकल गाड़ियों को आग काबू करने के लिए भेजा गया। आग लैंडफिल में अलग-अलग जगहों पर लगी थी। आग को काबू कर लिया गया है लेकिन उसे ठंडा करने का काम चल रहा है।

इस बीच पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर कूड़े के ढ़ेर में आग लगाने का आरोप मढ़ा। साथ ही कहा कि भगवा पार्टी के नेता ने दिल्ली सरकार को बदनाम करने के लिए आग लगवाई है। लैंडफिल साइट पर लगी आग की घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पाठक ने भाजपा सांसद गौतम गंभीर पर निशाना साधते हुए कहा कि आग खुद नहीं लगी है, बल्कि लगाई गई है। पिछले 15 सालों में भाजपा शासित एमसीडी ने दिल्ली को सिर्फ कूड़े के पहाड़ दिए हैं। आग लगने के कारण दिल्ली वालों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सिर्फ भाजपा के भ्रष्टाचार नाकामी का नतीजा है।

वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने लगातार पिछले डेढ़ साल में लैंडफिल साइट की ऊंचाई को 50 फीट तक कम करवाने में सफल रहे है।

अब प्रदूषण को कम करने के लिए एंटी स्मॉग टावर लगवा रहे हैं। यह सब आप नेताओं से देखा नहीं जा रहा है इसलिए, आम आदमी पार्टी ने साजिशन आग लगवाई और लोगों की जान को खतरे में डालने का काम किया है। पिछले 6 सालों में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक बार भी लैंडफिल का दौरा नहीं किया और जब भाजपा सांसद गौतम गंभीर खुद दौरा कर काम कर रहे हैं तो केजरीवाल और उनके मंत्री लोगों में भ्रम और भय की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। कूड़े का ढेर कम करवाने के मकसद से सांसद गंभीर फरवरी में केजरीवाल को पत्र भी लिख चुके हैं। उन्होंने पत्र में लिखा था कि यह लैंडफिल साइट एशिया में सबसे बड़ी है और यहां कूड़े के पहाड़ का लगातार बढ़ना सभी लोक सेवकों के लिए चिंता का विषय है।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल में आग लगने के स्पष्ट कारण का पता नहीं है। कई बार कूड़ा बिनने वाले चलता हुआ बीड़ी-सिगरेट का टुकड़ा फेंक देते हैं।

कूड़े के ढ़ेर से ज्वलनशील मिथेन गैस निकलती है। आग के संपर्क में आने से आग भड़क जाती है और लैंडफिल के बड़े हिस्सों को अपनी चपेट में ले लेती है। अधिकारी ने स्पष्ट किया इस मामले में कोई जांच नहीं बैठाई गई है।

ग्रेप के नियमानुसार, इस समय कूड़े अथवा पत्तों में आग लगाने पर जुर्माने का प्रावधान है। फिर भी चोरीछिपे एवं रात के अंधेरे में खूब आग लग रही है। वहीं, ठोस कचरा प्रबंधन का पुख्ता इंतजाम न होने से लैंडफिल साइट क्षमता से ज्यादा भर ही चुकी है, डलाव घर भी भरे रहते हैं। इन दोनों कारणों से भी दिल्ली की हवा में धूलकण पीएम 2.5 और पीएम 1 की वृद्धि होती है।

### पहले हो चुकी है दो मौतें

*गाजीपुर डंपिंग ग्राउंड पर 1 सितंबर 2017 को अचानक जोरदार धमाका हुआ था जिससे हजारों टन कचरा सड़क की तरफ गिर गया था। इस हादसे की वजह से पांच कारें नहर में गिर गईं थी, वहीं दो लोगों की मौत हो गई थी। घटना में करीब पांच लोग घायल भी हुए थे। इनमें एक महिला तथा एक व्यक्ति शामिल था। दोनों मृतक राजबीर कॉलोनी के रहने वाले थे। हादसे के बाद करीब दस दिनों तक कूड़ा हटाने का काम चला था*

## धीमी हुई हवा की रफ्तार, बढ़ा प्रदूषण

● न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हवा की धीमी गति के कारण बुधवार को करीब 10 दिन बाद दिल्ली की वायु गुणवत्ता और खराब होकर गंभीर श्रेणी में आ गई। दिल्ली के पीएम 2.5 प्रदूषकों में पराली जलाने की भागीदारी बुधवार को दो प्रतिशत रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मोबाइल ऐप समीर के अनुसार, शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बुधवार को सुबह 401 दर्ज किया गया तथा यह शाम को और खराब होकर 415 हो गया। यह मंगलवार को 388 था।

एक्यूआई सोमवार को 302, रविवार को 274, शनिवार को 251, शुक्रवार को 296 और बृहस्पतिवार को 283 रहा। राष्ट्रीय राजधानी में एक्यूआई 15 नवंबर को गंभीर श्रेणी में था, लेकिन इसके बाद इसमें सुधार आया और यह 22 नवंबर तक खराब अथवा मध्यम की श्रेणी में रहा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की निगरानी प्रणाली सफर के अनुसार, मंगलवार को पराली जलाए जाने के मामले काफी कम (63) रहे और दिल्ली की हवा में पीएम2.5 प्रदूषकों में इसकी



हिस्सेदारी बुधवार को दो प्रतिशत रही। उसने बृहस्पतिवार तक हवा की गति बढ़ने और वायु संचार की स्थिति सुधरने का पूर्वानुमान जताया। सफर ने कहा, एक्यूआई के बृहस्पतिवार) शुक्रवार को बहुत खराब श्रेणी में आने की संभावना है और यह 27 और 28 नवंबर को बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। शहर में बुधवार को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश: 24.4 और 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## चालान सिस्टम में सुधार के लिए कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर दावा किया गया है कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत चालान जारी करने का तंत्र मनमाना और खराब है तथा बेहतर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर इसमें सुधार किया जाना चाहिए। वकील सोनाली करवासरा ने याचिका में कहा कि बिना उचित विश्वस्त प्रौद्योगिकी के चालान जारी किए जा रहे हैं और यातायात उल्लंघन की निगरानी के लिए इस्तेमाल की जाने वाला प्रौद्योगिकी के मानकीकरण की आवश्यकता है।

उनकी याचिका में आरोप लगाया गया है कि खराब उपकरण की वजह से भारी जुर्माना लगाया गया और बाद में उसे रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि अगस्त से 10 अक्टूबर 2019 के बीच तेज गति से वाहन चलाने पर किए 1.57 लाख से ज्यादा चालानों को कथित रूप से वापस लिया गया था।

## मृत्यु दर पर अंकुश लगाने की कोशिश में सरकार

### डीडीएमए की बैठक में सीएम केजरीवाल ने उपाय ढूंढने व हालात की समीक्षा के लिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों ने दिल्ली सरकार की चिंता बढ़ा दी है। उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक में बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विशेषज्ञों से कोविड-19 से हो रही मौतों को कम करने के उपाय ढूंढने कोरोना वायरस संक्रमण से हो रही मौतों को लेकर विपक्ष लगातार दिल्ली सरकार पर हमला कर रहा है।

वहीं तीनों नगर निगमों ने मृतकों के आंकड़ों में विसंगति का आरोप मढ़ा है क्योंकि आधिकारिक रूप से दर्ज मौतों और श्मशान घाट और कब्रिस्तानों में हुए अंतिम संस्कारों की संख्या में अंतर है।

इससे हो रही किरकिरी के बाद मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से अनुरोध किया है कि कोरोना से से हो रही मौतों को कम करने के उपाय सरकार को सुझाएं। इस पर वे अपनी रिपोर्ट सरकार को दें। कोरोना महामारी के मद्देनजर गठित दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की मीटिंग प्रति सप्ताह हो रही है। वहीं उपराज्यपाल अनिल बैजल ने कहा कि गृह पृथक-वास में रखे गए कोविड-19 मरीजों को आपातकालीन स्थिति में समय रहते अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि महामारी से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आ सके। सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल ने गृह पृथक-वास में रखे गए कोविड-19 मरीजों की कड़ी निगरानी करने का भी आदेश दिया। बैजल ने निगरानी, जांच और आईसीयू तथा वेंटिलेटर आदि की संख्या बढ़ाने को कहा।

कोविड-19



फोटो: रंजन डिमरी

### दो हफ्तें में 1300 आईसीयू व 2000 सामान्य बेड बढ़े

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के मामले और मृतक संख्या बढ़ने के बीच राजधानी के अस्पतालों में बीते दो हफ्तों के दौरान संक्रमितों के लिए 2000 सामान्य और 1300 आईसीयू बेड बढ़ाए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। सबसे ज्यादा 232 आईसीयू बेड जीटीबी अस्पताल में बढ़ाए गए हैं। इसके बाद इसी अवधि में लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में 200 आईसीयू बेड बढ़ाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पतालों में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के लिए फिलहाल 9,000 सामान्य बेड और एक हजार से ज्यादा आईसीयू बेड उपलब्ध हैं।



उद्घाटन करते सतेंद्र जैन



बुराड़ी स्थित अस्पताल के नए बेड।

### बुराड़ी अस्पताल में बढ़े 20 आईसीयू बेड

***नई दिल्ली।*** *बुराड़ी अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा वाले 20 आईसीयू बेड बढ़ा दिए गए। इसके साथ यहां 50 आईसीयू बेड उपलब्ध हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने इस मौके पर केंद्रीय अपशिष्ट भंडारण का उद्घाटन भी किया। इस दौरान जैन पीपीई किट पहन कर कोरोना वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने अस्पताल में मिल रही सुविधा का मरीजों से फीडबैक लिया और अस्पताल के अधिकारियों को सुधार को लिए जरूरी निर्देश दिए।*

## ताहिर हुसैन की जमानत पर पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल उत्तर पूर्व दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित भूमिका के आरोप में जेल में कैद आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया।


हुसैन के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल की याचिका पर सुनवाई करते हुए जांच अधिकारी को स्थिति रिपोर्ट जमा करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि निचली अदालत ने हुसैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हुसैन ने एक दुकान में हुई लूटपाट के सिलसिले में दायर प्राथमिकी के मामले में जमानत देने का अनुरोध किया है।

## दिल्ली दंगे: सुनियोजित साजिश, अल्पसंख्यकों के मन में डर और असुरक्षा पैदा करना : दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली दंगों के मामले में यहां एक अदालत में दायर अपने पूरक आरोपपत्र में पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने हाल के दंगों में मानवता के खिलाफ अपराध किया जिसे बेहद बर्बर, विकृत और नृशंस तरीके से अंजाम दिया गया।

इस आरोपपत्र में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद और जेएनयू छात्र शरजील इमाम का भी आरोपियों के तौर पर नाम है। इसमें कहा गया है कि इस गैरकानूनी कृत्य को अंजाम देने के लिए आरोपियों के बीच गुपचुप सहमति थी। इसमें कहा गया है कि



सुनियोजित अभियान के तहत उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के दिमाग में डर और असुरक्षा की भावना पैदा की। पुलिस ने रविवार को दायर आरोपपत्र में दावा किया, आरोपी व्यक्तियों द्वारा बेहद बर्बर, विकृत और नृशंस तरीके से इस अपराध को अंजाम दिया गया।

निर्दोष और असहाय लोगों को इस खतरनाक तथा खौफनाक अपराध में निशाना बनाया गया। लोगों की जान गई। इसने आरोपपत्र में दावा किया, आरोपियों ने मानवीय मूल्यों के प्रति पूर्ण अनादर दिखाया और उनके भ्रष्ट, क्रूर तथा साजिशपूर्ण दिमाग से यह साजिश उपजी।

आरोपियों ने मानवता के खिलाफ अपराध को अंजाम दिया। इसमें आगे कहा गया कि आपराधिक साजिश जारी रही और इसे पुलिस के खुलासे तथा आरोपियों की गिरफ्तारी से झटका लगा लेकिन यह न तो बंद हुई और न ही इसे छोड़ा गया। 24 फरवरी को सीएए के समर्थकों और विरोधियों के बीच झड़प के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी जिसमें कम से कम 53 लोगों की जान चली गई थी और 200 अन्य घायल हुए थे।

## राजधानी में किसानों के प्रदर्शन पर रोक

### पांच राजमार्गों से आ रहे प्रदर्शनकारियों के अनुरोध को कोविड-19 के चलते दिल्ली पुलिस ने किया खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन के लिए विभिन्न किसान संगठनों से मिले सभी अनुरोधों को खारिज कर दिया है।

● पांच सौ किसान संगठन का मिला साथ

पुलिस ने मंगलवार को कहा था कि कोविड-19 महामारी के बीच किसी प्रकार का जमावड़ा करने के लिए शहर आने पर प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली चलो मार्च के



सिंधु-नरेला बॉडर पर बेरिकेट लगाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती पुलिस।

तहत शहर को जोड़ने वाले पांच राजमार्गों के जरिए किसानों के 26 नवंबर को दिल्ली आने का कार्यक्रम है। दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस तरह के किसी भी जमावड़े के लिए अनुरोधों को खारिज कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त ने ट्वीट किया, 26 और 27 नवंबर को दिल्ली आने वाले किसान संगठनों के लिए सूचना...दिल्ली में 26 और 27 नवंबर को प्रदर्शन के लिए विभिन्न किसान संगठनों से मिले अनुरोधों को खारिज कर दिया गया है और इस बारे में आयोजकों को पहले ही अवगत करा दिया गया है। उन्होंने ट्वीट में कहा, कृपया दिल्ली पुलिस के साथ सहयोग करें और कोरोना वायरस महामारी के बीच दिल्ली में जमावड़ा ना करें।

ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कृषि कानूनों को वापस लिए जाने को लेकर दबाव बनाने के लिए अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति, राष्ट्रीय किसान महासंघ और भारतीय किसान यूनियन के विभिन्न धड़ों ने हाथ मिलाया है और एक संयुक्त किसान मोर्चा का गठन किया है। प्रदर्शन को 500 से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन मिला है। समन्वय बनाने के लिए सात सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई है। किसानों को आशंका है कि नए कानूनों से न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था खत्म हो जाएगी।



## नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से खोला मास्क बैंक

**नई दिल्ली।** टूटी चौक सादर बाजार में उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से मास्क बैंक खोला है। जरूरत मंद लोग यहां से नि:शुल्क मास्क ले सकते हैं। जो लोग दान करना चाहते हैं वे यहां मास्क दान भी कर सकते हैं। इस अवसर पर महापौर जय प्रकाश ने कहा कि उत्तरी निगम और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से प्रमुख बाजारों में मास्क बैंक खोलेंगे।

इसका मकसद गरीब लोगों को भारी भरकम जुर्माने से बचाना है। पार्षदों की मदद से निगम के 104 मास्क बैंक विकसित करेगा।

## दिल्ली में बनाए जा रहे है माइक्रो कंटेनमेंट जोन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच कुछ जिलों के अधिकारी सूक्ष्म निरुद्ध क्षेत्र बना रहे हैं जहां दो या अधिक संक्रमण के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि महामारी के बेहतर प्रबंधन के लिए ऐसा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर किसी क्षेत्र को तब निरुद्ध क्षेत्र घोषित किया जाता है जहां कोविड-19 के तीन या अधिक मामले सामने आते हैं। लेकिन यह ऐसा अभ्यास है जिसे जिले के अधिकारी जरूरत के आधार पर करते हैं। दिल्ली महामारी रोग कोविड-19 नियमन, 2020 में जिलाधिकारी को किसी क्षेत्र को सील करने, निरुद्ध क्षेत्र से आबादी के प्रवेश या निकासी को प्रतिबंधित करने और महामारी को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी किसी उपाय को लागू करने का अधिकार देता है।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दक्षिण पश्चिम और उत्तर पश्चिम जिलों में सूक्ष्म निरुद्ध क्षेत्र बनाए गए हैं, जबकि अन्य जिले भी बेहतर तरीके से वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लचीला रूख अपना रहे हैं। जिलाधिकारी ने जिले में कोरोना वायरस फैलने को देखते हुए सूक्ष्म निरुद्ध क्षेत्र बनाने का आदेश रविवार को जारी किया। आदेश में कहा गया, बीमारी को और फैलने से रोकने के लिए आदेश दिया जाता है कि एक ही घर, भवन या आसपास के क्षेत्र में कोविड-19 के दो या अधिक मामले सामने आने पर सूक्ष्म निरुद्ध क्षेत्र बनाया जाए।

# स्वच्छता के प्रति जागरुकता को गुरुग्राम नगर निगम ने शुरू किया थ्री-बिन सेल्फी ड्राइव

## तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी लेकर भेजें, सम्मान में निगम देगा प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।



स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम ने थ्री-बिन सेल्फी ड्राइव या तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी अभियान शुरू किया है। इस दौरान लोगों को अलग-अलग कचरा डालने के लिए घर, दफ्तर में रख गए तीन डस्टबिन के साथ सेल्फी लेकर निगम को भेजनी होगी। सेल्फी भेजने वालों को नगर निगम गुरुग्राम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगा। बुधवार को नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 20 बेहतरीन सेल्फी को अलग से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन के तहत 4आर अर्थात रिड्यूज, रियूज, रिकवर एवं रिसाइकिल की नीति के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नागरिकों को प्राथमिक स्तर पर ही कचरे को कम करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि लैंडफिल साईट तक केवल इनर्ट की पहुंचे। नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह के मुताबिक थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव के तहत नागरिकों को कचरा अलग-अलग करने और तीन डस्टबिन के साथ एक सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा तथा पीले रंग के डस्टबिन में घरेलू हानिकारक एवं चिकित्सा संबंधी कचरा अलग-अलग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा उन सभी जिम्मेदार नागरिकों को प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे, जो देशहित में अपने शहर के कचरे को कम करने की दिशा में मदद करेंगे। उन्होंने गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर अपने गुरुग्राम को सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अपना योगदान दें।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार के अनुसार गुरुग्राम के सभी नागरिक इस थ्री-बिन सेल्फी ड्राईव में हिस्सा लें। प्राथमिक स्तर पर ही कचरे को कम करने के लिए 4 आर नीति को अपनाएं। सेल्फी अपलोड करने के लिए http://bit.ly/tribinggm लिंक का इस्तेमाल करें।

# हरियाणा के युवा घर बैठे कर सकेंगे विदेशी मुद्रा में कमाई

## इस कार्य के प्रशिक्षण को द्रोणाचार्य महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत

**राज्य के पांच महाविद्यालयों में प्रोजेक्ट के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को देंगे प्रशिक्षण**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता।

**हरियाणा** के युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने को बुधवार को गुरुग्राम के द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय समेत प्रदेश के पांच महाविद्यालयों में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता की द्वारा गुरुग्राम में की गई। इस सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा घर बैठे ही विदेशी मुद्रा में कमाई कर सकेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को ही मौका दिया जा रहा है।

हरियाणवी युवाओं को रोजगार दिलाने के मामले में एक अहम कदम उठाते हुए पब्लिक पायलट प्लेटफार्म प्रोजेक्ट की शुरुआत दिसंबर महीने में ट्रेनिंग देने के लिए राज्य के पांच महाविद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था। प्रथम चरण में प्रदेश के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-1 पंचकूला, पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करनाल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिसार तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-16 फरीदाबाद में युवाओं को कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को ऐसी ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे हरियाणा के युवा घर बैठे विदेशी मुद्रा में भी कमाई कर सकेंगे।

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हुए हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अंकुर गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार व हरियाणा सरकार युवाओं को स्वरोजगार/उद्यमिता तथा रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप नीति पर बल दे रही है। इसी नीति के अनुरूप हरियाणा का उच्चतर शिक्षा विभाग अपने शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्टअप-इकोसिस्टम बनाने के लिए दिसम्बर से समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। द्रोणाचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-कर्मा सेंटर की शुरुआत से इस कदम को और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग ने हरियाणा के बेरोजगार युवाओं को फ्रीलांसिंग प्लेटफार्म से ट्रेनिंग देने के लिए ऐपवर्क्स आईटी सोल्यूशन को इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में चयनित किया गया था। लॉक डाउन में भी यह प्रोजेक्ट सुचारू रूप से कार्य करता रहा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों के उद्यमिता के अवसरों को बढ़ाया जाएगा, बल्कि प्रदेश में विदेशी मुद्रा की आमद भी बढ़ेगी। अधिकांश फ्रीलांसिंग पोर्टलों से आय विदेशी मुद्रा में ही आती है। इस मौके पर अरुण जोशी डिप्टी डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, पूजा खुल्लर प्रिंसिपल द्रोणाचार्य कालेज व गगन भार्गव ऐप वर्क्स आईटी सोलुशन से मौजूद रहे।

# कैनविन का कमाल : चार महीने में 205 लोगों से डोनेट कराया प्लाज्मा



गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड एवं प्लाज्मा बैंक में प्लाज्मा डोनेट कराते कैनविन फाउंडेशन की टीम के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था कैनविन फाउंडेशन उन लोगों के लिए रामबाण साबित हो रही है, जो लोग कोरोना संक्रमित हुए। उन्हें प्लाज्मा की जरूरत पड़ी तो कैनविन की टीम दिन-रात उनकी सेवा में खड़ी रही और खड़ी है। संस्था के सकारात्मक प्रयासों से ही प्लाज्मा बैंक की स्थापना से अब तक 4 माह में 205 लोगों के प्लाज्मा डोनेट करवा दिए गए हैं। संस्था के इस अनुकरणीय कार्य की खूब सराहना हो रही है। शहर के कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड बैंक में प्लाज्मा बैंक की स्थापना 30 जुलाई को की गई थी। स्थापना के दिन ही कैनविन फाउंडेशन ने कोरोना से ठीक हुए 4 लोगों का प्लाज्मा डोनेट कराया। इस कार्य की जिला उपायुक्त अमित खत्री व सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने टीम को प्रेरित किया है। रोटरी ब्लड एवं प्लाज्मा बैंक के इंचार्ज सुनील तनेजा भी पूरी तन्मयता से इसमें सहयोग कर रहे हैं।

प्लाज्मा बैंक की स्थापना होने के बाद कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि संस्था के प्रयासों से अब तक 205 लोगों का प्लाज्मा डोनेट कराया जा चुका है। जिले में कुल 332 प्लाज्मा डोनेट हुए हैं। डीपी गोयल व नवीन गोयल ने कहा है कि करो प्लाज्मा दान-बचाओ किसी की जान। उन्होंने कहा कि कोरोना की अभी तक दवाई नहीं आई है।

इसलिए आज इंसान ही इंसान के ईलाज का माध्यम बना हुआ है। कोरोना से ठीक हुए व्यक्ति द्वारा दिया गया प्लाज्मा कोरोना संक्रमितों के उपचार में काम आ रहा है। इसके काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसलिए सभी सामाजिक संस्थाओं से भी उनकी अपील है कि वे प्लाज्मा डोनेट कराने में अपनी भूमिका निभाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडी अकादमी ने बीपीटी को 290 रनों से हराया




**गुरुग्राम।** रवि शर्मा क्रिकेट अकाडमी और राईजिंग स्पोर्ट्स अरीना द्वारा सेक्टर-64 में चल रहे राव गंगा बिशन अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सीडी क्रिकेट अकाडमी ने बीपीटी अकाडमी को हराया। इस मैच में सीडी अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान 406 रनों का विशाल शकोर खड़ा किया। जिसने दिशांत यादव ने मात्र 80 बाल पर 137 रन बनाए। इसके अलावा रजनीश ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 102 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। अंत में बल्लेबाजी करने उतरे मुकुल भारद्वाज ने मात्र 29 गेंदों पर नाबाद 70 रनों की पारी खेली। बीपीटी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए उज्जवल और तुषार शर्मा को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीपीटी शुरुआत अच्छी नहीं रही। पूरी टीम मात्र 131 पर आउट हो गयी।

### नूंह जिले में 30 नवंबर तक धारा 144 लागू

**नूंह।** जिलाधीश धीरेन्द्र खड़गटा ने रोडवेज कर्मचारी यूनियनों की 26 नवंबर की प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछित तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। जिलाधीश द्वारा पारित ये आदेश 30 नवंबर तक लागू रहेंगे। जिलाधीश ने हड़ताल के दौरान पैदा होने वाली संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से सामान्य बस संस्थान नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू के आस-पास के क्षेत्र से 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये आदेश पुलिस व अन्य सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों जोकि अपनी ड्यूटी पर तैनात होंगे उन पर लागू नहीं होंगे। जिलाधीश ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंड का भागी होगा।

### कांग्रेस नेता अहमद पटेल का कोरोना से गुरुग्राम में निधन

गुरुग्राम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद अहमद पटेल का 71 साल की उम्र में बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में निधन हो गया। उनके बेटे फैजल ने ट्वीट करके उनके निधन की जानकारी दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत देश के तमाम बड़े राजनेताओं ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। अहमद पटेल करीब एक माह पूर्व ही कोरोना से संक्रमित हुए थे। खुद उन्होंने 1 अक्टूबर को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा था कि-मैं कोरोना पॉजिटिव हुआ हूं। मैं निवेदन करता हूं कि जो मेरे नजदीकी संपर्क में आए हैं, वे खुद को आइसोलेट कर लें। इसके बाद उन्हें मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। दिन-प्रतिदिन की उनकी सेहत खराब होती ही गई। कुछ खास सुधार नहीं हो पाया। लगभग सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। फिर भी सेहत में सुधार की उम्मीदों के बीच उन्हें आईसीयू में रखा गया। तमाम प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे उनका इंतकाल हो गया। बेटे फैजल ने बहुत ही भावुक ट्वीट करके कहा कि-उनके पिता के अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जिस कारण से उन्हें बचाया नहीं जा सका। खुद उन्हें जन्नत दे। फैजल पटेल ने लोगों से अपील की है कि कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करें। अधिक भीड़ इकट्ठा न करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

### लापता युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**पलवल।** पलवल के गांव कारना से 10 दिन पूर्व लापता हुए युवक का शव खेतों में स्थित कुंए से बरामद हुआ है। युवक के सिर में गोली मारी हुई थी। सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। शव को कुंए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। डीएसपी यशपाल खटाना के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गांव कारना से ककराली की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक कुंआ है, जिसमें किसी का शव पड़ा हुआ है। मृत युवक की पहचान गांव कारना निवासी 21 वर्षीय प्रवीण के रुप में हुई। प्रवीण गोवर्धन पर्व वाले दिन घर से बगैर कुछ बताए कहीं चला गया था। जिस संबंध में उसके भाई अनिल की शिकायत पर 17 नवम्बर को गुमशदी का मामला दर्ज किया गया था। मृतक प्रवीण के सिर में गोली लगी हुई है। इसी के साथ ही मृतक के परिजनों ने भी हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सात आरोपियों ने तावडू थाने में किया आत्मसमर्पण

**तावडू।** पुलिस द्वारा चलाई गई न्याय आपके द्वार मुहिम के तहत बुधवार को 6 आरोपियों ने पुलिस थाने में पहुंचकर आत्मसमपज़्ण कर दिया। इसके अलावा विभिन्न मामलों में फरार चल रहे कुल सात आरोपियों ने पुलिस के समक्ष इस सप्ताह में आत्मसमर्पण किया है। तावडू सदर थाना प्रभारी आईपीएस हेमेंद्र मीणा ने बताया कि फकरू उर्फ फखरूद्दीन पुत्र रजाक निवासी पचगांवा थाना तावडू एक वांछित अपराधी था। वह तावडू सदर थाने में 2015 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इन मामलों में वे वांछित अपराधी था। जिसने बुधवार को न्याय आपके द्वार मुहिम के तहत थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# नगर परिषद को 35 लाख रुपये की कमाई प्रॉपर्टी टैक्स से हुई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**छूट योजना के दौरान परिषद को हुई थी 55 लाख रुपये के करीब आय**

**नवंबर** माह में भी नगर परिषद ने अपने प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में अच्छी खासी रकम की कमाई की है। नवंबर माह में परिषद को 35 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में कमाई हुई है। अपने प्रॉपर्टी टेक्स की वसूली करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही नगरपरिषद को लाभ मिलने लगा है। 31 अक्टूबर तक प्रदेश सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स में दी गई छूट योजना के दौरान परिषद को 55 लाख रुपये के करीब आय हुई थी। एक नवंबर से प्रदेश सरकार की छूट की योजना समाप्त होने के बाद से परिषद अपने ही दम पर प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली कर रही है। जिसमें एक नवंबर से 20 नवंबर तक परिषद ने बकायादारों से 35 लाख 84 हजार रुपये की वसूली की है। जिसमें सबसे ज्यादा 10 लाख रुपये के लगभग की राशि रहेजा से प्राप्त हुई है। परिषद अब तक बकाया प्रॉपर्टी टेक्स में से 90 लाख 84 हजार रुपये की वसूली करने में सफल रही है।

**नये आबादी क्षेत्र से भी वसूली**

परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद सीमा क्षेत्र में नवनिर्मित रिहायशी सोसायटियों को भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के नोटिस दिए जा रहे हैं। ताकि परिषद को प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली समय पर हो सके।

**संपत्ति सील होने का डर**

प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने की नोटिस समय सीमा के बाद परिषद ने सम्पत्ति सील करने के नोटिस जारी कर दिए हैं। सम्पत्ति सील होने के भय से सोसायटी मालिकों से लेकर निजी सम्पत्ति मालिकों में हड़कंप मच गया है। जो सील होने के डर से अपना बकाया टैक्स को जमा कराने के लिए आ रहे है।

# पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने बिना अनुमति खोद डाली सड़क

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



सड़क की खुदाई करती पब्लिक हेल्थ विभाग की जेसीबी

**फिरोजपुर** झिरका उपमंडल के गांव पाठखोरी में पब्लिक हेल्थ अधिकारियों ने पाइप लाइन बिछाने के लिए गुरुग्राम-अलवर हाईवे से पाठखोरी जाने वाली सडक को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की बिना अनुमति खोद डाला। लोगों ने जब इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई तो पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने अधूरा काम छोडकर जेसीबी को बंद करा दिया और अनुमति के प्रयास के लिए कोशिशें शुरु कर दी है।

पाठखोरी निवासी साजिद हुसैन, हमीदा ने बताया कि रैनीवेल परियोजना के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा सड़क की खुदाई की गई है, जिसे बिना अनुमति और नियमानुसार नहीं खुदवाया गया है। उन्होंने कहा कि जब विभागीय अधिकारियों से कहा सुनी की गई तो काम को बंद किया गया। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ आस मोहम्मद ने स्पष्ट कहा है कि पब्लिक हेल्थ के किसी भी अधिकारी ने उनसे सड़क को खोदने से पहले किसी तरह की कोई अनुमति नहीं ली है। वहीं इस मामले में पब्लिक हेल्थ के जेई वली मोहम्मद का कहना है कि काम को बंद करा दिया गया है, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में बात की जा रही है।

## देवउठनी एकादशी और तुलसी पूजन हुआ

**गुरुग्राम।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देवउठनी एकादशी व तुलसी पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, सूर्य विहार का माता वैष्णो मंदिर, गीता भवन, सुदर्शन माता मंदिर, सिद्धेश्वर, भूतेश्वर, घंटेश्वर आदि मंदिरों तुलसी पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु शामिल हुए।

## शहीद जगनलाल के नाम पर होगा बिस्सर कॉलेज: यादव

**तावडू।** गिरता है शहीदों का रक्त जहां वह ठोर तीर्थ कहलाते हैं, ये रक्त बीज अपने जैसों की नई फसल दे जाते हैं। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ओमप्रकाश यादव ने गांव बिस्सर में शहीद जगनलाल की मूर्ति के अनावरण के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल द्वारा लिखी कविता को दोहराया। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा है कि गांव के शहीद जगनलाल व महेंद्र सिंह का जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने उनके समक्ष शहीद जगनलाल के नाम पर गांव के कॉलेज व गांव की दो सड़कों का नाम रखने की वे सरकार से पैरवी करेंगे। सोहना के विधायक संजय सिंह ने कहा कि जिस देश में शहीदों व राष्ट्रनायकों का समुचित सम्मान होता है वही राष्ट्र जीवंत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में देश के लिए शहीद होने वाले गांव बिस्सर के लाल जगनलाल का जीवन हमें युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।



# डालमिया ने कोविड के मामले में भारत और आयुर्वेद को दुनिया में पहचान दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। नोयडा

**आस्था-15 कोविड-19 के मरीजों के तीव्र स्वास्थ्यलाभ में मदद करती हैं**

**कोरोना** महामारी के दौर में भारत के लिए गर्व का क्षण आया है। डालमिया हैल्थकेयर लिमिटेड जल्द ही 15 औषधियों से बनाए गए एक पॉलीहर्बल फॉर्मुलेशन की घोषणा करेगा। आस्था-15 नामक यह दवाई कोविड-19 का इलाज करती है और आयुष, आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आम इलाज के लिए अनुमोदित है।

यह आयुर्वेदिक पॉलीहर्बल कैप्सूल (भारतीय चिकित्सा प्रक्रिया) कोविड से पीड़ित मरीजों को एक सुरक्षित व प्रभावशाली आयुर्वेदिक फॉर्मुलेशन देने के लिए विकसित किया गया है और इसने शानदार परिणाम प्रदर्शित किए हैं।

संजय डालमिया, चेयरमैन, डालमिया ग्रुप ऑफ कंपनीज़ ने कहा, ''यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। हमारे घरेलू आयुर्वेद और डालमिया हैल्थकेयर लिमिटेड ने कोविड मरीजों में सांस की समस्याओं के प्रभावशाली इलाज के लिए आस्था-15 का विकास किया।'' उन्होंने कहा, ''डालमिया के शोध खंड, डालमिया सेंटर फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट (डीसीआरडी) ने इस पॉलीहर्बल मिश्रण, आस्था-15 का विकास गहन व विस्तृत शोध के बाद किया है।'' डालमिया ने बताया, ''हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आस्था-15 के क्लीनिकल परीक्षण में खांसी, खराश में काफी कमी देखने को मिली और कोविड-19 के मरीजों की सांस की क्रिया में सुधार होने के साथ उन्हें तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिला तथा इलाज के दौरान उनकी जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ।'' आस्था या 'विश्वास' नामक, आस्था-15, आयुर्वेदिक इलाज में विश्वास पुनः स्थापित कर रही है। यह दवाई ब्रोंकोडाईलेटर, डिकॉन्जेस्टैंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी एवं लंग डिटॉक्सिफायर के रूप में काम करती है।

यह संक्रमण को दूर कर एलर्जिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करती है। यह सांस की नली एवं फेफड़ों की पेशियों की सतह पर जमे म्यूकोसा को प्रभावित करती है। इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रभाव हैं तथा यह फेफड़ों में इन्फ्लेमेशन और कॉन्जेस्शन को दूर करती है। इसका निरंतर उपयोग फेफड़ों व पेशियों की सतह को होने वाली क्षति को कम करता है और उनमें उत्पन्न हो चुकी विकृति को पुनः ठीक करता है। कोविड-19 के मरीजों में पाई जाने वाली इन सभी समस्याओं का इलाज आस्था-15 से हो सकता है, इसकी पुष्टि हो चुकी है।

# 14 पंचायतों में लाल डोरा समाप्त प्रक्रिया शुरू

**सोहना।** पंचायत विभाग ने दूसरे चरण में खंड के 15 गांवों में लाल डोरा समाप्त करने की प्रक्रिया कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे कराने के बाद गांव के सार्वजनिक स्थानों पर अवलोकन के लिए चस्पा दिया है। सोहना की 14 ग्राम पंचायतों के 15 गांवों में लाल डोरा समाप्त किए जाने की प्रक्रिया को लेकर सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। 23 दिसम्बर तक ग्राम पंचायतों में लाल डोरा के अंदर रहने वाले नागरिकों से दावे और आपत्तियां मांगी गई है।

सर्वे ऑफ इंडिया की टीम द्वारा किया गया सर्वे के बाद अवलोकन कर दिया है। सर्वे का अवलोकन ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राम सचिवालय व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दिया गया है। यह सर्वे कार्य सर्वे ऑफ इंडिया के माध्यम से किया है। इससे पहले खंड की 6 ग्राम पंचायतों के 11 गांवों में लाल डोरा समाप्त करने के बाद ग्रामीणों को मालिकान हक दिला दिया गया है। तीसरे चरण में खंड की शेष ग्राम पंचायतों में सर्वे करने के बाद लाल डोरा समाप्त करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा।

**कौन-कौन सी पंचायतों का हुआ सर्वे**

पंचायत विभाग के खंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में ग्राम पंचायत बाईखेड़ा, लोहसिंघानी, घंघौला, कुलियाका, सतलाका, सरमथला, भोंडसी, हरियाहेड़ा, हाजीपुर, सिलानी, सांचौली, घामडौज, अलीपुर व लाला खेड़ली शामिल है।

**23 दिसम्बर तक मांगीं दावे और आपत्तियां**

खंड विकास एवं पचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि दर्ज कराए जाने वाले दावे आपत्तियों पर 24 दिसम्बर को ग्राम पंचायत में समाधान किया जाएगा। ताकि समस्याओं का समाधान ग्राम सचिव व ब्लॉक पटवारी द्वारा किया सके।

# सैनी इंडिया ने भारत में पार किया 15000 मशीनों के निर्माण का आंकड़ा

पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली।




निर्माण उपकरण और हैवी मशीनरी बनाने वाली अग्रणीय कंपनी - सैनी इंडिया ने अपने भारत स्थित प्लांट से हाल ही में 15000 मशीन निर्माण का आंकड़ा पार किया। कंपनी ने भारत व दक्षिण एशिया में 36 डीलरों और 150 से भी अधिक कस्टमर टच प्वाईंट नेटवर्क का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। बाजार में पहुंच एवं लोकप्रियता दोनों मानकों पर दबदबा बढ़ाया है।

इस अवसर पर बात करते हुए दीपक गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर, सैनी इंडिया, साउथ एशिया ने कहा, 'हम इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाते हुये अत्यंत खुश हैं। 15000 मशीन का उत्पादन करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो स्थानीय निर्माण उपकरण बाजार के लिये हमारी प्रतिबद्धता और ग्राहकों के विश्वास पर खरे उतरने की पुष्टि करता है। यह हमारे विकास की क्षमता का प्रमाण है और हमें आगामी प्रोडक्ट रेंज में नई-नई तकनीकियां पेश करते रहने को प्रोत्साहित करता है।

सैनी हैवी इंडस्टी इंडिया प्राइवेट लिमेटिड के एससीएम, आपरेशंस और आरएंडडी के सीनियर वाईस प्रेजीडेंट श्री महेश त्रिपाठी ने साझा किया कि पहली पांच हजार मशीनों को बनाने और बेचने में कंपनी को आठ से भी अधिक साल का समय लगा लेकिन अगली दस हजार मशीनों को बनाने और बेचने के लिये सिर्फ चार साल का समय लगा।

सैनी इंडिया ने पहली बार वर्ष 2009 में ठोस उपकरणों के साथ स्थानीय विनिर्माण की शुरुआत की थी और उस दिन से ही स्थानीकरण (लोकलाईजेशन) का प्रमुख उदेश्य रहा है। ब्रांड ने 2014 में एक्सक्रेटर्स के सिर्फ तीन मॉडलों से आज एक्सक्रेटर्स के 16 मॉडल के निर्माण का एक लंबा सफर तय किया है। इसके साथ ही ट्रक क्रेन के 7 मॉडल भार में निर्मित किये जा रहे हैं। कंपनी ने कंक्रीट उपकरण उत्पाद पोर्टफोलियो में लोकल बूम पंप्स, ट्रांजिट मिक्सर ट्रक और ट्रेलर पंप का भी स्थानीकरण किया है। सैनी इंडिया आज अपनी भारतीय प्लांट में निर्माण उपकरण के लगभग 45 मॉडल बना रही है। सैनी इंडिया शुरु से ही 'वोकल फॉर लोकल' अमल में ला रहा है। यहां यह बताना उचित होगा कि सैनी इंडिया स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये मशीनों के कलपुर्जे स्थानीय विक्रेताओं से खरीदता है। सैनी इंडिया ने बिक्री और सेवाओं से संबंधित सभी सवालो के लिये एक टोल फ्री नंबर 1800209337 स्थापित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जूम प्लेटफार्म पर 9वें डीएलएफ बिजनेस समिट 2020 का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन 27 नवम्बर को जूम प्लेटफार्म पर 9वें डीएलएफ बिजनेस समिट 2020 का आयोजन कर रही है। एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने बताया कि एमएसएमई और कोविडएबिल्टी-लिविंग विद कोविड विषय पर आयोजित इस समिट में महाप्रबंधक व रीजनल हैड नई दिल्ली डॉ. एसएस आचार्य मुख्यातिथि होंगे, जोकि सिडबी व सरकार द्वारा एमएसएमई सैक्टर को दी जाने वाली सुविधाओं पर जानकारी देंगे। मल्होत्रा ने बताया कि कोविडबिल्टी-स्किल सैट फॉर एमएसएमई विषय पर डीके बख्शी, सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय वक्ता वर्तमान परिवेश के अनुरूप उपस्थितजनों को कोविड से संबंधित व्याख्यान देंगे। पीजीआईएमएस रोहतक में कोविड-19 वैक्सीन की प्रिंसीपल इन्वेटीगेटर डॉ. सविता वर्मा, वैक्सीनेशन की स्थिति व ट्रायल के संबंध में बताएंगी, जबकि एमएसएमई इंटरनेशनल चैम्बर के चेयरमैन रविन्द्र नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजैक्ट आत्मनिर्भर भारत में एमएसएमई सैक्टर की भूमिका पर चर्चा करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव विजय राघवन ने बताया कि एसोसिएशन की 18वीं वार्षिक आम सभा भी 27 नवम्बर को आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि डा. आचार्य व बीके बख्शी एसोसिएशन के समिट सोविनार का लोकार्पण करेंगे।

### बच्चों को ढूंढ परिवार की खुशियां लौटा रही पुलिस

**फरीदाबाद।** लापता बच्चों को ढूंढने में आजकल फरीदाबाद पुलिस अच्छी खासी सतर्क है, बच्चों के गमशुदगी के मामले पुलिस की प्राथमिकता पर है। घटना की सूचना मिलते ही प्रयास शुरू कर दिए जाते है, इसमें तकनीकी मदद के साथ ही मुखबिरों की भी मदद ली जाती है। तकनीकी मदद से हाल के दिनों में कई गुमशुदा बच्चो को पुलिस ने उनके परिजनों से मिलाया है। दरअसल ज्यादतर बच्चे अपनी अनुचित मांग नहीं माने जाने, परीक्षा में कम अंक आने, परिजनों की डांट अथवा अन्य कारणों से खुद घर छोड़कर चले जाते है। वही, कुछ बच्चे लापता हो जाते है और अपने परिवार से बिछड़ जाते है। कुछ मामलो में ही बच्चो के अगवा करने के मामले में मानव तस्करों की भूमिका सामने आती है, तस्कर बच्चो से भीख मंगवाने के अलावा नाबालिग बच्चियों से गलत काम तक करवाते है, लेकिन, फरीदाबाद में इस तरह की घटना ना के बराबर है, बावजूद इसके बच्चों के मामले में पुलिस की जांच में कोई कमी ना छोड़ी जाए इसके लिए फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखा है। पुलिस की सतर्कता के कारण गत दिनों कई बच्चो को सकुशल बरामद किया गया है। गुमशुदगी का ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें नाबालिग 8 साल की बच्ची को फरीदाबाद पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाया है, आपको बताते चले कि फरीदाबाद पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रेलवे चाइल्डलाइन आगरा द्वारा एक सूचना प्राप्त हुई कि एक नाबालिग आठ साल की बच्ची जो अपने आप को कृष्णा कॉलोनी फरीदाबाद की रहने वाली बता रही है और आगरा रेलवे स्टेशन पर घूमती मिली है।

### आज है राष्ट्रव्यापी हड़ताल सभी तैयारियां पूरी

**फरीदाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सभी तैयारियां पूरी है। ऐतिहासिक अभूतपूर्व होने के साथ-साथ हड़ताल का होगा व्यापक असर रहेगा। यह दावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव सतीश सेठी ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को होने वाली राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की सभी तैयारियां पूरे प्रदेश में सम्पन्न कर ली गई है। जिसमें सभी सरकारी व अर्ध सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डो, नगरपालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों, यूनिवर्सिटीयो एवं स्कूलों के हजारों कर्मचारी, अध्यापक, परियोजना कर्मी एवं मजदूर भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे। आम हड़ताल का आह्वान केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संगठनों की फेडरेशनों ने संयुक्त रूप से की है। शास्त्री व सेठी ने कहा कि सरकार को तानाशाही रवैया त्यागकर कर्मचारियों, मजदूरों और किसानों से वार्ता करके मांगों का समाधान करना चाहिए।

# शादियों में खूब उड़ी कोविड गाइडलाइंस की धज्जियां

### बाजारों में भीड़ , पुलिस दिखी सख्त

**कविता।** फरीदाबाद



**कोरोना** महामारी के बीच पुलिस द्वारा सख्ती बरतते हुए बिना मास्क लोगों के चालान काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर में बुधवार को हुई शादियों में बिना मास्क लगाए लोग नजर आए। सरकार ने शादी में 50 से 100 लोगों को एकत्रित करने की परमिशन दी है, लेकिन शहर में इन आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शादी समारोह में लोगों को कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देखा गया।

**कट रहे चालान**

शादी ब्याह में पहुंचने से पहले पुलिस के डर से लोग रास्ते में तो मास्क पहने रहे हैं, लेकिन विवाह स्थल पर कोरोना के खतरे को भूलकर कोविड-19 की गाइडलाइन को ताक रखकर मस्ती करते रहे हैं। शहर में पुलिस द्वारा सख्ती के साथ चालान काटे जा रहे हैं। जिसमें बिना मास्क के लोगों के चालानों की संख्या अधिक है। ऐसे में लोग सड़क पर दिखाने के लिए मास्क पहन रहे हैं, लेकिन कार्यक्रमों में मास्क को साइड करते नजर आ रहे हैं।

**यह रही खामियां**

एक दिन पहले मैरिज गार्डन में होने वाली शादियों को लेकर प्रशासन ने भले ही सख्ती बरती हो, लेकिन घर में होने वाली शादियों को लेकर सख्ती नहीं है। गार्डन में प्रवेश करने वाले को मास्क व सैनिटाइजर अनिवार्य किया था। किसी को बिना मास्क प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लेकिन घरों के भीतर हुई शादियों में यह नियम टूटते नजर आए। वहीं सामुहिक विवाह समारोह में भी भीड़ नजर आई।

**संक्रमण का डर**

जिले में शादियों के लोग बाजार में बेरोकटोक नियमों को ताक पर रखकर घूम रहे है। जिनके चेहरे पर मास्क तक नहीं है। देवउठनी एकादशी से शादियां होने से बाजार में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। मिष्ठान, आभूषण, कपड़े के व्यापारियों ने तो इस बार ग्राहकों को लुभाने के लिए नई-नई वेरायटियां उतारी है और ऑफर भी दे रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि सप्ताह भर से व्यवसाय में तेजी आई है। लेकिन इस बाजार में कोरोना से बचने के लिए के सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में एक बार फिर कोरोना फैलने का डर बना हुआ है।

**जगह-जगह जाम**


शहर में शादियों के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों, गलियों, हाइवे समेत फ्लाईओवरों पर जाम लगा हुआ नजर आया। भीड़ में 5 मिनट वाला रास्ता 15 से 30 मिनट का हो गया। जिससे लोगों को भारी परेशानियां हुई और इससे कोरोना का खतरा बढ़ता नजर आया।

### अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ने अदालत से अलग-अलग मुकदमों में गैर-हाजिर चल रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में सलीम, खालिद और सुनील का नाम शामिल है। आरोपी सलीम उर्फ सल्लम पुत्र जाकिर हुसैन गांव धौज, फरीदाबाद का रहने वाला है जो थाना एनआईटी में चोरी की धारा के तहत दर्ज मुकदमा नंबर 67/2016 में अदालत से लगातार जानबूझकर गैरहाजिर चल रहा था जिसके चलते अदालत ने इसे अपराधी घोषित कर दिया था। जिसे क्राइम ब्रांच 85 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खालिद पुत्र गफ्फार भी गांव धौज, फरीदाबाद का रहने वाला है जिसपर वर्ष 2018 से चेक बाउंस का केस चल रहा था

# कोविड-19 : शहर में लगे 26 कैम्पों में 300 लोग पॉजिटिव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना को लेकर अब सर्तक हो गया है। जिसे देखते हुए बुधवार को विभाग की तरफ से 26 स्थानों पर कोविड-19 जांच शिविर लगाए। जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 300 लोग पॉजिटिव पाए गए। यह सभी सैम्पल विभाग की मोबाइल टीमों, विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों और सिविल अस्पतालों की टीम द्वारा लिए गए।

**अधिक सैम्पल का लक्ष्य**

पिछले दिनों स्वास्थ्य निदेशक ने वीके बंसल ने जिले में दौरा करके अधिक से अधिक सैम्पल लेने के निर्देश जारी किए थे। जिसे देखते हुए विभाग की तरफ से पहले तो बॉर्डर पर रैंडम सैम्पलिंग का कार्य शुरू किया गया था। विभाग की तरफ से जिले के 26 स्थानों पर जांच शिविर लगाकर सैम्पल लिए गए। जिसमें अधिक से अधिक सैम्पलिंग का लक्ष्य रखा गया।

**नौ हजार में 300 पॉजिटिव**

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमितों की पहचान कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोरोना जांच शिविर आयोजित किए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाम पांच बजे तक नौ हजार सैम्पल लिए। इनमें 5 हजार आरटीपीसीआर सैंपल थे, जबकि 4 हजार रैपिड एंटीजन टेस्ट थे। इनमें से करीब 300 सैंपल की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इनमें से अधिकतर संक्रमित बिना लक्षण वाले थे। 60 वर्ष से अधिक एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे संक्रमितों को कोविड अस्पताल में, जबकि अन्य को डेडिकेटेड कोविड केयर केंद्रों एवं होम आइसोलेट किया गया है।

**दूर की परेशानी**

वहीं लैब टेक्नीशियन सतपाल एवं सुनील अत्री की टीम ने विभिन्न स्थानों पर जाकर शिविरों की निगरानी भी की। यदि कहीं पर शिविर को चलाने में परेशानी आई, तो उसे तुरंत किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रणदीप सिंह पूनिया ने बताया कि बिना लक्षण वाले संक्रमितों पर ढूंढने की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों के घरों पास एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाया था। उन्होंने बताया कि रैपिड एंटीजन टेस्ट में करीब 300 लोग संक्रमित पाए गए हैं, जबकि आरटीपीसीआर सैंपल की रिपोर्ट 24 घंटे बाद आएगी।

**यहां लगे शिविर**

जिले में 26 शिविर विभिन्न स्थानों पर लगे। जिसमें बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी, सेक्टर-23 स्थित यूपीएचसी, संजय कालोनी चौकी, सिंह सभा गुरुद्वारा एनआइटी एक, अभियंत क्लीनिक एनआइटी एक-दो चौक, गीता मंदिर एनआइटी एक, पीएनबी नेहरू ग्राउंड, नाथू सिंह चौक, सीएचसी तिगांव, चौपाल तिगांव मार्केट, मिर्जापुर रोड बस अड्डा, बस अड्डा बल्लभगढ़, अंबेडकर चौक, शिव दुर्गा विहार, सेक्टर तीन मार्केट, सेक्टर तीन, सुधा रस्तोगी डेंटल कालेज, सीएचसी खेड़ीकलां, खेड़ीपुल, भारत कालोनी, बीपीटीपी पुल, पाली क्रेशर जोन गुरुग्राम रोड, बदरपुर बार्डर, सीजीओ काम्प्लेक्स एनआइटी चार, डबुआ मंडी, पल्ला पुल पर शिविर लगाए गए।

### दो स्थानों पर लगाया जांच शिविर

**बल्लभगढ़।** एसडीएम अपराजिता ने आज बुधवार को स्थानीय डाक्टर भीमराव अम्बेडकर साहेब चौंक और बस स्टैंड परिसर से कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत व्यापारियों और आम जन तथा यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच शिविर का आयोजन किया गया। ये दोनों कोविड-19 जांच शिविर फरीदाबाद जिला मे कोविड-19 के बढ़ते प्रभावों को रोकने के लिए बल्लभगढ़ उपमंडल के अंतर्गत व्यापारियों, कर्मचारियों तथा आम जन हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर स्वस्थ विभाग की टीम, सीएमओ और एसएमओ डॉ मान सिंह की पहल पर बल्लभगढ़ के सभी व्यापारिक संगठनों के सहयोग से डाक्टर भीमराव अम्बेडकर साहेब चौंक पर व्यापारियों तथा आम जन और बस स्टैंड परिसर में यात्रियों का कोविड -19 का निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस कोविड जांच शिविर के लिए भी व्यापारी जगत के लोगों ने तथा आम जनता ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागीता कर अपनी कोविड-19 से जुड़े टेस्ट को करवाकर, इस जांच शिविर का लाभ लेते हुए दिखे।

# बहु तकनीकी संस्थानों में वंचित छात्रों को दाखिले का मौका

### ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन होगा और प्रवेश के अगले दिन जमा कर सकते हैं फीस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



राजकीय बहु तकनीकी उटावड़, मंडकोला तथा महिला बहु तकनीकी, फरीदाबाद में खाली पड़ी हुई सीटों को प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों में से मेरिट बनाकर दाखिला दिया जाएगा। चयनित छात्र एवं छात्राएं अगले दिन तक फीस भर सकते हैं।

प्रधानाचार्य, डॉ प्रताप सिंह चेची ने बताया कि अब तक राजकीय बहु तकनीकी संस्थान उटावड़ में 340 दाखिले हो चुके हैं तथा 80 सीटें रिक्त हैं। राजकीय बहु तकनीकी संस्थान मंडकोला में 236 सीटें भर चुकी है तथा एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया ब्रांच में सीटें रिक्त हैं। सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बताया जाता है कि वह दाखिला लेने के लिए किसी भी दिन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कोरोना संक्रमण के बीच जिले के राजकीय बहु तकनीकी उटावड़ एवं मंडकोला में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। सरकार द्वारा जारी सभी एसओपी एवं गाइडलाइंस के अनुसार कक्षाएं लगाई जा रही हैं तथा सभी कोविड-19 के मापदंडों को अपनाकर कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

साथ ही सभी विद्यार्थियों को कम से कम दो गज की दूरी पर बिठाया जा रहा है तथा सभी अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी छात्र एवं छात्राओं को बिना मास्क कक्षाओं में न बिठाया जाए। प्रतिदिन पूरे संस्थान को सैनिटाइज करवाया जाता है।

# आंदोलन में व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस सतर्क

### 15 सौ से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



विभिन्न किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित दिल्ली चलो आह्वान के संबंध में दिल्ली मे प्रवेश करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने ट्रेवल एडवाइजरी जारी की है जिसमें बताया गया है कि आगामी 25,26,27 नवंबर को फरीदाबाद से दिल्ली में प्रवेश करने वाले स्थानों पर यातायात-अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है।

जैसा कि विदित है कि विभिन्न किसान संगठनों द्वारा 26 नवंबर व 27 नवंबर 2020 को संभावित 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया गया है जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

डॉ अर्पित जैन डीसीपी मुख्यालय ने बताया कि इन प्रबंधों का प्राथमिक उद्देश्य जिले में कानून और व्यवस्था बनाए रखना, किसी भी प्रकार की हिंसा को रोकने व सार्वजनिक शांति बनाए रखने, यातायात व सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के कामकाज को सुविधाजनक सुनिश्चित करना है।

डॉ अर्पित जैन ने इस संबंध में फरीदाबाद में लगाई गई पुलिस ड्यूटियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के बॉर्डर एरिया में पुलिस तैनात रहेगी जो किसी भी प्रकार कि प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखना सुनिश्चित करेगी।

एनएचडब्ल्यू पर बदरपुर बॉर्डर, थाना पल्ला ऐरिया से जैतपुर बॉर्डर, सूरजकुंड शूटिंग रेंज बॉर्डर, फरीदाबाद से गुड़गांव रोड पर मागर से दिल्ली फतेहपुर में एंट्री करने वाले बॉर्डर पर इसके अलावा पलवल की तरफ से फरीदाबाद में एंट्री प्वाइंट सीकरी बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के सभी जोनो के प्रभारी जोन के पुलिस उपायुक्त होंगे जिनकी सहायता के लिए जोन के सहायक पुलिस आयुक्त रहेंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। जोन के सभी थाना प्रबंधक अधिकतम पुलिस बल के साथ मौजूद रहेंगे जो किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए उपस्थित होंगे।

# कोरोनाः पांच मौतें, 485 पॉजिटिव से आंकड़ा 38460

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को 485 पॉजिटिव आने से कोविड-19 का आंकड़ा 38460 पर पहुंच गया। वहीं जिले में पांच पॉजिटिव मरीजों की मौत हो गई। जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 315 पर पहुंच गया। जिले में राहत की बात यह रही कि 579 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का कोविड-19 का रिकवरी रेट 86.9 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**मृतक और पॉजिटिव**

पांच मृतकों में डबुआ कालोनी से 65 वर्षीय महिला, जवाहर कालोनी से 85 वर्षीय बुजुर्ग, सेक्टर-56 निवासी 42 वर्षीय पुरुष, सेक्टर-सात निवासी 78 वर्षीय महिला समेत सेक्टर-37 निवासी 53 वर्षीय पुरुष शामिल है। यह कोरोना समेत अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त थे।

वहीं 485 पॉजिटिव में भारत कालोनी, सेहतपुर, इंदिरा काम्पलेक्स, चावला कालोनी, सेक्टर-3, 10, 31, 9, 87, 78, 55, 11, 7,एनआईटी-दो, तिरखा कालोनी, आदर्श नगर, शिव कालोनी, अमर नगर, अशोका इंक्लेव, सुभाष कालोनी, राजीव कालोनी, विष्णु कालोनी, पाली, मौजपुर, ग्रीनफिल्ड कालोनी, सूरजकुंड, चार्मुवड, दयाल नगर, शिव दुर्गा विहार, चंदावली, कृष्णा कालोनी, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, भूपानी, डबुआ, नेहरू कालोनी, पर्वतीया कालोनी, जवाहर कालोनी, प्रेम नगर, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, तिगांव, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर कालोनी, यादव कालोनी, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, नरहावली और अन्य इलाकों से मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 316433 |
| अब तक पॉजिटिव | 38460 |
| अब तक नेगेटिव | 277521 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 452 |
| गंभीर मरीज | 81 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | 13 |
| अब तक मौत- | 315 |
| अब तक ठीक | 33432 |

# अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सैंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि 25 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के समूह व संगठन महिलाओं की समाज में चिंताजनक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने लाने के लिए वर्ष 2000 से शुरुआत की गई थी।

# रेप पीड़िताओं को दिया 3.18 करोड़ का मुआवजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद दीपक गुप्ता के निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा हरियाणा विक्टिम कंपनसेशन स्कीम 2013 के तहत 84 रेप पीड़ित महिलाओं को तीन करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपये की राशि को मुआवजा के तौर पर रेप पीड़ितों में आवंटन किया गया। यह मुआवजा राशि कोरोना महामारी की वजह से बकाया चली आ रही थी। मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा इन रेप पीड़ित महिलाओं को मुआवजा राशि वितरित की गई। यह मुआवजा राशि रेप पीड़ित महिलाओं को इलाज के लिए ट्रॉमा से बाहर निकलने के लिए या उनके पुनर्वास के लिए मुआवजा के तौर पर दी जाती है। जिससे वह पीड़िता दोबारा से समाज में मुख्यधारा से जुड़ सकें तथा अपना व अपने परिवार का भविष्य की योजनाओं को कार्यवृत्त कर सकें।

# अस्थाई सम्पति आईडी बंद करने से परेशानी

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन टेंपरेरी प्रॉपर्टी आईडी बनाए जाने का जो प्रावधान सरकार द्वारा आम लोगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए किया गया था। उसे एकाएक बंद करने से हजारों भू संपत्तियों के मालिक नगर निगम कार्यालयों में दर्जनों चक्कर लगाने के बावजूद भी स्थाई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने में बिना रिश्वत दिए सफल नहीं हो पा रहे हैं। यह आरोपी फीएवा के पदाधिकारियों ने लगाया है। इसी संदर्भ में संस्था के कुछ वरिष्ठ सदस्य महासचिव गुरमीत सिंह देओल के नेतृत्व में प्रशासक हुड्डा प्रदीप दहिया जी मिलकर उन्हें इन समस्याओं से अवगत करवाया और एक लिखित मांग पत्र भी सौंपा। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि पुराने सेक्टरों में तो जैसे-कैसे ले देकर स्थाई प्रॉपर्टी आईडी बना दी जाती है। लेकिन हुड्डा द्वारा बनाए गए नए सेक्टरों में यह भी संभव नहीं हो पा रहा।

# मजदूर-किसानों के समर्थन में आज रहेगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**केन्द्रीय** ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर को कर्मचारी व मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल के चलते नगर निगम, बिजली, हुड्डा,जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, वन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, रोडवेज, टूरिज्म, विकास एवं पंचायत, आईटीआई आदि अनेक विभागों में काम काज प्रभावित रहेगा। इसके अलावा बैंक, बीमा,डाक तार, भूजल बोर्ड, आयकर, प्रतिरक्षा, इंडियन आयल आदि में कार्यरत कर्मचारी और प्राईवेट कारखानों में काम करने वाले मजदूर भी बड़ी संख्या में हड़ताल पर रहेंगे। सीटू से जुड़ी आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील वर्करों ने भी हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया है। हड़ताली कर्मचारी सुबह हड़ताल करके अपने अपने कार्यालयों पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों के बाद सभी विभागों के कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर एकत्रित होंगे। वहां कर्मचारियों की आम सभा आयोजित की जाएगी। सभा के बाद बाजार में जूलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

**ये हैं प्रमुख मांगें**

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल की प्रमुख मांगों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, ठेका प्रथा समाप्त कर ठेका कर्मचारियों को सीधे विभागों के पे रोल पर लेने, सेवा सुरक्षा एवं समान काम समान वेतन देने, रेगुलराइजेशन की नीति बनाने,पुरानी पेंशन बहाल करने, डीए व एलटीसी पर लगाई रोक को हटाने, जबरन तरीके से पारित किए श्रम कानूनों व कृषि बिलों को रद्द करने, बिजली संशोधन बिल 2020 के ड्राफ्ट को वापस लेने, रोडवेज सहित अन्य विभागों में तेजी से लागू की जा रही निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को स्थाई भर्ती से भरते हुए बेरोजगारों को रोजगार देने, बैकलाग को विशेष अभियान चलाकर भरने, प्रीमेच्योर रिटायरमेंट करने के पत्र को वापस लेने, केन्द्र सरकार राज्यों के बकाया जीएसटी का शेयर को देने, बर्खास्त पीटीआई को बिना किसी देरी के एडजस्ट करने और 816 ड्राइंग टीचर और स्पोर्ट्स कोटे में ग्रुप डी में लगे 1518 कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने, नोकरी से निकाले गए सभी ठेका कर्मचारियों को वापस सेवा में लेना, जनतांत्रिक अधिकारों एवं संवैधानिक संस्थाओं पर किए जा रहे हमलों पर रोक लगाने आदि शामिल है।

# शादी व सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों में तय ये ज्यादा लोग इकट्ठा न हों: यशपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जिला मजिस्ट्रेट यशपाल ने कोविड-19 के बढ़ते हुए मामलों के दृष्टिगत विभिन्न सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों व विवाह समारोह में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर तुरंत कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत जारी किए गए हैं और उल्लंघन करने पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि इन आदेशों को लागू करने के लिए संयुक्त आयुक्त नगर निगम व सभी बीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों के बैंक्वेट हॉल संचालकों की मीटिंग भी लेंगे और आदेशों को अपने-अपने क्षेत्रों में गंभीरता से लागू करवाने की जिम्मेदारी इन सभी अधिकारियों की होगी। यह अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी इन कार्यक्रमों की विजिट करे और धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम व शादी समारोह में अगर कोई नियमों का उल्लंघन दिखाई देता है तो उसकी लिखित रिपोर्ट भी दे। इस संबंध में संबंधित थानों के एसएचओ को भी नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एक अन्य आदेश में जिला मैजिस्ट्रेट ने सभी एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक-धार्मिक व विवाह कार्यक्रमों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारी प्रतिदिन बैंक्वेट हॉल व मैरिज प्लेस का दौरा करेंगे और इसकी ऑनलाईन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

## लव जिहाद

### उच्च न्यायालय की राय

**हालांकि**, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में लव जिहाद का आरोप खारिज करते हुए परिपक्व वयस्कों द्वारा पसंद के अधिकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे पर अध्यादेश लाने की घोषणा की है। कुछ अन्य राज्य सरकारों ने भी अंतर-धार्मिक विवाहों को प्रेम के बहाने धर्मान्तरण रोकने का साधन माना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पहले निर्णय दिया था कि केवल विवाह के लिए धर्मान्तरण अस्वीकार्य है। लेकिन अब उसने कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा है कि यह फैसला 'कानून की नजर में बुरा' है क्योंकि यह वयस्कों के जीवन के अधिकार व व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा डालता है। एक मुस्लिम पुरुष से विवाह करने के लिए एक हिंदू लड़की द्वारा स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकारने तथा उसके माता-पिता द्वारा मामला दर्ज कराने पर लड़की के अधिकारों के पक्ष में फैसला देते हुए पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि दो वयस्कों को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पसंद का अधिकार है। इस प्रकार अदालत ने हर अंतर-धार्मिक संबंध पर संदेह करने से इनकार किया है। अदालत ने यह चेतावनी भी दी है कि अंतर-धार्मिक विवाहों पर ऐसे बाध्यकारी मानक 'विविधता में एकता' को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही कहा गया है, 'यदि कानून दो समलिंगियों को भी शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है तो किसी व्यक्ति या परिवार और यहां तक कि राज्य को दो वयस्कों के ऐसे संबंध पर आपत्ति का अधिकार नहीं होना चाहिए जो अपनी स्वतंत्र इच्छा से साथ रह रहे हैं।'




महिलायें विवाह संबंधों में स्वतंत्रता के लिए लगातार संघर्ष करती रही हैं और अनेक मामलों में उनकी परिवार या समाज की इज्जत के नाम पर हत्या तक कर दी जाती है। यदि वयस्क के रूप में उसे पसंद के अधिकार से वंचित कर दिया जाए तो उसके सशक्तीकरण पर भी सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश का अध्यादेश तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पास धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2020 कुछ परिस्थितियों में अंतर-धार्मिक विवाह को गैर-जमानती प्रकृति का अपराध परिभाषित करते हैं जिसमें पांच साल तक कठोर दंड का प्राविधान है। सर्वोच्च न्यायालय ने केरल में एक लव जिहाद के मामले में पसंद के अधिकार को सम्मान देते हुए 24 वर्षीय लड़की को उसके परिवार और पति से अलग किया था। केरल उच्च न्यायालय ने हदिया का संरक्षकत्व उसके माता-पिता को सौंपा था जिन्होंने उसे 11 महीने बंद रख कर सलेम कालेज में उसकी पढ़ाई बंद करा दी थी क्योंकि उनको उसके पति शाफीन द्वारा बहकाने का खतरा था। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने परिवार तथा पति से अलग कर पता लगाया था कि हदिया का संबंध वास्तविक था। इससे सिद्ध हुआ था कि दो वयस्कों के साथ रहने के अधिकार को सामाजिक पूर्वाग्रहों के आधार पर कुचला नहीं जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई विवाह के बाद स्वेच्छा से धर्मान्तरण करना चाहता है तो उसे दो महीने पहले जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देना होगा, जबकि मध्य प्रदेश में इसके लिए कलेक्टर से अनुमति लेनी होगी। लेकिन इज्जत के नाम पर हत्या जैसे प्रकरणों वाले समाज में सार्वजनिक रूप से प्रेम या धर्मान्तरण की घोषणा शायद कठिन होगी। हाल ही में अंतर-धार्मिक विवाह की पैरवी करने वाले एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को विरोध का सामना करना पड़ा था, जहां दोनों पक्षों ने अपना धर्म नहीं बदला था। इसके अलावा जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 366 में जबरन विवाह के लिए किसी महिला के अपहरण पर दस साल जेल की सजा का प्राविधान है। वैसे भी भारतीय मानव विकास सर्वेक्षण के अनुसार सभी विवाहों में केवल लगभग पांच प्रतिशत ही अंतर-जातीय विवाह होते हैं तथा अंतर-धार्मिक विवाहों की संख्या और भी कम है। 2016 में सोशल एटीट्यूड्स रिसर्च फार इंडिया-सारी के सर्वे में पता चला था कि बहुसंख्य लोग अंतर-जातीय व अंतर-धार्मिक विवाहों के विरोध में हैं।

# राष्ट्र जीवन की गति का दिशासूचक संविधान

**संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिशासूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है।**



**हृदयनारायण दीक्षित**
(लेखक उप्र विधानसभा अध्यक्ष हैं)




भारत ने 26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस मनाया। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवम्बर 1949) में डॉ. आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राष्ट्र राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत ने संविधान को ही सर्वोत्तम सत्ता माना। भारत के प्रत्येक जन को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार मिले। इसके पहले 1947 तक भारत में ब्रिटिश सत्ता थी। भारत परतंत्र था। 26 नवम्बर के दिन से अपना संविधान प्रवर्तन हुआ था। सो जनगणमन ने समता, समरसता और सम्पन्नता के सपने देखे। अब न कोई राजा था, न कोई शासक। जनगणमन का भाग्य विधाता अब संविधान था। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु रहा है। संविधान के कार्यकरण पर चर्चा का अवसर है। आज 26 नवम्बर का दिन सभी संवैधानिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों और देशभक्तों के लिए गहन आत्म विश्लेषण का उत्सव हैं।

संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नही बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है। भारतीय संविधान निर्माता सनातन सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग3- मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4- राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग-5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमश: गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा -अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान मार्गदर्शी है लेकिन राष्ट्र की समृद्धि संवैधानिक संस्थाओं पर आसीन महानुभावों पर निर्भर है। डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा - संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। अपने आखिरी भाषण में डॉ. अम्बेडकर ने भी प्राचीन भारतीय परम्परा की याद दिलाते हुए कहा था " एक समय था जब भारत गण राज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था।" भारत संसदीय प्रक्रिया से पहले भी सुपरिचित था। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे।

प्राचीनतम ज्ञान अभिलेख ऋग्वेद में "गणांना त्वां गणपति" आया है। मार्क्सवादी चिंतक डा0 रामविलास शर्मा ने लिखा है "गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं।" महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र के सूत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपर्व: 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गणतंत्र के लिए बाहरी की तुलना में आंतरिक संकट बड़ा होता है - 'आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्' बाह्य उतना बड़ा नहीं। संविधान राष्ट्र का कारक है। संविधान निर्माताओं ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। उन्होंने अनेक संवैधानिक संस्थाओं का प्राविधान किया है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण का सिद्धांत लागू है। निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं सारी दुनिया में प्रतिष्ठित हैं। संसद विधायी और संविधायी अधिकारों से लैस है। संवैधानिक संस्थाएं आदरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोकसभा प्रवेश के पहले दिन संसद भवन की सीढ़ियों पर साष्टांग प्रणाम किया था। यह प्रेरक और ऐतिहासिक है। वे सभी संवैधानिक संस्थाओं का आदर करते हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद को सविधान संशोधन का भी अधिकार दिया है। श्री मोदी की सरकार ने संविधान के अनुच्छेद-370 को हटाने की कार्यवाही पूरी कर ली है। इसे हटाना संविधान निर्माताओं का ही स्वप्न था। उन्होंने इसके शीर्षक में 'अस्थायी उपबंध' शब्द छोड़े थे। जम्मू कश्मीर की आम जनता इससे प्रसन्न है, लेकिन अलगाववादी शक्तियां अभी भी सक्रिय हैं। यही स्थिति सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की है। कुछ ताकतें खुल्लमखुल्ला इसका विरोध कर रही हैं। इसी तरह संसद द्वारा किसानों के हित के लिए पारित कानूनों को लेकर भी कुछ सरकारें संसद द्वारा पारित कानून को भी चुनौती दे रही हैं। कुछ अलगाववादी और देश तोड़ ताकतें बार-बार सिर उठाती है। ऐसी ताकतें संविधान की सर्वोपरिता का सिद्धांत नहीं मानती हैं। भारतीय गणतंत्र लगातार विकसित हो रहा है। न्यायपालिका संविधान की जिम्मेदार संरक्षक है। हिन्दुत्व की व्याख्या व नवीं अनुसूची के दुरूपयोग को रोकने सहित अनेक मसलों पर न्यायपीठ ने प्रशंसनीय फैसले किये हैं। मौलिक अधिकार सुरक्षित है। कृषि, विकास, गोवंश संवर्द्धन राज्य के नीति निर्देशक संवैधानिक तत्व हैं। महाभारतकार ने गणतंत्र की सभा समिति (संसदीय व्यवस्था) के सदस्य की अनिवार्य योग्यता बतायी थी -न न: स समितिं गच्छेत यश्च नो निर्वपेत्कृषिम- जो खेती नहीं करता वह सभा में प्रवेश न करे। ऋग्वैदिक काल में ऋषि भी कृषि करते थे। कामन सिविल कोड नीति निर्देशक तत्व है। हिदुत्व इस देश का प्राण तत्व है, लेकिन साम्प्रदायिक कहा जाता है। अलगाववाद देशतोड़क है तो भी सेकुलर है। अल्पसंख्यकवाद की आंधी है, लेकिन संविधान और कानून में 'अल्पसंख्यक' शब्द की परिभाषा नहीं है। गहन आत्मचिन्तन ही एकमेव विकल्प है।

संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों की प्रतिभूति है। लेकिन इसी के साथ संविधान के अनुच्छेद-51क में मूल कर्तव्यों की भी सूची है। इस सूची में कहा गया है कि "प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है कि वह संविधान के पालन के साथ उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर करें। स्वाधीनता के राष्ट्रीय आन्दोलन के आदर्शों को हृदय में संजोये और उनका पालन करें। राष्ट्र की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे। किसी भी तरह के भेदभाव से परे भारत के सभी लोगों में समरसता और भाईचारा की भावना का विकास करे। पर्यावरण की रक्षा करे, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे। हिंसा से दूर रहें।" मूल कर्तव्यों की यह सूची भारत के लोक जीवन को आनन्दित करने का दस्तावेज है। संविधान दिवस के अवसर पर इसका पाठ और पुनर्पाठ बहुत जरूरी है।

संविधान की उद्देशिका स्मणीय है। उद्देशिका में 'हम भारत के लोग' शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। भारत की जनता के लिए किसी जाति सम्प्रदाय या वर्ग शब्द का प्रयोग नहीं है। हम सबकी पहचान भारत है।' हम सब भारत के लोग' हैं। उद्देशिका में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त कराने के लिए संकल्प है। इनमें प्रतिष्ठा और अवसर की समता है। उद्देशिका एक तरह से हमारी राजव्यवस्था का स्वप्न है। यह बारम्बार विचारणीय और माननीय है। संविधान भारत का राजधर्म है।

# नगरोटा कांड के पीछे पाकिस्तान

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



जम्मू शहर के बाहर स्थित नगरोटा कस्बा एक समय दुनिया के सबसे बड़े सैनिक कार्पर्स के आवासस्थल के रूप में जाना जाता था जहां नाइट्स कार्पर्स या 16वीं कार्पर्स रहती थी। यहां घाटी से भाग कर आए कश्मीरी पंडितों को भी बसाया गया था। यह छोटा गैरिज़न कस्बा जम्मू-कश्मीर राजमार्ग की जीवनरेखा के निकट है। यह राजमार्ग जम्मू के मैदानों को कश्मीर घाटी से जोड़ता है तथा पीर पंजाल व त्रिकुटा पर्वतों के बीच से निकलता है। एक पहाड़ की चोटी पर वैष्णो देवी मंदिर है तथा तलहटी में नगरोटा बस्ती है। इसी सड़क पर 54 किलोमीटर आगे भारतीय सेना के उत्तरी कमांड का मुख्यालय उधमपुर में है। इस कस्बे में भारतीय सेना की अच्छी उपस्थिति है क्योंकि यह निकटतम पाकिस्तानी सीमा से केवल 40 किलोमीटर दूर है तथा यहां ऐसे अनेक रणनीतिक आपरेशन 'लाइव' देखने में आए हैं जिनका संबंध पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा-एलएसी से रहा है। इस कारण इस कस्बे पर आतंक व हिंसा फैलाने वालों ने भी बहुत ध्यान दिया है जो एलएसी के पार अपने आकाओं से संचालित होते हैं। चार साल पहले नगरोटा में आतंकी हमला हुआ था जब भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सीमा पार कर 116 मीडियम रेजीमेंट के आवास की रक्षा करने वाले सैनिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। यहां सैनिकों को बंधक बनाने का प्रयास हुआ था तथा स्थिति सामान्य होने तक सात भारतीय सैनिक शहीद हुए थे व तीन आतंकी मारे गए थे। नगरोटा मुठभेड़ स्थल से मिले सारे प्रमाण आतंकी संगठन जैशे मुहम्मद की ओर इशारा करते हैं। मृत आतंकियों से मिले दस्तावेजों से तथाकथित 'अफज़ल गुरु स्क्वाड' की संलिप्तता सामने आई है। इस कथित समूह ने पहले पठानकोट, बारामूला, उड़ी व अन्य स्थानों पर ऐसे आतंकी हमले किए हैं। पिछले साल इसी समूह ने पुलवामा में घातक हमला किया था जिसमें कम से कम 350 किलो विस्फोटकों का प्रयोग हुआ था तथा भारतीय सुरक्षा बलों के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने बालाकोट पर जवाबी हवाई हमला किया था। पिछले सप्ताह जैशे मुहम्मद फिर सामने आया जब उसके चार आंतकी भयानक मुठभेड़ में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के निकट नगरोटा में मारे गए। हालिया मुठभेड़ में पाकिस्तान का हाथ असंदिग्ध रूप से दिखाई देता है क्योंकि बहावलपुर स्थित जिहादी समूह जैशे मुहम्मद का जन्म पाकिस्तानी अवस्थापना या इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई से हुआ है और वही उसे पालती पोसती है। यह कश्मीर घाटी में विद्रोही समूहों के बीच प्रतियोगिता का युद्ध भी है जहां पहले स्थानीय 'स्वतंत्रता-समर्थक' समूहों का वर्चस्व था।



लेकिन उनको हाशिए पर धकेल दिया गया है और अब एलओसी के पार से राज्य-समर्थन पाने वाले 'पाकिस्तान-समर्थक' या ज्यादा उग्र स्तर पर सारी दुनिया में इस्लामी खलीफा राज्य स्थापित करने के समर्थक समूहों का अस्तित्व बचा हुआ है। जैशे मुहम्मद को उसके कुख्यात नेता व विचारक मसूद अजहर के नाम से जाना जाता है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया है। उसे कुख्यात व निन्दनीय रूप से चीन का समर्थन भी प्राप्त है जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी की प्रतिबंध समिति में उस पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ 'तकनीकी आधार' पर वीटो लगाया था तथा 'प्रमाणों की कमी' का झूठा बहाना बनाया था। पाकिस्तान और चीन द्वारा जैशे मुहम्मद के समर्थन के पीछे असली राजनीति का संबंध इस तथ्य से है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उनके लिए नैतिकता या निरंतरता का कोई स्थान नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसी एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद प्रायोजित करने के कारण 'काली सूची' में डालने से बचने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। जैशे मुहम्मद पर संरा. तथा लगभग सभी पश्चिमी देशों और यहां तक कि यूएई जैसे इस्लामी देशों ने भी प्रतिबंध लगाया है। वैश्विक दबाव के कारण पाकिस्तान ने भी इस पर प्रतिबंध लगाने का ढोंग किया है, जबकि यही समूह बाद में तहरीकुल फुरकान, खुद्दामुल इस्लाम, अल रहमत ट्रस्ट, आदि नामों से सामने आता रहा। सारे दबावों के बावजूद मसूद अजहर पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' के प्रति स्वामिभक्त है और इससे समूह को कश्मीर में कार्रवाइयों की आजादी मिल गई है। अजहर पर समय-समय पर अस्थाई 'संरक्षक हिरासत' लगा दी जाती है, लेकिन जम्मू कश्मीर में उसकी कार्रवाई की क्षमताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि इनके पीछे पूरी तरह व संपूर्ण रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना का हाथ है। हालिया नगरोटा हमला अपने आयाम, संवेदनशीलता व आक्रामकता के दृष्टिकोण से पूरी तरह पाकिस्तानी संलिप्तता स्पष्ट करता है। आतंकियों के पास से 11 एके 47 राइफलें, तीन पिस्तौल, 29 ग्रेनेड, 6 यूबीजीएल, मोबाइल उपकरण आदि बरामद हुए। इसके अलावा निकटवर्ती सांबा क्षेत्र में 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगा जो सीमा पार से घुसपैठ के लिए बनाई गई थी। ये सारी गतिविधियां बिना पाकिस्तान सरकार की सहायता के असंभव हैं। इस सुरंग के निर्माण में इंजीनियरिंग जटिलता प्रदर्शित होती है जो कम से कम 25-30 मीटर गहरी तथा 2.5 मीटर चौड़ी है। यह सुविधा निकटवर्ती पाकिस्तानी फौजी चौकियों रजब साहिब व आसिफसाहिब के सहयोग के बिना नहीं बनाई जा सकती थी। सुरंग के पाकिस्तानी पक्ष की ओर ऊंची सरकंडा घास की मौजूदगी गोपनीय रूप से काम का अवसर प्रदान करती है। इस सुरंग के निर्माण की जानकारी से इनकार करना असंभव है क्योंकि इससे निकटने वाली मिट्टी पर पाकिस्तानी गश्ती दलों व चौकियों की नजर पड़ना अपरिहार्य था। इसकी किसी प्रकार कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नई दिल्ली ने उचित कदम उठाते हुए पाकिस्तान के कार्यकारी राजदूत को तलब कर उनको इसके प्रमाण दिए जो 'शांति व सुरक्षा को अस्थिर करने पर बड़ा हमला' था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इससे हमेशा की तरह इनकार किया। वह दशकों से यही करता आ रहा है जिसके कारण वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकियों की वैश्विक 'नर्सरी' के रूप में कुख्यात हो गया है। महत्वपूर्ण रूप से भारत ने इस हमले के आरोप पाकिस्तान पर लगाए हैं और स्वयं प्रधानमंत्री ने इसके बारे में ट्वीट किए। हमलों में यह तेजी ऐसे समय आई है जब पड़ोसी अफगानिस्तान में पाक-समर्थित तालिबानों ने हमले तेज किए हैं तथा वहां स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। पाकिस्तान को अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों के लिए अमेरिकी प्रशासन में परिवर्तन का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। यह खासकर इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान से सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की है। पाकिस्तान की संलिप्तता स्पष्ट रूप से उजागर करना इसलिए जरूरी है कि उस पर पड़ने वाला वैश्विक दबाव कम न होने पाए। जैशे मुहम्मद और नगरोटा हमले के बीच संबंध स्पष्ट करना तथा सारे बिंदुओं को जोड़ना जरूरी है क्योंकि इस्लामाबाद इसे स्थानीय दुश्मनी बताने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान लगातार कश्मीर में सशस्त्र संघर्ष का एकमात्र स्रोत बना हुआ है और नगरोटा ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है।

## आप की बात

### संक्रमण की रोकथाम

**एक** जानकारी के मुताबिक अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं कोरोना रोगियों पर नज़र रखने का नया तरीका ईजाद किया है। अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं डाक टिकट के आकार का सेंसर युक्त उपकरण तैयार किया जो बेहद मुलायम और लचीला है। इसे गले के निचले हिस्से पर लगाया जा सकता है। त्वचा पर होने वाले बेहद मामूली कंपन ,श्वसन तंत्र पर नज़र खांसी की गणना आदि कर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने वाले उपकरण से कोरोना रोगियों पर नजर रखने में आसानी होगी। ऐसे उपकरण की सुविधा बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने हेतु मंगवाए जाना चाहिए ताकि ये चिकित्सा के क्षेत्र में मददगार साबित हो। इसके साथ ही अतिमहत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों छोड़ कर शेष पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। महामारी से सब देश जूझ ही रहे है। जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक की पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प संक्रमणता तो काफी कम कर सकता है। साथ ही इस बात की ट्रेंनिग भी है। यदि कभी युद्ध की स्थिति बनती तो इसप्रकार के हालातों से निपटने हेतु आत्मनिर्भर बन कठिनाइयों का सामना आसानी से कर लेंगे।

- **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### संविधान की 71वीं वर्षगांठ

**देश** के केवडिया में, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर भारतीय संविधान की 71वी वर्षगांठ मना रहा है। आज विश्व के सबसे बड़े आबादी वाले लोकतांत्रिक देश में अनेकता में एकता का संचार लिए हुए, सम्पूर्ण विश्व में शांति, सौहार्द और समरसता का भाव उज्जवालित कर रहा।देश की आजादी के बाद, वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ।26 जनवरी, 1950 को भारत गणतंत्र और स्वतंत्र हो गया।हमारे संविधान ने सभी धर्म, जाति, मजहब, भाषा, पंथ को खुले हांथो से अपना लिया।जिस प्रकार से हिन्दू के लिए गीता पवित्र है, मुस्लिम के लिए कुरान, सिख के लिए गुरुग्रंथ साहिब और ईसाई के लिए बाइबल, उसी प्रकार एक देश और उसके देशवासियों के लिए संविधान। ये संविधान न सिर्फ एक धरोहर है बल्कि देश को विकास और एकजुटता में बांधे रखने का अमूल्य एवं पवित्र बंधन भी।प्रधानमंत्री मोदी भी केवाडिया के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।भारत हमेशा अपनी संप्रभुता, अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए शांति के पथ पर अग्रसर हो रहा।आत्मनिर्भर भारत की उड़ान से एक बार फिर भारत नई मिशाल कायम कर रहा है।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय


### चीन को करारा जवाब

**विगत** कुछ समय से चीन भारत के रिश्तों में कड़वाहट का जवाब भारत ने हमेशा ही मुहतोड़ दिया है। और चीन का ये अतिविश्वास भी खत्म किया है कि वो भारत को हल्के में न ले। भारत की संस्कृति सभयता और सहजता को कमजोरी समझने की भूल ना करे। और भारत के कारगर कदमो में फिर भारत ने स्नेक वीडियो समेत 43 और मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर चीन को करारा तमाचा जड़ा है। निश्चित ही चीन को झटका लगना है। केंद्र सरकार ने 43 मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगाया।जिसमे ज्यादातर डेटिंग एप्स है। सरकार ने आई टी एक्ट 69-ए के तहत इन एप्स को ब्लॉक किया है। यानी अब भारत के यूजर्स इन एप्स का इस्तेमाल नही कर पाएंगे। भारत ने इससे पहले चीन को जून ,जुलाई, और सितम्बर में भी चीनी मोबाईल एप्स प्रतिबन्धित किये थे। टिक टाक पर पाबंदी के बाद स्नेक वीडियो तेजी से उसके विकल्प के तौर पर उभरा था। ये भी चीनी एप है। देश की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को खतरा बताते हुये 43 मोबाईल एप्स पर कार्रवाई की गई।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भाजपा** लगातार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है। क्या कभी आपने भाजपा से जुड़े लोगों पर सीबीआई छापेमारी की बात सुनी है।

- **बाला साहब थोराट**
महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री

**पहले** भाजपा ने शरद पवार को फिर राजस्थान व अन्य राज्यों में अन्य विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया। यह द्वेषपूर्ण राजनीतिक है।

- **छगल भुजबल**
राकांपा नेता





**प्रताप** सरनाइक कोई संत नहीं हैं और क्रियान्वयन निदेशालय की कार्रवाई कानून के मुताबिक चल रही है।

- **नारायण राणे**
भाजपा नेता

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 नवंबर, 2020



# संक्रमण की चेन तोड़ने में टेस्टिंग की भूमिका महत्वपूर्णः सीएम

## अधिक संक्रमण दर वाले जनपदों पर विशेष ध्यान देते हुए केस मैपिंग की जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रतिदिन 1 लाख 78 हजार से अधिक कोविड-19 की टेस्टिंग क्षमता अर्जित किये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए टेस्टिंग कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोविड-19 के दृष्टिगत पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के बारे में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम पूरी सक्रियता से संचालित हो। उन्होंने कहा कि मास्क के अनिवार्य उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन पर पूरा ध्यान दिया जाए। भीड़ एकत्र न हो, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने मास्क लगाने के सम्बन्ध में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक संक्रमण दर वाले जनपदों पर विशेष ध्यान देते हुए केस मैपिंग की जाए। इसके परिणाम के आधार पर रणनीति बनाते हुए कोविड-19 के नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने इस सम्बन्ध में आरटीपीसीआर केन्द्रित फोकस टेस्टिंग किये जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ तथा गाजियाबाद में कोविड-19 की रिकवरी दर को बेहतर करने के लिए चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को सक्रिय बनाये रखने के निर्देश भी दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कोविड चिकित्सालयों में औषधियों एवं मेडिकल उपकरणों की सुचारु उपलब्धता की जाए। उन्होंने अतिरिक्त आईसीयू बेड्स की जरूरत का आकलन करते हुए आवश्यकतानुसार आईसीयू बेड्स बढ़ाने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा कर्मियों तथा सुरक्षा बल के कार्मिकों को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रबन्ध किये जाएं।

### फ्लिपकार्ट ग्रुप ने सीएम को भेंट कीं 50 हजार पीपीई किट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लिपकार्ट ग्रुप की ओर से 50 हजार पीपीई किट भेंट की गई। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ रजनीश कुमार ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 की लड़ाई में फ्लिपकार्ट द्वारा किये गये सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक बड़ी आबादी वाला राज्य है। देश का हर छठा व्यक्ति उत्तर प्रदेश का है। प्रदेश सरकार कोविड 19 के खिलाफ पूरी सक्रियता से लड़ाई लड़ रही है। कोरोना कालखण्ड में प्रत्येक तबका कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है। अब उनके लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फ्लिपकार्ट के साथ एमओयू किया गया था जिससे प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर तथा ओडीओपी के उत्पादों को एक नई पहचान मिली है।

# समय से कार्यालय आएं डीएम व एसएसपीः योगी

## विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर का वितरण समय से किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को धान क्रय प्रक्रिया की गहन मॉनिटरिंग तथा क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की उपज का भुगतान 72 घण्टे में हो जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर का वितरण समय से कर दिया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह स्वेटर गुणवत्तापूर्ण हों। मुख्यमंत्री ने सरकारी कार्यालयों में सभी कार्मिकों की समय से उपस्थिति पर बल दिया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदीय, तहसील तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में भी अधिकारी और कर्मचारी समय से उपस्थित हों। उन्होंने कार्मिकों की कार्यालय में समय से उपस्थिति के सत्यापन के लिए आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सीयूजी नम्बर वाला अपना फोन स्वयं रखें और समय पर कार्यालय आयें। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि राज्य मुख्यालय स्तर से की जाए।

# किसानों को सहकार प्रज्ञा के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगाः तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक सहकारिताओं में किसानों को एनसीडीसी द्वारा सहकार प्रज्ञा के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीडीसी सहकार प्रज्ञा द्वारा प्रशिक्षण के लिए समर्पित लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारिता अनुसंधान एवं विकास अकादमी(लिनाक) जो कि एनसीडीसी से संबद्ध एवं वित्त पोषित है जिसके द्वारा देश भर में 18 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के फैले अपने विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से एनसीडीसी की प्रशिक्षण क्षमता को 18 गुना तक बढ़ाने का संकल्प करती है। प्राथमिक सहकारी समितियों को तैयार करने के उद्देश्य से ज्ञान, कौशल एवं संगठनात्मक क्षमताओं को अंतरण करने हेतु सहकार प्रज्ञा में 45 प्रशिक्षण मॉड्यूल सम्मिलित हैं जिससे प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत संकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक सुधांशु शर्मा ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्चुवल माध्यम से संबोधित करते हुए यह भी कहा गया कि लिनाक वर्ष 1985 से सहकारी समितियों के 30,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर चुका है। नवीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्राथमिक सहकारी समितियों में किसानों को सशक्त बनाने के लिए एनसीडीसी को निर्देशित किया है। एनसीडीसी का गठन सहकारी सिद्धांतों पर कृषि उत्पादोंए खाद्य पदार्थों, औद्योगिक वस्तुओं, पशुधन, कुछ अन्य वस्तुओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, निर्यात एवं आयात तथा सेवाओं जैसे कि अस्पताल व स्वास्थ्य और शिक्षा आदि के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। अब तक इसने देश भर की विभिन्न श्रेणियों की सहकारी समितियों के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये के अग्रिम ऋण दिए हैं। इस अवसर पर एनसीडीसी के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार नायक द्वारा कहा कि लिनाक ने एक वर्ष में सहकारी समितियों में लगभग 5000 किसानों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। सहकारी समितियों को बाजार की अर्थव्यवस्था के पेशेवर व्यावसायिक शर्तों से संबधित मामलों से निपटने हेतु पैंतालीस समर्पित प्रशिक्षण मॉड्यूल से लैस करेंगे।

# आंध्र प्रदेश को भायी साफ-सुथरी काशी

**● मुख्यमंत्री जगनमोहन के निर्देश पर काशी आएंगे सीएम के प्रमुख सचिव, करेंगे स्वच्छता प्रणाली का अध्ययन**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ का क्लीन यूपी-ग्रीन यूपी अभियान अब दूसरे प्रदेशों को भी भाने लगा है। महादेव की नगरी काशी की साफ -सफाई आंध्र प्रदेश सरकार को इतनी भायी कि मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी अपने प्रदेश में भी काशी की स्वच्छता प्रणाली को लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जगनमोहन ने अपने प्रमुख सचिव प्रवीण प्रकाश को काशी आकर यहां के सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। रेड्डी के निर्देश पर प्रवीण प्रकाश 28-29 नवंबर को इस बाबत वाराणसी आएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर आंध्र प्रदेश सरकार ने नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत बनारस में हुए कार्यों की तारीफ की है। आंध्र प्रदेश के अधिकारी विभिन्न मानकों पर वाराणसी में हुए काम का अध्ययन करने के लिए दो दिनी वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश के अधिकारी बनारस प्रणाली का अध्ययन करेंगे। आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मन्दिर ट्रस्ट महादेव की नगरी काशी में एक मंदिर की स्थापना के लिए प्रयासरत है। तिरुपति तिरुमला देवस्थानं ट्रस्ट की ओर से प्रस्तावित यह मंदिर करीब 5 एकड़ में होगा जिसके लिए आंध्र प्रदेश के अधिकारी 28-29 नवम्बर को वाराणसी भ्रमण के दौरान भूमि की तलाश भी करेंगे।

# पुलिस महकमे के 254 आरक्षी चालकों को मिला प्रोन्नति का तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार ने पुलिस महकमे के 254 आरक्षी चालकों को प्रोन्नति का तोहफा दिया है। इन सभी को उनके वर्तमान तैनाती स्थल पर ही मुख्य आरक्षी चालक बना दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक अमित वर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली 2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस उप महानिरीक्षक कार्मिक-स्थापना के पत्र के साथ प्राप्त उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र के आधार पर 254 आरक्षी चालकों को मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति के लिए उपयुक्त्त पाए जाने और पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन के पश्चात इन्हें उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है। पदोन्नति पाए समस्त मुख्य आरक्षी चालक अपने नियुक्ति स्थान जनपद, इकाई, शाखा के मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। जिसे सेवा नियमावली 2015 के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढ़ाया जा सकेगा। सफलतापूर्वक परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर सक्षम स्तर से इसके लिए आदेश निर्गत किए जाएंगे।

# अनुशासनहीनता के आरोप में मथुरा के उपायुक्त श्रम रोजगार निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अनुशासनहीन,** लापरवाह और भ्रष्टाचारी अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्रवाई जारी है। मथुरा के उपायुक्त श्रम रोजगार वीरेंद्र कुमार को अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निलंबित करने का आदेश दिया है। निलंबन अवधि में यह अधिकारी, कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ से सम्बद्ध रहेंगे। मामले की जांच के लिए संयुक्त विकास आयुक्त आगरा मण्डल को जांच अधिकारी बनाया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

निलंबित उपायुक्त श्रम रोजगार मथुरा वीरेंद्र कुमार पर मनमाने ढंग से कार्य करने, बिना अनुमति कार्यालय से अनुपस्थित रहने तथा डीएम द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने सहित अनुशासनहीनता के अनेक आरोप हैं। आए दिन यह छुट्टी पर चले जाते हैं और जवाब मांगने पर जवाब भी नहीं देते। जिलाधिकारी मथुरा ने भी वीरेंद्र कुमार की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई थी। मुख्यमंत्री ने इसे आदर्श शासकीय कार्यशैली के विपरीत आचरण माना है और तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। इससे पहले बीते 21 नवम्बर को ऐसे ही आरोपों में मुख्यमंत्री ने संभल के जिला विकास अधिकारी, रामसेवक को निलंबित कर दिया था। रामसेवक पर उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, आईजीआरएस अंतर्गत आख्या प्रेषित न करने, अधीनस्थों से अभद्रता करने और बगैर समुचित अनुमति के जनपद मुख्यालय से बाहर जाने सहित अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के अनेक आरोप प्रथमदृष्टया सिद्ध हुए थे।

# पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हो रहा है चीनी का उत्पादनः भूसरेड्डी

**● चीनी मिल मुडेरवा एवं पिपराइच में माह के अन्त तक प्रारम्भ हो जायेगी पेराई**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य चीनी निगम की 3 चीनी मिलें प्रदेश में स्थापित हैं जिसमें से मोहद्दीनपुर, मेरठ में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है शेष 2 चीनी मिलों में पेराई कार्य नवम्बर माह की अन्तिम तिथि तक प्रारम्भ हो जायेगा। मोहद्दीनपुर चीनी मिल जिसकी पेराई क्षमता 2500 टीसीडी से 3500 टीसीडी विगत वर्ष में की गयी थी। वर्तमान पेराई सत्र 2020-21 में मिल पूरी क्षमता के साथ पेराई कर रही है। चीनी मिल द्वारा आज तक 5.05 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई करते हुए 0.39 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है जबकि विगत पेराई सत्र में मिल द्वारा इसी समय तक 3.39 लाख कुन्तल गन्ना पेराई कर 0.22 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन हुआ था। अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि मिल वर्तमान पेराई सत्र में शत प्रतिशत क्षमता के साथ पेराई कर रही है जब कि विगत पेराई सत्र में 70 प्रतिशत क्षमता पर ही पेराई हो पा रही थी। वर्तमान में पूरी क्षमता से पेराई होने के कारण मिल द्वारा विगत पेराई सत्र की तुलना में 1.66 लाख कुन्तल अधिक गन्ने की पेराई करते हुये 0.17 लाख कुन्तल चीनी का अधिक उत्पादन किया गया है। मिल द्वारा विगत पेराई सत्र से 0.20 प्रतिशत अधिक चीनी परता भी प्राप्त कर रही हैं।

# भाजपा सरकार में जनता की तकलीफें घटने के बजाय बढ़ती गईंः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के प्रदेश की सत्ता में पौने चार साल बीत रहे हैं पर जनता की तकलीफें घटने के बजाय बढ़ती गई है। अर्थव्यवस्था खराब दौर से गुजर रही है। मंहगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। काला बाजारियों और जमाखोरों पर कोई अंकुश नहीं है। कानून व्यवस्था चौपट है। बर्बादी के इन बुरे दिनों में भी भाजपा सरकार को बस दो ही बातें सूझ रही है। राम नाम सत्य करो या फिर जेहाद बोल दो। अखिलेश ने कहा कि जो सरकार चारों पहर राम नाम सत्य का जाप करती हो वह किसी के बारे में शुभ सोच ही नहीं सकती है। वैसे भी भाजपा नेतृत्व को विकास के बारे में सोचने, जनहित की योजनाएं लाने और गरीब को राहत पहुंचाने के लिए समय ही नहीं है। इस भाजपा सरकार को अपने वादे भी याद नहीं है। किसानों को फसल की लागत का ड्योढ़ा मूल्य देने, आय दुगनी करने, नौजवान को हर वर्ष नौकरियों का थोक तोहफा देने, व्यापारियों की मदद करने और हरेक के खाते में 15 लाख रूपए भेजने जैसी फरेबी बातें हवा में ही रह गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरों टालरेंस की बात बड़े जोरशोर से की गई थी, वह तो कहीं साकार होती दिखी नहीं। जनता भी समझ गई है कि जुमलेबाजी और तुक्केबाजी वाली सरकार से उसका कोई भला होने वाला नहीं है।

# सी-प्लान एप पर हुई साढ़ नौ लाख से अधिक मोबाइल नम्बरों की फीडिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में प्रदेश पुलिस का सराहनीय काम**

प्रदेश पुलिस ने कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में बड़ा काम किया है। पुलिस से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण एवं पुलिस के कार्यो में जनता की महत्तम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सी प्लान मोबाइल एप में प्रदेश पुलिस ने अब तक गांव मोहल्लों के 9 लाख 59 हजार से अधिक संभ्रांत सदस्यों के मोबाइल नंबरों की फीडिंग की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के नियन्त्रण कक्ष को एकीकृत करते हुए सितम्बर 2019 में सी प्लान एप का प्रारम्भ किया गया। सी प्लान एप का उद्देश्य कम्यूनिटी पुलिसिंग, आमजन से सीधा संवाद, बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना है। सीप्लान का लाभ किसी भी घटना की तथ्यात्मकता का तत्काल परीक्षण, वास्तविक परिस्थिति के अनुरूप पुलिस रिस्पांस, ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी वार्डो तथा कस्बों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से सीधा सम्पर्क, आमजन का पुलिस से जुड़ने पर सुरक्षा का भाव, जनहित एवं जनसुरक्षा संदेशों का व्यापक प्रेषण किया जा सकता है।

सीप्लान एप का पर्यवेक्षण मुख्यालय स्थित नियन्त्रण कक्ष द्वारा अनवरत किया जा रहा है। समय समय पर इस एप से जुड़े सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में हो रही आपराधिक गतिविधियों, किसी प्रकार की अफवाहों, आयोजनों आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण एवं गलत सूचनाओं, अफवाहों का तत्काल खंडन किया जा रहा है।

# सूबे में वायु प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहेः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार व यूपी पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से सूबे में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों पर जवाब तलब किया है। पीठ ने यूपी पाल्यूशन कंटोल बोर्ड के साथ ही राज्य सरकार से अगले छह हफ्ते में इस संदर्भ में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश राधिका सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वायु प्रदूषण व धुंध को रोकने के लिए समुचित कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। पीठ ने सुनवायी के बाद इस याचिका को पहले से विचाराधीन एक अन्य याचिका के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया।

# रिश्वत लेते गिरफ्तार परिवहन निगम बांदा के क्षेत्रीय प्रबंधक को अदालत ने भेजा जेल

**लखनऊ ( विसं )।** रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार परिवहन निगम बांदा के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार अग्रवाल को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने चार दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को विशेष जज गौरव शर्मा की अदालत में मुल्जिम को पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया। 23 नवबर 2020 को रिश्वत के इस मामले की शिकायत परिवहन निगम बांदा के वरिष्ठ लिपिक रमेश कुमार वर्मा ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक रमेश के वेतन निर्धारण में हुई त्रुटि को दुरुस्त करने के लिए मुल्जिम 10 हजार की रिश्वत मांग रहा था। उसकी इस शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने मुल्जिम को रिश्वत की इस रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। 24 नवंबर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने इस मामले की एफआईआर बांदा के कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी।

# अहमद पटेल के निधन पर कांग्रेस में शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनैतिक सलाहकर एवं राज्यसभा सदस्य अहमद पटेल के आकस्मिक असामयिक निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक की लहर दौड़ गयी। मुख्यालय स्थित तिरंगा झण्डा शोक में झुका दिया गया।

अहमद पटेल के निधन पर पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने महान नेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने अहमद पटेल के निधन को पार्टी की अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि निकट भविष्य में कांग्रेस में हुई रिक्ति की पूर्ति संभव नहीं प्रतीत होती। वह अकेले नेता थे जिसका पूरे देश के लोगों से संवाद था। कांग्रेस पार्टी तथा सरकार चलाने में विपक्ष सहित राजनीतिक दलों और व्यक्तियों से सहयोग लेने में उनमें अकूत क्षमता थी। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अहमद पटेल का निधन समूची पार्टी और हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है। हमें गुजरात विस चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य के रूप में उनसे मिलने का अवसर मिला तथा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मुलाकात का अवसर मिला। दोनों बार उनसे एक ही सीख मिली कि पार्टी में हर कार्यकर्ता का अपना महत्व होता है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अहमद पटेल के निधन के समाचार से मैं स्तब्ध हूं। उनके निधन से मुझे गहरा दुख एवं पीड़ा हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ता से लेकर नेताओं तक के दिलों में उनकी अलग छवि एवं पहचान थी। मृदुभाषी अहमद पटेल अपने मिलनसार व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के कारण ही हर दिल अजीज थे। हमेशा कार्य करने की लगन उनमें थी। उनकी कमी हम सबको हमेशा अखरेगी और उनकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी।

## राजनाथ ने कल्बे सादिक व अहमद पटेल के निधन पर व्यक्त की संवेदना

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि वे आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे और हमेशा समाज में भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। मौलाना कल्बे सादिक एक नेक और अजीम शख्सियत थे। मैं उनके परिवार और चाहने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अहमद पटेल के अचानक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक बहुत ही सुलझे हुए नेता थे जिन्होंने अपनी पार्टी और जनता के लिए सराहनीय योगदान दिया। अहमद भाई ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर अपने मित्र बनाए। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर प्रियंका ने जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अवध** की गंगा जमुनी तहजीब के अलम्बरदार, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष, धर्मगुरु प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. कल्बे सादिक के इन्तकाल की सूचना मिलने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने डॉ कल्बे सादिक के बेटे कल्बे सिब्तैन नूरी से दूरभाष पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि उनका निधन देश और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने यूनिटी कालेज पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि डॉ. कल्बे सादिक हिन्दू-मुस्लिम एकता के बड़े पैरोकार थे। दीनी तालीम के अलावा डा. कल्बे सादिक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उन्होंने तमाम गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा की जद में लाने के लिए आगे बढ़कर पहल की और उसमें सफल भी हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ शहर अध्यक्ष मुकेश सिंह चैहान भी मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ ( विसं )।** राजधानी के गोमतीनगर निवासी एक व्यक्ति को अगवा कर 15 लाख की फिरौती वसूलने के कथित मामले में बुधवार को अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में मेरठ के थाना मुंडाली के एसआई श्याम सिंह, सिपाही अमित बालियान व सिपाही विनोद तथा मेरठ के अंसार अली व आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है। अदालत में यह अर्जी लखनऊ के अरविन्द सिंह ने दाखिल की है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना गोमतीनगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। अर्जीकर्ता का कहना है कि बीते आठ नवंबर को मेरठ के अंसार अली व आलम के साथ उक्त पुलिसवालों ने दयाल पैराडाइज से उन्हें जबरिया उनकी गाड़ी से अगवा कर लिया। मेरठ ले गए।

## नमक घोटाले में आशीष राय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**नमक** घोटाला मामले में बुधवार को मुल्जिम आशीष राय के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस मामले के शेष मुल्जिमों के खिलाफ विवेचना अभी प्रचलित है। 11 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में आशीष राय व मोंटी गुर्जर समेत सात मुल्जिमों को आईपीसी की धारा 506, 471, 468, 467, 420, 419 व 120बी के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में नामजद किया गया था। मुल्जिमान न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

# कुछ न्यायिक फैसलों से प्रतीत होता है कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ा है : नायडू

**भाषा।** केवडिया (गुजरात)



**पटाखों** पर अदालत के फैसले और न्यायाधीशों की नियुक्ति में कार्यपालिका को भूमिका देने से इंकार करने का उदाहरण देते हुए उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि कुछ फैसलों से प्रतीत होता है कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका संविधान के तहत परिभाषित अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काम करने के लिए बाध्य हैं। वह विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण समन्वय - जीवंत लोकतंत्र की कुंजी विषय पर अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 80वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नायडू ने कहा कि तीनों अंग एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप किए बगैर काम करते हैं और सौहार्द बना रहता है। उन्होंने कहा कि इसमें परस्पर सम्म्मान, जवाबदेही और धैर्य की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे कई उदाहरण हैं जब सीमाएं लांघी गईं। नायडू ने कहा कि ऐसे कई न्यायिक फैसले किए गए जिसमें हस्तक्षेप का मामला प्रतीत होता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय ने ऐसे कई फैसले दिए जिनका सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों पर दूरगामी असर हुआ। इसके अलावा इसने हस्तक्षेप कर चीजें ठीक कीं। लेकिन यदा-कदा चिंताएं जताई गईं कि क्या वे कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की बहस है कि क्या कुछ मुद्दों को सरकार के अन्य अंगों पर वैधानिक रूप से छोड़ दिया जाना चाहिए। नायडू ने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि दिवाली पर पटाखों को लेकर फैसला देने वाली न्यायपालिका कॉलेजियम के माध्यम से जजों की नियुक्ति में कार्यपालिका को भूमिका देने से इंकार कर देती है। नायडू ने कहा, कुछ न्यायिक फैसलों से प्रतीत होता है कि हस्तक्षेप बढ़ा है। इन कार्वाइयों से संविधान द्वारा तय रेखाओं का उल्लंघन हुआ जिससे बचा जा सकता था। नायडू ने कहा कि कई बार विधायिका ने भी रेखा लांघी है। इसे लेकर उन्होंने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के चुनाव को लेकर 1975 में किए गए 39वें सविधान संशोधन का जिक्र किया।



मुंबई में सीएसएमटी स्टेशन पर 26/11 आतंकी हमले के तहत जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

## लोग निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुशासन की उम्मीद करते हैं : कोविंद

**केवडिया ( गुजरात )।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसद और विधानसभाओं में स्वस्थ संवाद करना चाहिए और सदन में चर्चा के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए। नर्मदा जिले के केवडिया गांव में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट टेंट सिटी में 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सदन में असंसदीय भाषा के इस्तेमाल और अनुशासनहीनता से उनका चुनाव करने वाले लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। निर्वाचित प्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए लोगों की उम्मीदों को पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती है। कोविंद ने कहा, मेरा मानना है कि देश के लोग उम्मीद करते हैं कि उनके निर्वाचित प्रतिनिधि संसदीय मान्यताओं का पालन करें। जब उनके निर्वाचित प्रतिनिधि असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं या संसद अथवा विधानसभा में अनुशासनहीनता करते नजर आते हैं तो लोग आहत होते हैं। अनावश्यक कड़वाहट को दूर करने के लिए अध्यक्षों से सदन में स्वस्थ संवाद के अवसर उपलब्ध कराने को कहा। संसदीय लोकतंत्र में सत्ताधारी दल के साथ ही विपक्ष की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए दोनों के बीच समझ,सहयोग और विचारों के अर्थपूर्ण आदान-प्रदान की जरूरत है।

## हम जांच से नही डरते : शिवसेना विधायक के परिसरों पर ईडी के छापे को लेकर राउत ने कहा

**मुंबई।** शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक की संपत्ति पर प्रवर्तन निदेशालय के छापे के एक दिन बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि वे जांच से नहीं डरते हैं। राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत ईडी ने छापेमारी की। राउत ने कहा कि वह ईडी को भाजपा के 120 नेताओं की सूची भेजेंगे और देखेंगे कि क्या केंद्रीय एजेंसी उन्हें जांच के लिए बुलाती है। राउत ने आरोप लगाया, हम जांच से नहीं डरते हैं। सरनाईक पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके परिवार का उस मामले से कोई लेना देना नहीं है, जिसकी जांच ईडी कर रहा है। दिल्ली के शासकों को लगता है कि मराठी भाषी लोगों को कारोबार नहीं करना चाहिए और अगर ऐसा करेंगे तो उन्हें ईडी के जरिए खत्म कर दिया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुरक्षा प्रदान करने वाली कंपनी तथा अन्य के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और ठाणे में सरनाईक से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। राउत ने कहा, इस जांच को पूरी होने दीजिए...मैं ईडी को भाजपा के 120 नेताओं की एक सूची दूंगा और देखूंगा कि क्या वह उन सबको पूछताछ के लिए बुलाती है? लोग जानते हैं कि ईडी की जांच से कौन डरता है।

उन्हें भी ईडी का नोटिस मिलने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना सांसद ने कहा, मुझे भी बताया गया है कि पुराने मामलों को खंगाला जा रहा है। ईडी मोहनजोदाड़ो-हड़प्पा तक जा रही है। मुझे और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के नेताओं को अगर ऐसा नोटिस मिलता है तो मुझे कोई हैरानी नहीं होगी। उन्होंने कहा, मुखर होना, सच बोलना और अपनी पार्टी के प्रति वफादारी रखना इन दिनों अपराध हो गया है।

## भाजपा मुझे गिरफ्तार कर लेती है तो मै जेल से भी तृणमूल की जीत सुनिश्चित करूंगी : ममता

**बांकुड़ा ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को झूठ का पुलिंदा और देश के लिए सबसे बड़ा अभिशाप करार देते हुए भगवा पार्टी को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी और कहा कि वह जेल से भी आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल की जीत सुनिश्चित करेंगी। उल्लेखनीय है कि अगले साल अप्रैल-मई में 294 सदस्ईय पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने है। भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को रिश्वत देकर अपने पाले में लाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग निष्पक्ष होने का नाटक करते हैं और इस मुगालते में हैं कि भगवा पार्टी राज्य की सत्ता में आ सकती है। उन्होंने कहा, भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं है बल्कि झूठ का पुलिंदा है। जब भी चुनाव आता है वह नारद (स्टिंग ऑपरेशन) और शारदा (घोटाला) का मुद्दा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को भयभीत करने के लिए लाती है।

कोविड-19 के बाद अपनी पहली प्रमुख रैली को यहां संबोधित करते हुए ममता ने कहा, लेकिन मैं उन्हें स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि मैं भाजपा और उसकी एजेंसियों से नहीं डरती।



अगर उनमें साहस है तो वे मुझे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल सकते हैं। मैं जेल से चुनाव लड़ूंगी और तृणमूल कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करूंगी। हाल में हुए बिहार चुनाव का संदर्भ देते हुए ममता ने कहा कि यहां तक कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव को जेल में डाल दिया गया था, इसके बावजूद उनकी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। तृणमूल अध्यक्ष ने कहा, यहां तक कि लालू प्रसाद को सलाखों के पीछे डाल दिया गया इसके वावजूद उन्होंने अपनी पार्टी का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया। भाजपा की जीत धांधली से हुई है न कि जनता में लोकप्रियता की वजह से। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 से ही तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सत्ता में है।

## क्विक न्यूज

### सोने की तस्करी के मामले में एआईएसएटीएस के दो कर्मी सहित तीन लोग गिरफ्तार : सीमा शुल्क विभाग

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियो ने सोने की कथित तस्करी के मामले मे एअर इंडिया एसएटीएस (एआई एसएटीएस) स्टाफ के दो अधिकारियो सहित तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। इस सोने की कीमत 72.5 लाख रुपए आंकी गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार सोमवार को अबू धाबी से आए एक यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियो ने रोका था। सीमा शुल्क विभाग की ओर से एक बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान, उसने रासायनिक पेस्ट के दो चांदी के रंग के पैकेट, जिसमे लगभग 1.48 किलोग्राम सोना था, उसे विमान के शौचालय मे छिपाने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि जांच के दौरान एअर इंडिया एसएटीएस के एक कर्मी को सीमा शुल्क अधिकारियो ने अन्य एक एआईएसएटीएस कर्मी को पैकेट देते पकड़ा। एआईएसएटीएस एक हवाई अड्डा सेवा प्रदाता है। यह एअर इंडिया (एआई) और सिंगापुर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज (एसएटीएस) का एक संयुक्त उद्यम है। उसने बताया कि तीनो को गिरफ्तार किया जा चुका है और 72.5 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है। बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान यात्री ने अपनी पूर्व तीन यात्राओ के दौरान 2.17 करोड़ रुपए के सोने की तस्करी करने की बात स्वीकार की है।

### पश्चिम बंगाल दूसरा कश्मीर बन गया है : भाजपा राज्य प्रमुख

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि राज्य दूसरा कश्मीर बन गया है क्योंकि यहां हर दिन आतंकवादियो को गिरफ्तार किया जा रहा है रोजाना अवैध तरीके से बम बनाने वाली फैक्ट्रियो का भंडाफोड़ हो रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इन टिप्पणियो के लिए घोष पर निशाना साधा और कहा कि वह भाजपा शासित उत्तर प्रदेश की ओर ध्यान दें, जहां कानून के शासन का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। घोष ने बीरभूम जिले मे चा-चक्र (चाय पर चर्चा) कार्यक्रम के दौरान कहा, पश्चिम बंगाल दूसरा कश्मीर बन गया है। हर दिन आतंकवादियो को गिरफ्तार किया जा रहा है और हर दूसरे दिन अवैध तरीके से बम बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हो रहा है। यहां केवल एक फैक्ट्री चल कर रही है - बम बनाने की फैक्ट्री। उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घोष राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने कहा, बाहरी लोगो की मिलीभगत से दिलीप घोष पश्चिम बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। राज्य की स्थिति पर टिप्पणी करने से पहले, उन्हे भाजपा शासित उप्र की ओर देखना चाहिए, जहां कानून के शासन का कोई अस्तित्व ही नही है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र 28 दिसंबर से


**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र 28 दिसंबर से शुरू होगा। यह जानकारी मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को दी है। 28 से 30 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र मे तीन बैठकें होगी। इस सत्र मे कई महत्वपूर्ण सरकारी विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। राज्य सरकार लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 पेश कर सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक डॉ. गोविन्द सिंह ने मांग की कि इस सत्र को बढ़ाकर कम से कम 10 दिन का किया जाना चाहिए, ताकि सदस्य अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं रखने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दो पर सदन मे विस्तृत चर्चा कर सकें।

### मादक पदार्थों के संदिग्ध तस्कर को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मादक पदार्थ मामले मे एनसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर को बुधवार को जमानत दे दी। एनसीबी ने राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मन-प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानो के तहत सितंबर मे आरोपी करमजीत सिंह आनंद को गिरफ्तार किया था। विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश जी बी गुराव ने उसे 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। आनंद को अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नही जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अदालत ने उसे सबूतो से छेड़छाड़ और जांच मे बाधा नही डालने की भी हिदायत दी है।

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार अपने खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले मे बुधवार को बेंगलुरु मे पूछताछ के लिए सीबीआई के समक्ष पेश हुए। सीबीआई ने शिवकुमार को 19 नवंबर को नोटिस जारी कर 23 नवंबर को पेश होने को कहा था लेकिन उन्होने बल्लारी, मस्की और बसावा कल्याण मे पहले से तय बैठको का हवाला देते हुए समय मांगा था। उनके अनुरोध पर सीबीआई अधिकारियों ने उन्हें बुधवार को पेश होने की इजाजत दे दी थी। एजेंसी के समक्ष पेश होने से पहले शिवकुमार ने कहा कि वह जांच एजेंसी के अधिकारियो के साथ सहयोग करेंगे।



ममलापुरम में निवार तूफान से सुरक्षा के लिए नाव को सुरक्षित जगह पर ले जाते हुए मछुआरे।

## राहुल गांधी की ओर से भेजी गई बाढ़ राहत सामग्री लावारिस पड़ी मिली

**भाषा।** मलप्पुरम

**केरल** के वायनाड से सांसद तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से भेजी गई बाढ़ सामग्री यहां नजदीक में नीलम्बूर में एक दुकान में लावारिस पड़ी हुई मिलीं, जिसपर स्थानीय निवासियों और वामदलों समेत विभिन्न वर्गों ने आक्रोश प्रकट किया है। मंगलवार को जब कुछ लोग एक दुकान को किराए पर लेने के लिए आए तब ये राहत सामग्री यहां पड़ी हुई मिली। इस राहत सामग्री में खाने का सामान, कपड़े और अन्य चीजें शामिल हैं।

सत्तारूढ़ माकपा की युवा इकाई डीवाईएफआई ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और उसके नेताओं से लोगों से माफी मांगने को कहा। नीलम्बूर से विधायक पीवी अनवर (एलडीएफ को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधानसभा सदस्य) ने बुधवार को जिला कलेक्टर के गोपालाकृष्णन से इस मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कथित रूप से पूरे विधानसभा क्षेत्र से इस प्रकार का सामान नष्ट कर दिया।

अनवर ने वीडियो संदेश के जरिए पत्रकारों से कहा, यह नीलम्बूर में इकलौता मामला नहीं है। उसने (कांग्रेस पार्टी) आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कई अन्य स्थानों पर खाद्य सामग्री जमा की थी। यह मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने अन्य स्थानों से खाद्य पदार्थों वाली राहत सामग्री को या तो हटा दिया या नष्ट कर दिया। जिला कांग्रेस नेतृत्व ने कहा है कि उसे घटना के बारे में जानकारी नहीं थी और इस मामले की जांच कराई जाएगी। राज्य के नेतृत्व ने अभी इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। राहत सामग्री के कवर पर वायनाड सांसद लिखा था।

## बाढ़ से हुए नुकसान की समीक्षा करने अभी तक केंद्र से कोई दल महाराष्ट्र नहीं आया: अजित पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को कई बार सूचना देने के बावजूद राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान की समीक्षा करने के लिए अभी तक केंद्र से कोई दल नहीं आया है। सतारा जिले के करद में स्थित प्रीतिसंगम में महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद पवार ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार को पार्टी और विचारधारा से ऊपर उठकर प्राकृतिक आपदा के समय राज्यों की सहायता करनी चाहिए।

जब राज्य में भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी तब मुख्यमंत्री, पुनर्वास मंत्री और मुख्य सचिव ने केंद्र को पत्र लिखा था। हालांकि अभी तक केंद्र से कोई दल नहीं आया है। पवार ने कहा कि (कांग्रेस नीत) मनमोहन सिंह सरकार के समय यदि ऐसी आपदा आती थी तो नुकसान की समीक्षा के लिए तत्काल एक दल आता था और राहत पैकेज की घोषणा की जाती थी।

आज इतने दिनों बाद भी केंद्र से कोई दल नहीं आया है। राज्यों को केंद्र से मदद मिलनी चाहिए क्योंकि सभी राज्य भारत के अंग हैं। पवार ने कहा कि प्राकृतिक आपदा आने पर केंद्र को पार्टी और विचारधारा के आधार पर पक्षपात नहीं करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फिर उठाया गया था और मुख्य सचिव से इस मामले को देखने को कहा गया था। पवार ने यह भी कहा कि राज्य को अभी तक केंद्र से 29,000 करोड़ रूपए का जीएसटी मुआवजा नहीं मिला है।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन की तरफ से जारी सूची में फारूक की बहन, प्रमुख होटल व्यवसायियों का नाम शामिल

**भाषा।** श्रीनगर

**रोशनी कानून** के तहत जमीन हासिल करने वाले 130 लोगों की दूसरी सूची में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की बहन और कांग्रेस के एक नेता सहित दो प्रमुख होटल व्यवसायियों के नाम शामिल हैं। इस कानून को अब रद्द कर दिया गया है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सूची के मुताबिक, लाभ हासिल करने वालों में एक पूर्व नौकरशाह और उनकी पत्नी भी शामिल हैं जिन्होंने योजना के तहत अपने आवासीय स्थल को वैधानिक बनाया, जबकि दर्जनों अन्य व्यवसायियों ने अपने व्यावसायिक भवनों का मालिकाना हक प्राप्त किया।

जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के नौ अक्टूबर के निर्देश के मुताबिक संभागीय प्रशासन की तरफ से जारी लाभार्थियों की यह दूसरी सूची है। उच्च न्यायालय ने रोशनी कानून को अवैध, असंवैधानिक और अव्यावहारिक करार दिया और इस कानून के तहत जमीन के आवंटन पर सीबीआई जांच का आदेश दिया।

प्रशासन ने 35 लाभार्थियों की सूची अपलोड की जिसमें पूर्व वित्त मंत्री हसीब द्राबू, उनके कुछ रिश्तेदार और शीर्ष होटल व्यवसाई तथा एक पूर्व नौकरशाह के नाम शामिल हैं। दूसरी सूची में कांग्रेस नेता के. के. अमला और मुश्ताक अहमद चाया के अलावा पूर्व नौकरशाह मोहम्मद शफी पंडित और उनकी पत्नी शामिल हैं। अमला और चाया होटल व्यवसाई भी हैं। लाभार्थियों में फारूक अब्दुल्ला की बहन सूरिया अब्दुल्ला का नाम भी शामिल है जिन्हें तीन कनाल से अधिक के प्लॉट का मालिकाना हक आवासीय इस्तेमाल के तहत प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने जमीन को मंजूरी दी लेकिन सूरिया ने अभी तक एक करोड़ रुपए के शुल्क का भुगतान नहीं किया है। उनके नाम से जमीन को मंजूरी देने के बाद से उन्हें कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया।

### पाकिस्तान में 10 महीने फंसे रहने के बाद परिवार से मिली हिंदू महिला

**जोधपुर, ( भाषा )।** पाकिस्तान की एक हिंदू शरणार्थी महिला 10 महीने तक पड़ोसी देश में फंसे रहने के बाद मंगलवार को भारत में अपने परिवार मिली। भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाली जनता माली अपने पति और बच्चों के साथ एनओआरआई वीजा पर फरवरी में पाकिस्तान के मीरपुर खास में अपनी बीमार मां से मिलने गई थीं, लेकिन कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू होने के बाद उन्हें वापस यात्रा करने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि उनका वीजा समाप्त हो गया था।




कोलकाता में भारत-तिब्बत कोर समूह के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में भारतीय भूमि और क्षेत्रों पर चीनी आक्रमण के खिलाफ चीनी वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए।

# लव जिहाद के दोषी को मप्र में होगी 10 साल की सजा

## अगले महीने आएगा विधेयक : नरोत्तम मिश्रा

भाषा। भोपाल



**मध्य प्रदेश** के कानून एवं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए भाजपा नीत प्रदेश सरकार 28 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय विधानसभा सत्र में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 लाएगी। उन्होंने कहा कि लव जिहाद को गैर जमानती अपराध घोषित कर मुख्य आरोपी और इसमें सहभागियों को 10 साल की कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया जा रहा है, जबकि इस तरह की शादी-निकाह कराने वाले धर्म गुरु, काजी-मौलवी, पादरी को भी पांच साल की सजा होगी।

मिश्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया, धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के मसौदे में बहला-फुसलाकर एवं डरा-धमकाकर धर्मांतरण के लिए विवाह करने पर 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, इस तरह की शादी-निकाह कराने वाले धर्म गुरु, काजी-मौलवी, पादरी को भी पांच साल की सजा होगी। ऐसी शादियां कराने वाली संस्थानों का पंजीयन भी निरस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ऐसा विवाह शून्य घोषित किया जाएगा। मिश्रा मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 को लेकर मंत्रालय में बुधवार को गृह और विधि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, विधि विभाग के प्रमुख सचिव सत्एंद्र सिंह और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अन्वेष मंगलम और अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कानून के ड्राफ्ट पर विचार विमर्श किया। मिश्रा ने बताया कि इस अधिनियम में यह अपराध संज्ञेय तथा गैर जमानती होगा। उन्होंने कहा कि आरोपी को स्वयं सिद्ध करना होगा कि उसने बगैर दबाव, धमकी या बहला फुसलाकर कर यह धर्मान्तरण किया है। उन्होंने कहा कि इसमें सहयोग करने वाले सभी लोग मुख्य आरोपी की तरह ही आरोपी माने जाएंगे। मिश्रा ने बताया कि इस अधिनियम में कार्रवाई के लिए धर्मान्तरण के लिए बाध्य किए गए पीड़ित व्यक्ति अथवा उसके माता-पिता अथवा भाई-बहन अथवा अभिभावक शिकायत कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और धर्मांतरण के पश्चात होने वाले विवाह के एक माह पहले जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) को धर्मांतरण और विवाह करने और करवाने वाले दोनों पक्षों को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति लेगी होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धर्मांतरण या विवाह कराने वाली संस्थाओं को डोनेशन देने वाली संस्थाएं या लेने वाली संस्थाओं का पंजीयन भी निरस्त होगा। मिश्रा ने बताया, इसके लिए मसौदा तैयार हो गया है। दिसंबर के दूसरे हफ्ते में जो कैबिनेट की बैठक होगी उसमें हम इस विधेयक का मसौदा रखेंगे। उन्होंने कहा, 28 से 30 दिसंबर तक जो विधानसभा सत्र होगा, उसमें यह विधेयक लाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मिश्रा ने स्पष्ट किया, यह अध्यादेश के रूप में नहीं आएगा। यह कैबिनेट में जाएगा और वहां से पास होकर यह विधानसभा में विधेयक के रूप में लाया जाएगा।

## राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में चार लोग हिरासत में

**अहमदाबाद।** गुजरात में आणंद जिले के उमरेठ कस्बे में कथित तौर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में 30 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है, वहीं उसके नाबालिग बेटे और उसके दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक बी डी जडेजा ने कहा कि महिला और 10 से 14 साल की उम्र के तीनों लड़कों पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों लड़के ईद मनाने के लिए इस्लामी प्रतीकों के साथ झंडा फहराना चाहते थे। हालांकि उन्होंने हरे झंडे के बजाय एक तिरंगा खरीदा जिस पर इस्लामी प्रतीक छपे थे। जडेजा ने कहा, स्थानीय पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लड़कों ने उमरेठ कस्बे के एक घर पर बदला हुआ तिरंगा फहराया है। हमने घर की मालिक महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसके बेटे तथा उसके दो दोस्तों को राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में हिरासत में लिया है।



गाजियाबाद में बुधवार को सुबह की ठंड में अलाव के पास खुद को गर्म करते बच्चे।

# भारत के शुक्रयान को स्वीडन देगा विशेष उपकरण

भाषा। बेंगलुरु

**भारत** के शुक्र ग्रह ऑर्बिटर अभियान शुक्रयान के साथ स्वीडन ने जुड़ने का फैसला किया है जिसके तहत वह ग्रह पर खोज करने के लिए एक वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध कराएगा। भारत में स्वीडन के राजदूत, क्लास मोलिन ने कहा कि इसमें स्वीडिश अंतरिक्ष भौतिकी संस्थान (आईआरएफ) भारत का सहयोग करेगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ आईआरएफ का यह दूसरा सहयोग है। मोलिन ने पीटीआई-भाषा से कहा, आईआरएफ उपग्रह उपकरण विनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर (वीएनए) इस पर अध्ययन करेगा कि सूर्य से निकलने वाले आवेशित कण (शुक्र) ग्रह के वातावरण में कैसा व्यवहार दिखाते हैं। उन्होंने कहा, शुक्र अभियान का तात्पर्य है कि आईआरएफ और इसरो के बीच सहयोग जारी रहेगा। स्वीडिश अधिकारियों के अनुसार वीएनए, आईआरएफ द्वारा विकसित नौवीं पीढ़ी का उपकरण है।

पहली पीढ़ी के उपकरण का नाम सारा (एसआरए) था और उसका इस्तेमाल 2008-2009 के दौरान चंद्रयान-एक अभियान में किया गया था। यह आईआरएफ और इसरो के बीच पहली सहयोगात्मक परियोजना थी। मोलिन ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग का दायरा बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि इस दायरे में संस्थानों से लेकर तकनीक के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं।

# पार्टी को गलत मत समझिए: ममता ने तृणमूल के असंतुष्ट नेताओं से कहा

भाषा। बांकुड़ा (पबंगाल)



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं से बुधवार को कहा कि वह उन नेताओं के बारे में जानती हैं, जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं पर व्यक्तियों के बीच मतभेदों के कारण पार्टी में कोई भ्रांति पैदा नहीं होनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि वह पार्टी के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों को भी स्वयं देखेंगी।

उन्होंने कोविड-19 संक्रमण के बीच यहां अपनी पहली जन रैली में कहा, मैंने जीवनभर राजनीति में काम किया है। मैं अपने अनुभव के आधार पर कभी यह दावा नहीं कर सकती कि हर कोई अच्छा होता है। एक या दो लोग ऐसे हो सकते हैं, जो अच्छे नहीं हों, लेकिन हम इन गलतियों को सुधारेंगे। यदि कोई गलती हुई है, तो तृणमूल कांग्रेस उसे ठीक करेगी। उन्होंने कहा, कुछ गलतफहमी हो सकती है या कोई व्यक्ति कुछ लोगों से नाराज हो सकता है, लेकिन इसके लिए पार्टी को गलत मत समझिए। बनर्जी ने कहा कि तृणमूल में अपने नेताओं के बारे में जमीनी रिपोर्ट हासिल करने की व्यवस्था है और ऐसे कई नेताओं को हटाया जा चुका है, जिनके बारे में शिकायतें मिली थीं।

उन्होंने कहा, कुछ लोगों को शिकायत है कि किस जिले में कौन पार्टी पर्यवेक्षक बनेगा। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं पूरे राज्य के लिए पार्टी पर्यवेक्षक हूं। आप जब एक राजनीतिक पार्टी में होते हैं, तो आपको हरेक को साथ लेकर चलने की आवश्यकता होती है।

बनर्जी ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब कई तृणमूल नेता शिकायत कर रहे हैं कि पार्टी की कमान अब उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं उन लोगों के इरादे से अच्छी तरह वाकिफ हूं जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं। मैं जानती हूं कि कुछ अवसरवादी लोग हैं, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं की तुलना में उनकी संख्या कम है। असंतुष्ट तृणमूल नेता और राज्य परिवहन मंत्री सुवेंदु अधिकारी कुछ समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं और कुछ महीनों से राज्य कैबिनेट की बैठकों में शामिल नहीं हुए हैं। उनके निकटस्थ सूत्रों ने बताया कि वह जिला पर्यवेक्षक का पद समाप्त किए जाने के विचार को लेकर सहज नहीं हैं।

## आईएमए घोटाला मामला

# पूर्व मंत्री रोशन बेग तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेजे गए

भाषा। बेंगलुरु

**करोड़ों** रुपए के आई-मॉनिटरी एडवाइजरी (आईएमए) पॉन्जी घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री आर रोशन बेग को बुधवार को एक विशेष अदालत ने तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, आईएमए घोटाले में उनकी भूमिका की और जांच के लिए हमें रोशन बेग की 28 नवंबर तक तीन दिन की हिरासत मिली है।

पिछले साल पार्टी से बगावत करने पर उन्हें कांग्रेस विधायक के तौर पर अयोग्य ठहराया गया था। बेग को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि पॉन्जी घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद मंसूर खान से बेग का आमना-सामना कराया जाएगा। खान 27 नवंबर तक सीबीआई हिरासत में है। बेग की गिरफ्तारी 22 नवंबर को इस मामले में एक अन्य आरोपी बेंगलुरु के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रशासन) हेमंत निंबालकर से पूछताछ के बाद हुई है। सूत्रों ने कहा कि करोड़ों रुपए का यह घोटाला कर्नाटक स्थित आईएमए और उसके समूह की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर ज्यादा लाभ का लालच देकर लोगों से करीब 4000 करोड़ रुपए की ठगी कर अंजाम दिया गया। आरोपियों ने निवेश के इस्लामी तरीकों को अपनाने का झांसा देकर लोगों को ठगा। यह घोटाला जून 2019 में सामने आया था जब आईएमए संचालक मोहम्मद मंसूर खान देश छोड़कर भाग गया और आरोप लगाया कि बेग व कुछ सरकारी अधिकारियों ने उसके साथ धोखा किया। खान ने आरोप लगाया था कि बेग ने उससे करीब 400 करोड़ रुपए लिए। हालांकि पूर्व मंत्री ने आरोपों को सिरे से खारिज किया था। पुलिस के लगातार दबाव के बाद खान भारत लौटा और आत्मसमर्पण किया।

कांग्रेस और जद (एस) के गठबंधन वाली तत्कालीन सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया था। बाद में हालांकि भाजपा के सत्ता में आने पर जांच सीबीआई को सौंप दी गई। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में एक आईएएस अधिकारी, दो आईपीएस अधिकारियों, कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी और एक पार्षद को भी इस मामले में प्रदेश सरकार से अभियोजन की मंजूरी मिलने के बाद आरोपी बनाया था। आईएएस अधिकारी ने कुछ महीनों पहले अपने घर में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी।

## मालेगांव विस्फोट

# हस्तक्षेप याचिका पर कल आदेश पारित करेगा उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय 27 नवंबर को आदेश पारित करेगा कि निसार अहमद बिलाल को आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित की तरफ से दायर याचिका में हस्तक्षेप करने की अनुमति दी जा सकती है या नहीं, जिन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को रद्द करने का आग्रह किया है। 2008 में मालेगांव विस्फोट में बिलाल का बेटा मारा गया था। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की पीठ ने बुधवार को बिलाल के वकील बी ए देसाई और पुरोहित के वकील नीला गोखले की जिरह सुनी। महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के निकट मोटरसाइकिल पर रखे बम में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 अन्य लोग जख्मी हो गए थे। वकील देसाई ने पीठ से आग्रह किया कि उनके मुवक्किल को मामले में पक्षकार बनाया जाए और हस्तक्षेप आवेदन को स्वीकार किया जाए क्योंकि पीड़ित को सुने जाने का अधिकार है।

# तरुण गोगोई मेरे गुरु थे: राहुल गांधी

भाषा। गुवाहाटी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई को यहां बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि गोगोई उनके गुरु थे। गांधी ने कहा कि गोगोई का निधन उनके लिए निजी क्षति है। उन्होंने कहा कि गोगोई से बात करके ऐसा लगता था जैसे आप पूरे असम से बात कर रहे हों क्योंकि तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे गोगोई सिर्फ असम और उसके लोगों की बात करते थे।



गोवा से विशेष विमान से गुवाहाटी आने के बाद गांधी सीधे श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र पहुंचे जहां गोगोई के पार्थिव शरीर को जनता के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने गोगोई को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दिवंगत कांग्रेस नेता के सांसद पुत्र गौरव मौजूद थे। गांधी ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है गोगोई जी केवल असम के नेता नहीं थे। वह बेहतरीन मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय स्तर के नेता थे। उन्होंने असम के लोगों को एक करने और राज्य में शांति स्थापित करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि गोगोई ने असम के लोगों की महान सेवा की तथा भारत के लिए भी शानदार काम किया। उन्होंने कहा, मैंने गोगोई जी के साथ काफी वक्त बिताया है। वह मेरे शिक्षक, मेरे गुरु थे। उन्होंने मुझे समझाया कि असम और यहां के लोगों का महत्व क्या है। उन्होंने असम की सुंदरता से मेरा परिचय कराया। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। गोगोई का सोमवार को यहां निधन हो गया था।

उनके परिवार में पत्नी डॉली गोगोई, बेटी चंद्रिमा और बेटा गौरव हैं। कलाक्षेत्र से राहुल गांधी दिसपुर में गोगोई के आधिकारिक निवास गए और वहां उनकी पत्नी और बेटी से मुलाकात की।

# स्मृति ईरानी ने हैदराबाद में बाढ़ को लेकर टीआरएस को आड़े लिया हाथ

भाषा। हैदराबाद



**हैदराबाद** नगर निगम के चुनाव से पहले प्रचार चरम पर है और ऐसे में वरिष्ठ भाजपा नेता तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को यहां हाल ही में आई बाढ़ को लेकर सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) को आड़े हाथ लिया और सवाल किया कि यहां 75,000 अतिक्रमण कैसे होने दिए।

ईरानी ने टीआरएस पर एआईएमआईएम के साथ भ्रष्ट गठबंधन होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि अलग तेलंगाना राज्य के सपने को साकार करने के लिए अपनी जान न्योछावर करने वालों के परिवारों के दिल टूट गए जिन्होंने शहर को डूबते देखा और यह भी देखा कि एआईएमआईएम तथा टीआरएस के बीच भ्रष्ट गठबंधन, भ्रष्ट साझेदारी के कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई। ईरानी ने पूछा कि क्या एमआईएम और टीआरएस के बीच साझेदरी के बिना शहर में 75,000 अतिक्रमण संभव होते? विपक्षी दलों ने शहर में पिछले दिनों आई भयावह बाढ़ के लिए तालाबों, नालों और अन्य स्थानों पर अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्रीय मंत्री ने एक दिसंबर को होने वाले ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के चुनाव से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश की राजधानी का भविष्य मतदाताओं के भाजपा का समर्थन करने के विवेकपूर्ण निर्णय पर निर्भर करेगा।

उन्होंने यह दावा भी किया कि राज्य सरकार ने अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय को अक्टूबर में भारी बारिश से यहां आई बाढ़ से हुए नुकसान पर अंतिम रिपोर्ट नहीं सौंपी है। ईरानी ने कहा कि जीएचएमसी के बजट को कम किया गया है।

# संस्मरण लिखने को लेकर पटेल ने कहा था सारे राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल को कुछ महीने पहले जब अपने राजनीतिक अनुभवों को लेकर संस्मरण लिखने के बारे में सलाह दी गई थी तो उन्होंने कहा था कि राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। अहमद पटेल का बुधवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे और कुछ हफ्ते पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। लेखक और पत्रकार रशीद किदवई के मुताबिक, वह लॉकडाउन के बाद पटेल से उनके आवास 23, मदर टेरेसा क्रेसेंट मार्ग पर मिले थे। किदवई ने बताया कि हम कांग्रेस और राजनीति के बारे में खुलकर बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि आप अपने अनुभवों को लेकर संस्मरण क्यों नहीं लिखते। इस पर उनका जवाब था कि राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। 24 अकबर रोड: ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ द पीपुल बिहाइंड द फाल एंड राइज ऑफ द कांग्रेस नामक पुस्तक के लेखक किदवई का कहना है कि पटेल बहुत जल्द चले गए। किदवई का कहना है कि पटेल एक संकटमोचक होने के साथ सहमति बनाने वाले नेता थे। इसकी ताजा मिसाल महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ गठबंधन करना जबकि अतीत में उद्धव ठाकरे की पाटी ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# पेज 1 का शेष

## एक दिसंबर...

कि केंद्र/राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा महामारी के प्रसार को रोकने और भौतिक दूरी बनाने के संबंध में जारी सभी एसओपी/दिशा-निर्देशों का पालन सभी कॉलेज करें।

## चक्रवात निवार...

के वेलाचेरी, मादीपक्कम, वल्लुवर कोट्टम, रोयापेट्टा, त्रिपलीकेन और आसपास के माउंट रोड जैसे इलाकों में जलभराव हो गया है। मरीना बीच, पट्टिनंबक्कम, कासिमेदु हार्बर, बसंत नगर बीच और तिरुवनमियूर की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है। रेलवे ने 25 और 26 नवंबर को एक दर्जन से अधिक विशेष ट्रेनों को रद्द कर दिया है। तमिलनाडु सरकार ने निवार के प्रभाव में आने वाले चेन्नई, वेल्लोर, कुड्डलोर, विल्लुपुरम, नागापट्टिनम, तिरुवूर, चेंगलपेट और कांचीपुरम सहित 13 जिलों में सार्वजनिक अवकाश घोशित कर दिया है। अब तक 40 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। आईएमडी के अनुसार पिछले छह घंटों से निवार लगभग सात किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। यह गंभीर चक्रवात कुड्डलोर के पूर्व-दक्षिण-पूर्व में 290 किमी, पुडुचेरी के लगभग 300 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व और चेन्नई के 350 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। एनडीआरएफ ने दिशा निर्देश जारी कर लोगों से मोबाइल फोन चार्ज रखने को कहा है। साथ ही शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए बिजली के स्विच और गैस आपूर्ति को बंद करने की सलाह दी गई है। पुडुचेरी सरकार ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश बिजली और संचार लाइनों के अलावा फसलों, खपरैल की छतों और पुरानी इमारतों को नुकसान की आशंका है। पुडुचेरी में बड़े समारोहों और सार्वजनिक कार्यक्रमों पर गुरुवार सुबह 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा और प्रशासन को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा के अनुसार, समुद्र तट से टकराने के बाद भी चक्रवात लगभग 6 घंटे तक तीव्र गति से आगे बढ़ेगा और धीरे-धीरे ही इसके कमजोर पड़ने की संभावना है।

## विजय कुमार...

राजद के अनंत कुमार सिंह और भाकपा (माले) के अमरजीत कुशवाहा शामिल हैं। यादव हाल में कोविड-19 से ठीक हुए हैं और उन्होंने पीपीई किट पहनकर शपथ ली। मांझी ने सदन को जैसे ही सूचित किया कि विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा तो एआईएमआईएम के राज्य अध्यक्ष अख्तरूल इमान अपनी सीट से खड़े हुए और सुझाव दिया कि सदन की परंपरा है कि विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से क्रमश: सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष से होता है। गौरतलब है कि बिहार में हुए पिछले 16 विधानसभा चुनाव में केवल दो बार अध्यक्ष का चुनाव हुआ। 1967 में जब राज्य में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी और दो वर्ष बाद जब मध्यावधि चुनाव के बाद नए विधानसभा का गठन हुआ।

## हरियाणा ने...

के अध्यक्ष बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंजाब के किसानों के लिए अंतर्राज्यीय सीमाओं को सील कर दिया है ताकि यह साबित हो सके कि पंजाब भारत का हिस्सा नहीं है। इस बीच दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने किसान संगठनों को गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी है। यदि ऐसा हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उत्तर रेलवे के अनुसार, पंजाब में किसानों के आंदोलन के मद्देनजर एक ट्रेन को रद्द कर दिया गया है और सात ट्रेनों को आंशिक रूप से रोका गया और चार का रूट बदला गया है। बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने किसानों के खिलाफज्यादती का विरोध किया। बीकेयू (एकता उगरान) के महासचिव सुखदेव सिंह कोकरीकलां के अनुसार, उनके बैनर तले लगभग दो लाख किसान खनौरी और डबवाली क्षेत्रों के माध्यम से दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। एआईकेएससीसी के प्रतिनिधियों के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे।

## प्राथमिकी की...

था कि इस मामले में कोई जांच नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय को यह आदेश देने चाहिए थे कि कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाये और मीडिया के रिपोर्टिंग करने पर प्रतिबंध भी नहीं लगाया जाना चाहिए था।

## लक्ष्मी विलास...

को भंग कर दिया था। रिजर्व बैंक ने कहा कि डीबीएस बैंक इंडिया लि. सभी आवश्यक तैयारियां कर रहा है जिससे लक्ष्मी विलास बैंक के ग्राहकों को सामान्य तरीक से सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। दस बीच इस बैंक का शेयर बुधवार को करीब पांच प्रतिशत उछल गया। इसमें एक सप्ताह से गिरावट चल रही थी। बुधवार को शुरुआती दौरा में यह इसका शेयर बीएसई में 4.79 प्रतिशत गिर कर नीचे 6.95 रुपए पर आ गया था। दोपहर बाद यह 4.79 प्रतिशत उछल कर 7.65 रुपए (अपने सर्किट की ऊपरी सीमा) तक पहुंच कर बंद हुआ।

## ऐप पर...

नुकसान पहुंचाने वाले कदम से बचने का आग्रह करते हैं। भारत ने मंगलवार को अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग की ई-वाणिज्य ऐप अलीएक्सप्रेस समेत 43 और चीनी ऐप पर पबंदी लगा दी। चीन के साथ सीमा पर गतिरोध के बीच यह कदम उठाया गया है। नई दिल्ली में जारी में आधिकारिक बयान के अनुसार ये ऐप देश की संप्रभुता और अखंडता के लिये खतरा थे। इसको देखते हुए पाबंदी लगायी गयी है। जिन ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें कुछ 'डेटिंग' ऐप (मनपसंद लोगों से मिलने और जुड़ने को आसान बनाने वाले मंच) शामिल हैं। बयान के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने भारत में उपयोगकर्ताओं तक इन ऐप की पहुंच पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध (रोधी) समन्वय केंद्र से इस संदर्भ में मिली विस्तृत रिपोर्ट के बाद यह आदेश जारी किया गया है। इससे पहले, सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून 69ए के तहत 29 जून को 59 मोबाइल ऐप और 2 सितंबर, 2020 को 118 ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। ये प्रतिबंध लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच लगाये गये हैं।

## कांग्रेस के...

मास्टर स्ट्रोक महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनवाना रहा। वह एक धर्मनिष्ठ मुसलमान भी थे और धर्मनिर्पेक्ष मूल्यों में गहरी आस्था रखते थे। सबसे लंबे समय तक कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी के कार्यकाल के दौरान सबसे भरोसेमंद साथी पटेल ही रहे, जो धूप और छांव की तरह हमेशा के साथ खड़े रहे। सोनिया गांधी ने कहा कि उन्होंने एक अपूरणीय कॉमरेड, एक वफादार सहयोगी और एक दोस्त खो दिया है। कांग्रेस में पटेल का महत्व राजीव गांधी के दिनों से रहा है। राजीव ने सत्ता संभालते ही तीन संसदीय सचिव अहमद पटेल, अरुण सिंह और ऑस्कर फर्नांडीस नियुक्त किए थे। इन तीनों को अमर, अकबर, एंथनी कहकर पुकारा जाता था।

# बाघ संरक्षण के लिए पीलीभीत बाघ अभयारण्य को मिला टीएक्स-2 अवार्ड

**पीलीभीत (उप्र)।** पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) को पिछले चार वर्षों के दौरान अपने यहां बाघों की संख्या दोगुनी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पीटीआर के उप निदेशक नवीन खंडेलवाल ने बुधवार को बताया कि पिछले चार वर्षों के दौरान बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या 25 से बढ़कर 65 हो गई है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के लिए पीटीआर को प्रतिष्ठित टीएक्स-2 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक को डिजिटल माध्यम से प्रदान किया गया। केंद्रीय वन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भी इसके लिए पीटीआर को शुभकामनाएं दीं। टीएक्स-2 बाघ संरक्षण की दिशा में काम कर रहे डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, यूएनडीपी, आईयूसीएन, ग्लोबल टाइगर फंड और कैट्स इत्यादि जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा वर्ष 2010 में शुरू किया गया वैश्विक पुरस्कार है। खंडेलवाल ने बताया कि पीटीआर को 14 जून 2014 को बाघ अभयारण्य घोषित किया गया था। उसके बाद से यहां बाघों के संरक्षण की दिशा में बेहतरीन काम किया गया और वर्ष 2018 में बाघों की गणना के दौरान पाया गया कि यहां इन जानवरों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

# न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले बने आईसीसी के नए चेयरमैन

**बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा**

**भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे**

भाषा। दुबई

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रमुख ग्रेग बारक्ले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया स्वतंत्र चेयरमैन चुना गया है। बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा और वह भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे। मंगलवार को आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान मतदान हुआ। इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में 16 बोर्ड आफ डायरेक्टर ने हिस्सा लिया जिसमें टेस्ट खेलने वाले देशों के 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट देश और एक स्वतंत्र महिला निदेशक (पेप्सीको की इंदिरा नूई) शामिल हैं। बारक्ले ने कहा कि आईसीसी का चेयरमैन चुना जाना सम्मान की बात है और समर्थन के लिए मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों का धन्यवाद देना चाहता हूं। उम्मीद करता हूं कि हम एकजुट होकर खेल को आगे ले जाएंगे और वैश्विक महामारी से उबरकर मजबूत वापसी और प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारे महत्वपूर्ण बाजारों के अलावा इसके बाहर भी खेल को मजबूत करने को लेकर उत्सुक हूं जिससे कि दुनिया के अधिक लोग क्रिकेट का लुत्फ उठा सकें। न्यूजीलैंड के इस अधिकारी ने मतदान में 11-5 से जीत दर्ज की।

दूसरे दौर के मतदान में उन्हें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का महत्वपूर्ण वोट मिला जिससे वह जीत दर्ज करने में सफल रहे। पिछले हफ्ते पहले दौर के मतदान के दौरान उन्हें 10 और ख्वाजा को छह वोट मिले थे लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार विजेता के लिए 16 सदस्यों के आईसीसी बोर्ड में दो-तिहाई बहुमत यानी 11 वोट हासिल करना जरूरी है। आईसीसी के सीईओ मनु साहनी बोर्ड के 17वें सदस्य हैं लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार हासिल नहीं है। माना जा रहा है कि भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया के अलावा न्यूजीलैंड ने बारक्ले के पक्ष में वोट किया जिन्होंने टीमों के अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलने का समर्थन किया जो इस मुश्किल आर्थिक हालात में इन बोर्ड के वित्तीय मॉडल के अनुकूल है। दूसरी तरफ ख्वाजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल था। सिंगापुर क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों की संख्या बढ़ाने के पक्ष में थे जिससे एसोसिएट देशों के लिए राजस्व राशि में इजाफा होता। आकलैंड के व्यावसायिक अधिवक्ता बारक्ले 2012 से एनजेडसी बोर्ड का हिस्सा हैं। वह फिलहाल आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि हैं लेकिन स्वतंत्र रूप से जिम्मेदारी निभाने के लिए इस पद को छोड़ेंगे। बारक्ले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 के भी निदेशक थे और वह नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट संघ के बोर्ड के पूर्व सदस्य और चेयरमैन भी रहे।

## द्विपक्षीय क्रिकेट सभी देशों की जीवनरेखा: बारक्ले



भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए चेयरमैन ग्रेग बारक्ले ने कहा कि बिग थ्री की धारणा का कोई अस्तित्व नहीं है जिनका मानना है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाओं और आईसीसी प्रतियोगिता एक साथ रह सकती है जिससे खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को मदद मलेगी। बिग थ्री धारणा के तहत भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को वैश्विक संस्था के राजस्व का अधिकांश हिस्सा मिलना था। चुनाव से पहले न्यूजीलैंड के बारक्ले ने कहा था कि यह धारणा पैदा की गई थी कि यह हर अन्य चीज पर द्विपक्षीय क्रिकेट को अहमियत देंगे लेकिन यह वास्तविकता से कोसों दूर है। बारक्ले ने आईसीसी की वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा कि मीडिया में इसे लेकर गलत धारणा बनाई गई, लेकिन तथ्य यह है कि बेशक मैं द्विपक्षीय क्रिकेट का पक्षधर हूं, यह क्रिकेट खेलने वाले सभी देशों की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि देशों को नियमित रूप से एक दूसरे के खिलाफ खेलना, व्यावहारिक प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएं प्रशंसकों को खेल से जोड़ती हैं। यह विकास का रास्ता साफ करती है, यह क्रिकेट का अहम हिस्सा है। बीसीसीआई का समर्थन हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के इस प्रशासक ने कहा कि लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि विश्व प्रतियोगिताएं उतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आईसीसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। पिछले साल महिला टी-20 विश्वकप, एकदिवसीय विश्वकप के दौरान जो हुआ उसे देखें तो शानदार प्रतियोगिताएं थी। बारक्ले ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि शीर्ष प्रतियोगिताएं हैं। मेरे यह कहने की जरूरत है कि इनके और एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, इनमें से एक की दूसरे के लिए अनदेखी नहीं हो सकती।

# भारत का आक्रमण बेहद मजबूत: लैंगर

**आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चुनौती के लिए तैयार**

भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि वह भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का काफी सम्मान करते हैं लेकिन उनकी टीम के बल्लेबाज उनकी रणनीतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और आगामी श्रृंखला में उनकी किसी भी चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पूर्ण श्रृंखला की शुरूआत यहां 27 नवंबर को सीमित ओवरों के मुकाबले के साथ होगी। लैंगर ने कहा कि दोनों टीमों के मजबूत होने के कारण यह मुकाबला रोमांचक होगा।

एक आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में लैंगर ने कहा कि हमें पता है कि जसप्रीत बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज है और मोहम्मद शमी पारी का आगाज करने के लिए शानदार साथी है। हम इसका काफी सम्मान करते हैं लेकिन आईपीएल के जरिए और पिछले कुछ साल में हमारे खिलाड़ियों ने उन्हें काफी खेला है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कुछ साल में भारत के खिलाफ 14 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों टीमों ने सात-सात मुकाबले जीते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारत मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ आस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है जिसमें मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और शारदुल ठाकुर भी शामिल हैं।

स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के साथ रविंद्र जडेजा को जगह मिली है। लैंगर ने कहा कि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेले हैं और इस मुकाबले के संदर्भ में मुझे यह पसंद है, आप देखते हैं कि कौन सी टीम प्रगति कर रही है, कौन सा खिलाड़ी प्रगति कर रहा है। अब हम एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेल चुके हैं। लैंगर ने कहा कि हम उनका काफी सम्मान करते हैं, उनके स्पिनरों का काफी सम्मान करते हैं, बुमराह, शमी और उनके अन्य गेंदबाज नवदीप सैनी का सम्मान करते हैं। लैंगर ने चोट के कारण भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के नहीं खेल पाने से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा कि यह उनकी समस्या नहीं है।

रोहित और इशांत को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी और उन पर टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लैंगर ने कहा कि यह हमारा काम नहीं है, हमारे पास अपनी चुनौतियां हैं, मैच की सुबह एक समूह के रूप में हम पहली बार एक साथ आएंगे इसलिए यह भारत पर निर्भर करता है कि वे किसे चुनते हैं। कोच को अपने गेंदबाजों पर गर्व है और उन्होंने उन्हें शानदार करार दिया। उन्होंने कहा, हमारे पास काफी गहराई है, हमने पूरी एशेज श्रृंखला के दौरान यह दिखाया। हम विभिन्न हालात और वे कैसा महसूस कर रहे हैं इसके अनुसार अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने में सफल रहे लैंगर ने कहा कि हमारे पास मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड हैं। हमारे पास जेम्स पेटिनसन, सीन एबट और माइकल नेसेर हैं जो टीम में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम किसी भी हालात के अनुसार गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। लैंगर ने स्पष्ट किया कि सिर में चोट लगने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए स्टीव स्मिथ को इस श्रृंखला के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बेशक स्टीव सीधे टीम में जगह बनाएगा और इससे हमारा सिर दर्द बढ़ेगा लेकिन यह अच्छा सिर दर्द है। चयन को लेकर काफी बात हो रही है, इससे थोड़ा सिरदर्द बढ़ता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि यह काफी अच्छा सिरदर्द है।

## दुर्व्यवहार के लिए जगह नहीं: लैंगर



**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी श्रृंखला में जब भारत के खिलाफ उतरेगी तो दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होगी लेकिन दो टक्कर की टीमों के बीच उन्हें काफी छींटाकशी की उम्मीद है। स्वयं आक्रामक खिलाड़ी रहे लैंगर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने मैदान के अंदर और बाहर बर्ताव पर काफी बात की है। किसी भी हाल में जीत दर्ज करने की अपने खिलाड़ियों की मानसिकता के लिए अतीत में आस्ट्रेलिया को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है जिसके कारण टीम के रवैए और नैतिकता का विस्तृत विश्लेषण भी हुआ था। लैंगर ने शुक्रवार को पहले वनडे के साथ शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला से पहले कहा कि लोग कहते हैं कि आस्ट्रेलिया में आप नर्वस हो जाते हैं, मुझे यकीन नहीं कि वे मैदान पर बातचीत के संदर्भ में कह रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि वे कुछ बेहद बेहद शानदार खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप शेन वार्न, ग्लेन मैकग्रा का सामना कर रहे हैं या स्टीव वॉ, एडम गिलक्रिस्ट या रिकी पोंटिंग को गेंदबाजी कर रहे हैं तो मैदान पर बोले जाने वाले कुछ शब्दों से अधिक यह आपको नर्वस करेगा। लैंगर ने कहा कि पिछले कुछ साल में हमने मैदान के अंदर और बाहर अपने बर्ताव पर चर्चा की है और हमने बात की है कि दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है। छींटाकशी के लिए काफी जगह है और यह प्रतिस्पर्धी रवैया है। लैंगर ने कहा कि अगामी श्रृंखला में खेलने वाले दिग्गज खिलाड़ियों को देखते हुए काफी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा होगी।

## टीम कोई बहाना नहीं बनाएगी: वेड

**सिडनी**। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को अलग-अलग समूह में ट्रेनिंग को बाध्य होना पड़ा है लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि टीम कोई बहाना नहीं बनाएगी क्योंकि खिलाड़ी इतने अनुभवी हैं कि इस तरह की स्थिति से निपट सकें। आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम इस समय दो स्थानों पर ट्रेनिंग पर रही है। एक समूह मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के मार्गदर्शन में सिडनी क्रिकेट मैदान पर ट्रेनिंग कर रहा है। यूएई में हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और पैट कमिंस जैसे खिलाड़ी 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास से गुजर रहे हैं और सहायक कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। वेड ने कहा कि हमने कुछ हद तक इस तरह की स्थिति का सामना पहले भी किया है लेकिन मौजूदा स्थिति पहले की स्थिति से बिलकुल अलग है। यह टीम लंबे समय से साथ है, विशेषकर अंतिम एकादश, इसलिए हम शुक्रवार सुबह उतरेंगे और सभी को अपनी भूमिका पता है। हमारी ओर से कोई बहाना नहीं है। दोनों समूह गुरुवार को एक साथ आएंगे और पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शुक्रवार को खेला जाएगा और ऐसे में खिलाड़ियों के पास एक समूह के रूप में अभ्यास करने का समय नहीं होगा। दूसरी तरफ भारतीय टीम भी यूएई से आने के बाद पृथकवास से गुजर रही है और सीमित ओवरों की टीम के अलावा टेस्ट टीम भी एक समूह के रूप में ट्रेनिंग कर रही है। वेड ने कहा कि भारत भी पृथकवास में है लेकिन उन्हें एक साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिल रहा है जो हमारी स्थिति से थोड़ा अलग है। कप्तान आरोन फिंच, डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया का एकदिवसीय शीर्ष क्रम काफी मजबूत है जिसमें एलेक्स कैरी विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे और ऐसे में अक्टूबर 2017 में अपना पिछला एकदिवसीय खेलने वाले वेड की नजरें चार दिसंबर से शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला पर टिकी है।

## भारत-आस्ट्रेलिया में कड़े मुकाबले की उम्मीद



**कराची**। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस का मानना है कि भारतीय टीम के तेजी से उभरते हुए तेज गेंदबाजों और टेस्ट क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तथा आस्ट्रेलियाई टीम में डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की वापसी से दोनों टीमों के बीच आगामी क्रिकेट श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी होगी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला की शुरुआत शुक्रवार को सिडनी में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ होगी। वकार ने कहा कि आस्ट्रेलिया भारत पर कड़ा प्रहार करेगा क्योंकि वे अब भी 2018 की घरेलू टेस्ट श्रृंखला में शिकस्त की पीड़ा को महसूस कर रहे होंगे। वकार ने कहा कि आस्ट्रेलिया अपने घर में खेल रहा है और उसने अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार किया है और डेविड वार्नर तथा स्टीव स्मिथ की वापसी से वे काफी मजबूत लग रहे हैं लेकिन भारत के पास भी कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो काफी तेजी से उभरे हैं और उन्होंने आस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा कि भारत की बल्लेबाजी काफी प्रभावशाली है जिसमें पुजारा और रहाणे जैसे टेस्ट प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं इसलिए मुझे अच्छे मुकाबले की उम्मीद है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान को हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि एडीलेड में पहले टेस्ट के बाद विराट कोहली की गैरमौजूदगी और रोहित शर्मा तथा इशांत शर्मा के कम से कम पहले दो टेस्ट में नहीं खेलने से भारत की श्रृंखला जीतने वाले उम्मीदों पर असर पड़ेगा।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) CB_MAHINDRA TRACO 49 REG. NO. UP16ET6955 YOM 2017
2) VE1110FB EICHR_VECV REG. NO. DL1GC4601 YOM 2015
3) EICHER 1110 PRO REG. NO.UP15ET2981-YOM -2019
4) T1618CBGD REG. NO. UP14HT5694-YOM-2019
5) TATA LPT 2518 GOODS REG. NO. UP21BN1882 YOM 2011

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 07 DAYS AT

KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAJESH ANTIL / DEEPAK KUMAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONT.NO. 9711173320/9839215099

## डि ग्रैंडहोम व पटेल वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर

**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला से पहले दोहरा झटका लगा जब आलराउंडर कोलिन डि ग्रैंडहोम और स्पिनर एजाज पटेल चोट के कारण टीम से बाहर हो गए। डि ग्रैंडहोम के दाएं पैर में चोट है जबकि पटेल की पिंडली की मांसपेशियों में चोट है। आलराउंडर डेरिल मिशेल और मिशेल सेंटनर को विकल्प के तौर पर न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल ने पिछले साल नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करते हुए नाबाद 73 रन की पारी खेली थी लेकिन तब से उन्हें दूसरा टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला। सेंटनर न्यूजीलैंड को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी का विकल्प देने के साथ बल्लेबाजी में निचले मध्य क्रम को मजबूत करेंगे। सेंटनर और डेरिल मिशेल शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए भी न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं।

## कैरेबियाई क्रिकेटरों का तीसरा कोरोना टेस्ट नेगेटिव, पहला टी-20 आकलैंड में 27 को

**क्राइस्टचर्च**। न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद से पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों के तीसरे और आखिरी कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और अब वे शुक्रवार को पहला टी-20 मैच आकलैंड में खेलेंगे। वेस्टइंडीज के अधिकांश क्रिकेटर यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग खेलकर यहां पहुंचे हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा कि पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज टीम के सभी सदस्यों की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसमें कहा गया कि अब वे पृथकवास केंद्र छोड़कर आकलैंड रवाना होंगे जहां शुक्रवार को पहला टी-20 मैच खेला जाना है। बयान में कहा गया कि इनमें सीमित ओवरों के कप्तान कीरोन पोलार्ड भी शामिल है जो टीम की कमान संभालेंगे। पहला मैच 27 नवंबर को आकलैंड में, दूसरा और तीसरा 29 और 30 नवंबर को माउंट माउंगानुइ में खेला जाएगा। इसके बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी।

## एमएसएलटीए ने टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह मांगी

**नई दिल्ली**। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) ने एटीपी को पत्र लिखकर टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह देने को कहा है। एमएसएलटीए ने कोविड-19 महामारी के कारण देश के इस शीर्ष टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी में कराने में असमर्थता जताई है। राज्य टेनिस संघ एमएसएलटीए अगर इस एटीपी 250 प्रतियोगिता का आयोजन करता है तो उसे कई समस्याओं से जूझना होगा। राज्य सरकार ने महामारी के कारण अब तक महाराष्ट्र में प्रतियोगिताओं की बहाली को स्वीकृति नहीं दी है और साथ ही बाहर से आने वाले सभी लोगों के लिए 14 दिन का पृथकवास अनिवार्य किया है जिस शर्त को फिलहाल एटीपी मानने को तैयार नहीं है। एटीपी चाहता है कि खिलाड़ियों को पृथकवास के समय से छूट दी जाए और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल तैयार किया जाए जिससे टूर्नामेंट के खर्चे में काफी इजाफा होगा।

## पुरुष राष्ट्रीय हॉकी शिविर एक हफ्ते पहले 12 दिसंबर को खत्म होगा: साइ

**बेंगलुरू**। भारतीय हॉकी टीम का यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में चल रहा राष्ट्रीय शिविर मुख्य कोच ग्राहम रीड की सिफारिश पर एक हफ्ते पहले 12 दिसंबर को समाप्त होगा। चार महीनों से चल रहा यह शिविर इससे पहले 18 दिसंबर को समाप्त होना था। खिलाड़ी तीने हफ्ते के ब्रेक के बाद पांच जनवरी को दोबारा शिविर के लिए एकत्रित होंगे। साइ ने बयान में कहा कि मुख्य कोच और वैज्ञानिक सलाहकार (रॉबिन आर्केल) पुरुष सीनियर टीम के खिलाड़ियों को विस्तृत स्ट्रेंथ एवं अनुकूलन कार्यक्रम देंगे जो उन्हें ब्रेक के दौरान पूरा करना होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस साल अगस्त से साइ के बेंगलुरू केंद्र में ट्रेनिंग कर रही है। कोविड-19 महामारी के कारण मार्च में लागू देशव्यापी लॉकडाउन के बाद खेल को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने की तैयारी है।

# मौका मिला तो अगले तीन विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा: केएल राहुल



भाषा। सिडनी

**भारत** के सीमित ओवरों के उपकप्तान केएल राहुल ने बुधवार को कहा कि मौका मिलने पर वह अगले तीन विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहेंगे हालांकि टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में कोई बात नहीं की। राहुल सीमित ओवरों में विशेषज्ञ विकेटकीपर ऋषभ पंत और संजू सैमसन की बजाय भारतीय टीम की पहली पसंद बन गए हैं।अगले तीन साल में दो टी-20 विश्व कप और एक दिवसीय विश्व कप होना है। राहुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले कहा कि मेरे विकेटकीपिंग करने से टीम संयोजन में मदद मिलती है और मुझे भी यह पसंद है। मौका मिलने पर मैं तीनों विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा। यह पूछने पर कि क्या टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में बात की है, उन्होंने कहा कि मुझसे कुछ कहा नहीं गया है और हम एक टीम के रूप में इतनी आगे का नहीं सोच रहे हैं। विश्व कप अहम है लेकिन हर टीम और देश के लिए दीर्घकालिन रणनीति होती है।

कर्नाटक के इस स्टायलिश बल्लेबाज ने कहा कि मैं एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोचता हूं। अगर मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा तो हमारे पास अतिरिक्त गेंदबाज और बल्लेबाज को उतारने का मौका होगा। राहुल वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और टी-20 में पारी का आगाज करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी क्रम में उनका स्थान प्रारूप पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि यह इस पर निर्भर करता है कि टीम मुझसे क्या चाहती है और कौन सा टीम संयोजन बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मैने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी का भी मजा लिया। टीम मुझे जो भी भूमिका देगी, मैं उसे निभाकर खुश हूं। क्या वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल की गेंदों पर विकेटकीपिंग कर सकेंगे, उन्होंने कहा कि एमएस धोनी की जगह कोई नहीं ले सकता।

उन्होंने हमें रास्ता दिखाया है कि विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका कैसे निभाते हैं। उन्होने कहा कि कुलदीप, युजी या जड्डू के साथ अच्छी दोस्ती है और कोई गलती होने पर मैं उन्हें फीडबैक दूंगा कि किस लैंग्थ से गेंदबाजी करनी है या कोई भी विकेटकीपर ऐसा ही करेगा।

## यूवेंटस, बार्सीलोना चेल्सी और सेविला आगे बढ़े

**लंदन**। यूवेंटस, बार्सीलोना, चेल्सी और सेविला ने दो मैच शेष रहते ही चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बना ली है। अल्वारो मोराटा ने इंजरी टाइम में गोल दागकर यूवेंटस को हंगरी की टीम फेरेनक्वारोस पर 2-1 की जीत दिलाई जिससे इटली की टीम का ग्रुप जी में कम से कम दूसरे स्थान पर रहना तय हो गया। बार्सीलोना की टीम डाइनेमो कीव को 4-0 से हराकर सत्र की लगातार 17वीं जीत के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। बार्सीलोना की टीम इस मैच में लियोनल मेस्सी, फ्रेंकी डि जोंग और कई अन्य खिलाड़ियों के बिना उतरी थी लेकिन इसके बावजूद आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।

बार्सीलोना की ओर से मार्टिन ब्रेथवेट ने दो जबकि सर्जिनो डेस्ट और एंटोनी ग्रिजमैन ने एक-एक गोल दागा।

**Public Notice**

All concerned are hereby informed and cautioned through this Public Notice that my Client **MR. SURESH KUMAR L. TIWARI,** has purchased one Flat bearing No. UG-1, SN-RZ 232 A& B, Deo Bhumi Apartment, Puran Nagar, Gali No. -1, Palam Colony, New Delhi- 110077, from **MR. PRATAP RAO** and his wife **MRS. SHAMPA ROY**, by executing Agreement for Sale, and after taking the earnest/token consideration amount, they both have fled away with their bag and baggage's, And anyone involved or dealing with the said property directly or indirectly and having known above facts and wanting to dealt with the above mentioned property then shall be liable to own cost and consequences and for this purpose this Public Notice is served with intent to notify all concerned to meet with my Client and sorting out the same, within **15 days** from the Publication of this Public Notice.

Sd/-
Adv. Mahendra Singh
Mob:8168439451
Place: Delhi Date: 26/11/2020

# मुनाफावसूली के दबाव से बाजार में गिरावट

**सेंसेक्स 695 अंक लुढ़का**

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में तीन दिनों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 695 अंक लुढ़क गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 694.92 अंक यानी 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,828.10 अंक पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार के दौरान यह 44,825.37 के रिकार्ड स्तर तक चला गया था।

इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्चेंज का निफ्टी 196.75 यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,858.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अबतक के सर्वोच्च स्तर 13,145.85 तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में कोटक बैंक रहा। इसमें 3.22 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और टेक महिंदा में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ केवल तीन शेयरा ओएनजीसी, पावरग्रिड और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। इनमें 6.25 प्रतिशत तक की तेजी आई। अमेरिका में कोविड-19 टीके को लेकर उम्मीद के बीच मंगलवार को डो जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 30,000 अंक के पार निकल गया। इसका असर बाजार पर पड़ा। ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन वित्त मंत्री पद के लिए फेडरल रिजर्व की पूर्व प्रमुख जेनेट एलेन को चुनेंगे। इससे भी निवेशकों में उत्साह रहा जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, टीके के विकास को लेकर सकारात्मक खबरें तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लगातार पूंजी प्रवाह से पिछले कुछ दिनों से बाजार में तेजी पर बुधवार को विराम लगा। इसका कारण कारोबार के दूसरे चरण में विभिन्न शेयरों में मुनाफावसूली रही। वहीं पश्चिमी बाजारों में सकारात्मक रुख बना हुआ है। इसका कारण टीके के विकास तथा अमेरिका में राजनीतिक असमंजस की स्थिति का दूर होना है। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में अल्पकाल में मुनाफावसूली बने रहने की संभावना है क्योंकि नकदी आधारित तेजी रिकार्ड उंचाई पर पहुंच गई है। इस तेजी पर अब कुछ अंकुश लग सकता है।

## बीएसई ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को सदस्यता से निलंबित किया

**नई दिल्ली**। प्रमुख शेयर एक्सचेंज बीएसई ने भी कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को चूककर्ता (डिफॉल्टर) घोषित किया है और इस ब्रोकरेज हाउस को अपनी सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। इससे पूर्व समान कार्वाई नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के द्वारा की गई थी। बीएसई ने कहा कि इस ब्रोकरेज फर्म के खिलाफ बकाए को लेकर कोई भी निवेशक नोटिस के जारी होने की तारीख से 22 फरवरी 2021 तक की 90 दिन की अवधि के भीतर एक्सचेंज के पास अपने दावे दर्ज करा सकता है। बीएसई ने कहा कि एक्सचेंज ने एक्सचेंज के कॉरपोरेट ट्रेडिंग मेंबर कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड को डिफॉल्टर घोषित किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

जितेन्द्र कुमार चौहान पुत्र श्री कृपाल सिंह म0 नं0 158, ग्राम-छलेरा, सेक्टर-44, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)।

स्नातक विधान परिषद सदस्य मेरठ खण्ड से निर्दलीय प्रत्याशी सार्वजनिक सूचना हेतू अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित घोषणा करता हूँ।

| लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के सम्बंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| न्यायालय का नाम | मामले की संख्या | अधिनियमों की धारायें | न्यायालय का नाम आदेश की तारीख | अपराध व अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| गौतमबुद्ध नगर | 302/2012 | 323, 326, 506 | दोषसिद्धि नहीं | दोषसिद्धि नहीं कोई दण्ड नहीं |

**सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सिपेट)**
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
सिपेट सम्पर्क कार्यालय, आई.पी.एफ.टी. परिसर, सैक्टर-20, उद्योग विहार, एन.एच.-8, एम्बियंस मॉल के सामने, गुरूग्राम-122016 (हरियाणा), दूरभाष : 0124-2340456, 2340459, मो. 93183-11417
ई-मेल cipetliaisonoffice@gmail.com, वेबसाईट : www.cipet.gov.in


विज्ञापन क्र.: 2020-21/16 **अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

सिपेट सम्पर्क कार्यालय, गुरूग्राम (हरियाणा) रिहायशी भवन किराये पर लेने हेतु मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित करता है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:- House on rent (4 to 5 BHK), Area 2000-3000 sqft., furnished/non furnished. Preferred area- South Delhi and Near by Location.

इच्छुक मकान मालिक/निविदादाता अपनी न्यूनतम दर विस्तृत जानकारी सहित उपरोक्त पते पर दिनांक 02.12.2020 सांय 5:30 बजे तक जमा कर सकते है। सिपेट को किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना किसी कारण/शर्त के निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

निदेशक एवं प्रमुख

**गुमशुदा की तलाश**



फूलवती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **फूलवती, पत्नीः संजय कुमार, पताः मकान नं. 407, गली नं. 12, गांव सबोली, दिल्ली** जोकि दिनांक **04.10.2020** को रात्रि **09:40** बजे **अपने घर से गुमशुदा है**। इस सन्दर्भ में **DD No. 44-A dated 03.10.2020** पुलिस थाना, हर्ष विहार, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

**नामः फूलवती, उम्रः करीब 28 वर्ष, कदः 4'8'', रंगः सांवला, चेहराः गोल, शरीरः सामान्य, पहनावाः हरे रंग का सूट और सलवार।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, हर्ष विहार, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638 / 24368641, फैक्सः 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, हर्ष विहार, दिल्ली
फोनः 011-22342073, 8750870734

DP/353/NE/2020

# आतंकवादियों का पाकिस्तान सबसे बड़ा आश्रयदाताः भारत

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में क हा पाकिस्तान को एबटाबाद याद रखना चाहिए

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**● संराष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है**

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है और उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए जहां अल-कायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और अंततः मारा गया। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पाकिस्तान के राजनयिक द्वारा एक डोजियर सौंपा गया था जिसके जवाब में भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा, फर्जी दस्तावेज देना और झूठा कथानक गढ़ना पाकिस्तान के लिए नई बात नहीं है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है। उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में इस्लामाबाद के राजनयिक मुनीर अकरम ने गुतारेस से भेंट कर उन्हें पाकिस्तान सरकार की ओर से एक डोजियर सौंपा था और आरोप लगाया था भारत उनके देश में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

तिरुमूर्ति ने अपने ट्वीट में पाकिस्तान के शहर एबटाबाद की याद दिलाई जहां बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और मई 2011 में अमेरिकी नौसेना के सील कमांडों के दस्ते ने उसे मार गिराया था।

विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने सोमवार को अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे बड़े देशों के दूतों को पाकिस्तान स्थित जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन द्वारा जम्मू कश्मीर के नगरोटा में हमले की साजिश से अवगत कराया था।भारतीय सुरक्षा बलों ने 19 नवंबर को आतंकवादियों की इस साजिश को नाकाम करते हुए मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया था।



बैंकाक में तीन उंगलियां दिखाकर प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी

# मेरा राष्ट्रीय सुरक्षा दल अमेरिका को सुरक्षित रखेगाः बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका राष्ट्रीय सुरक्षा दल देश को सुरक्षित रखेगा ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं।डिलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय से बाइडन ने मंगलवार को अनुभवी राजनयिक एंटनी ब्लिनकेन को विदेश मंत्री, एलेजांद्रो मयोरकास को होमलैंड सिक्योरिटी मंत्री, लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत और एवरिल हैंस को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के तौर पर नामित करने के अपने इरादे की घोषणा की।

एवरिल राष्ट्रीय खुफिया निदेशक बनने वाली पहली महिला होंगी। बाइडन ने जॉन कैरी को राष्ट्रपति का विशेष जलवायु दूत और जेक सुलिवन (43) को राष्ट्रीय सलाहकार के पद के लिए नामित करने की भी घोषणा की थी। सुलिवन, दशकों में इस पद पर सेवा देने वाले सबसे कम उम्र के लोगों में से एक होंगे।

कई प्रमुख केबल नेटवर्क पर प्रसारित संबोधन में बाइडन ने कहा, यह एक ऐसा दल है जो हमारे देश और हमारे लोगों को सुरक्षित रखेगा और यह एक ऐसा दल है जो उस तथ्य को प्रदर्शित करेगा कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं। एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ होने, अपने प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने , सहयोगियों के साथ खड़ा होने, हमारे मूल्यों के लिए

### एनएसए नियुक्त जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता हैः नवनिर्वाचित राष्ट्रपति


**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिज़ाज दोनों हैं। बाइडन ने डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मैं जेक सुलिवन का चयन करता हूं। उनके जैसा मेधावी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिज़ाज दोनों हैं। सुलिवन (43), दशकों में पहली बार सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे। बाइडन जब उप राष्ट्रपति थे तब सुलिवन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वह विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के एक मुख्य सलाहकार रह चुके हैं।उन्होंने कहा, और राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान वह विदेशी और घरेलू नीतियों में मेरे सबसे भरोसेमंद सलाहकार रहे। साथ ही उन्होंने कोविड-19 से निपटने की रणनीति बनाने में मेरी मदद की। जेक मेरे उस दृष्टिकोण को समझते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है।



# भारतवंशियों की उपलब्धियों, समाज में उनके योगदान पर गर्व हैः रूट

**द हेग।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट ने कहा कि उनका देश यूरोप के उन देशों में शामिल है जहां सर्वाधिक भारतवंशी रहते हैं और उन्हें भारतवंशियों की उपलब्धियों तथा समाज में उनके योगदान पर गर्व है इस महीने नीदरलैंड में अपना कार्यकाल पूरा करने जा रहे भारत के राजदूत वेणु राजमणि को लिखे पत्र में डच प्रधानमंत्री ने सात दशक लंबे भारत-नीदरलैंड द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र किया और कहा कि दोनों देश जल, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। रूट ने 20 नवंबर को लिखे पत्र में कहा, "नीदरलैंड और भारत के बीच 70 साल से द्विपक्षीय संबंध हैं तथा नीदरलैंड यूरोप के उन देशों में शामिल है जहां सबसे अधिक भारतवंशी रहते हैं। हमें उनकी उपलब्धियों और हमारे समाज के लिए उनके योगदान पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण नीदरलैंड डिजिटल व्यापार को प्राथमिकता दे रहा है जिसमें जल, कृषि तथा नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रुट ने राजमणि को लिखे पत्र में कहा, मुझे विश्वास है कि नीदरलैंड के साथ आपका रिश्ता आपके तबादले के साथ खत्म नहीं होगा और आप डच-भारतीय मित्रता में कूटनीतिक योगदान देना जारी रखेंगे। राजमणि जून, 2017 से नीदरलैंड में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर रहे हैं और राजनयिक के रूप में तीन दशक के करियर के बाद आगामी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रुट ने पत्र में लिखा कि उन्हें 2017 में नीदरलैंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत कर खुशी हुई थी। उन्होंने 2015 और 2018 में हैदराबाद हाउस की यात्रा से जुड़ी अपनी यादों का भी जिक्र किया।

# न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के सांसद ने संस्कृत में ली शपथ



**भाषा।** मेलबर्न

**न्यूजीलैंड में** नवनिर्वाचित युवा सांसदों में से एक डॉक्टर गौरव शर्मा ने देश की संसद में बुधवार को संस्कृत में शपथ ली।डॉ शर्मा (33) का संबंध हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से है। हाल ही में वह न्यूजीलैंड के हैमिल्टन वेस्ट से लेबर पार्टी के सांसद चुने गए हैं।न्यूजीलैंड और समोआ में भारत के उच्चायुक्त मुक्तेश परदेशी ने ट्विटर पर कहा कि शर्मा ने भारत और न्यूजीलैंड की सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए पहले न्यूजीलैंड की भाषा माओरी में शपथ ली और उसके बाद उन्होंने भारत की भाषा संस्कृत में शपथ ली।शर्मा ने ऑकलैंड से एमबीबीएस किया है और वाशिंगटन से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वह हैमिल्टन के नॉटन में जनरल प्रैक्टिशनर के तौर पर काम करते हैं।उन्होंने न्यूजीलैंड, स्पेन, अमेरिका, नेपाल, वियतनाम, मंगोलिया, स्विट्जरलैंड और भारत में लोक स्वास्थ्य एवं नीति निर्धारण के क्षेत्र में काम किया है।ट्विटर पर एक व्यक्ति ने शर्मा से पूछा कि उन्होंने हिंदी में शपथ क्यों नहीं ली। इसपर शर्मा ने कहा कि सभी को खुश नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्होंने संस्कृत में शपथ लेना उचित समझा जिससे सभी भारतीय भाषाओं को सम्मान मिला।उन्होंने ट्वीट किया, ईमानदारी से कहूं तो मैंने इसपर विचार किया था लेकिन मेरी पहली भाषा पहाड़ी या पंजाबी में शपथ लेने से संबंधित सवाल उत्पन्न हुआ। सभी को खुश रखना कठिन है। संस्कृत से सभी भाषाओं का आदर होता है, इसलिए मैंने इसमें शपथ लेना उचित समझा। शर्मा को 2017 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस साल उन्होंने नेशनल पार्टी के टिम मसिन्डो को पराजित किया।



व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में डोनाल्ड ट्रंप। साथ में उनकी पत्नी मेलेनिया ट्रंप

## क्विक न्यूज

### हार्वर्ड में पहली बार छात्र संगठन द्वारा एक काले छात्र को चुना गया अध्यक्ष

**मिसीसिपी।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पहली बार मिसीसिपी के 20 वर्षीय एक काले छात्र को छात्र संगठन का अध्यक्ष चुना गया है।हैटिसबर्ग के नोआ हैरिस को 12 नवंबर को हार्वर्ड के स्नातक परिषद का अध्यक्ष चुना गया। प्रशासनिक विषयों की पढ़ाई कर रहे हैरिस स्नातक परिषद के काले छात्रों के समूह के सहअध्यक्ष भी है।इसके पहले दो और छात्र स्नातक परिषद के अध्यक्ष रह चुके है लेकिन हैरिस छात्र संगठन द्वारा चुना गया पहला काला छात्र है। हैरिस ने पत्रकारों को बताया कि वह इस सम्मान को हल्के में नही लेंगे। उन्होंने कहा, इस वर्ष गर्मियों में जॉर्ज फ्लॉयड, ब्र्योना टेलर और अहमॉद आर्बरी की मौत के बाद देश में नस्लभेद को लेकर जो आंदोलन शुरु हुआ उसके बाद हार्वर्ड छात्र संगठन द्वारा एक काले छात्र पर भरोसा कर चुनना एक एतिहासिक कदम है। हैरिस के साथ स्नातक परिषद की उपाध्यक्ष क्लीवलैंड की जेनी गन को चुना गया है। गन न्यूरोसाइंस की पढाई कर रही है। दोनो का कहना है कि वे छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहते है।

### 70 प्रतिशत लोगों ने भी अगर मास्क पहना होता तो, महामारी नियंत्रण में होतीः अध्ययन

**सिंगापुर।** कोविड-19 वैश्विक महामारी को इतना विकराल रूप लेने से रोका जा सकता था, अगर 70 प्रतिशत लोगों ने भी लगातार मास्क पहना होता। एक अध्ययन में इसके साथ ही कहा गया है कि आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है। मास्क बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और उसे पहनने की अवधि के उसके असर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध में किए गए अध्ययनों की समीक्षा में यह बात सामने आई है।पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स में प्रकाशित इस अध्ययन में, फेस मास्क पर किए गए अध्ययनों का आकलन किया गया और इस पर महामारी विज्ञान की रिपोर्टों की समीक्षा कि क्या ए एक संक्रमित व्यक्ति के दूसरे लोगों को संक्रमित करने की संख्या को कम करते है। अध्ययन में कहा गया, अत्यधिक प्रभावकारी फेस मास्क, जैसे कि लगभग 70 प्रतिशत अनुमानित प्रभावकारिता वाले सर्जिकल मास्क को अगर 70 प्रतिशत लोगों ने भी सार्वजनिक स्थानों पर पहना होता तो, वैश्विक महामारी के प्रकोप को कम किया जा सकता था। अध्ययन के शोधकर्ताओं में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के संजय कुमार भी शामिल थे। कुमार ने कहा, यहां तक की आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है।

### कोविड-19: सिंगापुर के मंत्री ने कहा, दुनिया से खुद को काटे रखना कोई विकल्प नहीं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के व्यापार और उद्योग मंत्री चान चुन सिंग ने बुधवार को कहा कि देश को दुनिया से अलग-थलग रखना कोई विकल्प नही है और इसलिए जोखिम का प्रबंधन कैसे करना है यह सीखना ज्यादा उत्पादक रुख हो सकता है।ट्रैवल रीवाइव व्यापार शो के दौरान अपने संबोधन में चान ने कहा कि देश को फिर से खोलने के सभी जोखिमों को खत्म करने की उम्मीद व्यावहारिक नही है। मंत्री ने कहा, दुनिया से खुद को अलग-थलग कर लेना विकल्प नहीं है। सिंगापुर हमारे पर्यटन क्षेत्र को बड़ी स्थानीय आबादी या घरेलू यात्रा से बरकरार रखने में सक्षम नही है। चैनल न्यूज एशिया ने मंत्री को उद्धृत करते हुए कहा, ऐसे में जोखिम का प्रबंधन कैसे करना है यह सीखना ज्यादा व्यवहारिक तरीका है और यह हमें अच्छी स्थिति में रखेगा क्योंकि हम नही जानते कि हमारे सामने अगला संकट कौन सा आ सकता है या अगला कौन सा विषाणु है जो हवाई यात्रा को बाधित कर सकता है। चान ने कहा कि सिंगापुर जैसे देश जिनका बड़ा घरेलू बाजार नही है उन देशों को कोविड-19 ने खासतौर पर बुरी तरह प्रभावित किया। लेकिन इस आपदा ने सिंगापुर जैसे देशों को खुद को उभारने के काम को गति देने का भी काम किया। उन्होंने कहा, हम वैक्सीन के पहुंचने का इंतजार नही कर रहे हैं। न ही हम कोविड-19 महामारी के खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बजाए, हम अब नींव स्थापित कर रहे हैं और पुनर्निर्माण और उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठा रहे हैं।

### भारत की सीमा पर चीन की निर्माण गतिविधियों को लेकर अमेरिकी सांसद ने चिंता जताई

**वाशिंगटन।** लद्दाख में भारतीय सीमा पर चीन की अवैध निर्माण गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि उनका देश हमेशा भारत के साथ खड़ा रहेगा और चीनी सरकार या किसी अन्य के बदलाव के प्रयास का विरोध करेगा जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए चुनौती हो।भारत और चीन के बीच मई से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध चल रहा है डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को कहा," भारत से लगती विवादित सीमा पर चीनी सेना द्वारा निर्माण की खबरों के बारे में मुझे जानकारी है और मैं इनसे चिंतित हूं। अगर यह रिपोर्ट सच है तो चीन के सैन्य उकसावे से क्षेत्र में तनाव बढ़ता रहेगा" उन्होंने कहा कि अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र में हमारे भारतीय साझेदार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा और चीन या किसी अन्य द्वारा बदलाव के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा जो शांति एवं स्थिरता को चुनौती हो।

# जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को मजूबत बनाने में भारतवंशियों के योगदान की सराहना की

**भाषा।** मनामा



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बुधवार को बहरीन के भारतवंशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना की।

जयशंकर 24-25 नवंबर की दो दिवसीय बहरीन यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सेशल्स, तीन देशों की छह दिन की यात्रा पर हैं। पूरी दुनिया में डर का माहौल पैदा करने वाली कोरोना वायरस महामारी के समय यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है।भारतवंशियों के साथ ऑनलाइन बातचीत के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, बहरीन में भारतीय समुदाय के लोगों से ऑनलाइन बातचीत कर अच्छा लगा। भारत के झंडे को बुलंद रखने के लिए उनका धन्यवाद। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में बहुमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। जयशंकर बहरीन की राजधानी मनामा स्थित सदियों पुराने कृष्ण मंदिर भी गए।उन्होंने ट्वीट किया, मनामा में 200 साल पुराने मंदिर में दर्शन के साथ दिन की शुरुआत की। यह बहरीन के साथ हमारी पुरानी और प्रगाढ़ मित्रता का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल मंदिर के पुनर्विकास कार्यों के लिए 42 लाख डॉलर की लागत वाली परियोजना शुरू की थी।जयशंकर ने मंगलवार को बहरीन में अपने समकक्ष अब्दुललतीफ बिन राशिद अल जयानी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बहरीन के प्रधानमंत्री खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के 11 नवंबर को हुए निधन पर भारत सरकार और जनता की ओर से शोक भी व्यक्त किया।

## पाकिस्तान में ट्रांसजेंडरों को मिला अपना पहला गिरजाघर

**एजेंसी।** कराची

**पाकिस्तान में** ईसाई ट्रांसजेंडर लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार, उपहास और अपमान का सामना करना पड़ता है लेकिन समुदाय के लोगों का मानना है कि उनके लिए बनाए गए गिरिजाघर में अब उन्हें शांति और सांत्वना मिलेगी। उनका कहना है कि दूसरे गिरजाघरों में सुनवाई नहीं होने पर वे अपनी समस्याएं यहां साझा कर सकते हैं। पाकिस्तान में फर्स्ट चर्च ऑफ यूनक (किन्नर) नाम का यह गिरजाघर केवल ट्रांसजेडर ईसाइयों के लिए है। किन्नर शब्द दक्षिणी एशिया में अक्सर महिला ट्रांसजेंडरों के लिए उपयोग किया जाता है और कुछ लोग इसे अपमानजनक मानते हैं।गिरजाघर की पादरी और सह संस्थापक गजाला शफीक ने कहा कि उन्होंने अपनी बात रखने के लिए यह नाम चुना। बाइबल के अंशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किन्नरों पर ईश्वर की कृपा होती है।सभी धर्मों की ट्रांसजेंडर महिलाओं और पुरुषों को रुढ़िवादी पाकिस्तान में अक्सर सार्वजनिक रूप अपमान, यहां तक की हिंसा का सामना करना पड़ता है।सरकार ने हालांकि उन्हें आधिकारिक तौर पर थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता दे दी है लेकिन अक्सर उनके परिवावाले उन्हें त्याग देते हैं जिसके बाद उन्हें भीख मांगकर, शादियों में नाच कर अपना गुजारा करना पड़ता है। उनको अक्सर यौन शोषण का सामना करना पड़ा है और अंततः वे यौनकर्मी बन जाते हैं।

# जापान ने चीनी विदेशमंत्री के दौरे के दौरान द्वीप पर घुसपैठ को लेकर विरोध जताया

**एपी।** तोक्यो

**जापान ने** चीन के विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान, पूर्वी चीन सागर के विवादित द्वीपों पर उसकी घुसपैठ और बढ़ती गतिविधियों को लेकर बुधवार को विरोध दर्ज कराया। दोनों पक्षों ने विवादित क्षेत्र में उकसावे वाली कार्वाई से बचने पर सहमति जताई। दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को तोक्यो पहुंचे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात के बाद मुख्य कैबिनेट सचिव कातसुनोबी कातो ने पत्रकारों को बताया, स्थिति बेहद गंभीर है। क्षेत्रीय विवाद और युद्ध के इतिहास को देखते हुए दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हैं, यद्यपि अमेरिका के साथ चीन का व्यापार विवाद बढ़ने के बाद हाल के वर्षों में जापान के साथ उसके रिश्तों में सुधार आया है। क्षेत्रीय विवाद मुख्य रूप से जापान के नियंत्रण वाले पूर्वी चीन सागर द्वीपों को लेकर है जिन्हें जापान सेनकाकू और चीन दिआओयू कहता है। जापान की चेतावनी और विरोध के बावजूद चीनी तटरक्षक जहाजों ने इस द्वीप के आसपास अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। कातो ने कहा कि जापान सरकार ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया जब चीनी जहाज जापान के सन्निहित क्षेत्र में घुस आए जो उसके जल क्षेत्र के ठीक बाहर स्थित है। जापान ने कहा कि यह इस साल इस तरह की 306वीं घटना है। कातो ने कहा, मैंने (वांग को) द्वीपों के आसपास चीनी सरकार के जहाजों की गतिविधियों को लेकर हमारी चिंताओं से अवगत कराया और चीन से सकारात्मक कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वांग के मुताबिक चीन को जापान के साथ सकारात्मक रिश्तों की उम्मीद है और यह क्षेत्र में एक रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

# महिला सशक्तीकरण के प्रति संकल्पित बालिका

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ 2020 का नामांकन मिला

राजस्थान की सोलह वर्ष की **वसुंधरा प्रजापत** को वर्ष 2020 का इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ हेतु नामांकन मिला है। इस होनहार बालिका ने अपने गांव में बाल-विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने की दिशा में प्रेरक कार्य किया है। इसके साथ ही उसने महिलाओं को माहवारी स्वच्छता जैसे विषय पर खुलकर बात करने की शक्ति भी प्रदान की है। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता **डॉ. आभा शर्मा** की ये रिपोर्ट...

**कुछ** साल पहले तक वो भी गांव की एक अत्यंत शर्मीली लड़की हुआ करती थी। वो घर आने वाले अतिथियों के सामने आने से कतराने के अलावा उनसे बात करने में भी हिचकिचाती थी। वो बस उनके सामने आकर अवसर पाते ही वहां से निकल जाया करती थी। लेकिन आज वो युवाओं के लिए एक आइकन बन चुकी है। सोलह वर्ष की वसुंधरा प्रजापत को वर्ष 2020 के इंटरनेषनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ 2020 हेतु नामांकित किया गया है। राजस्थान के टोंक जिले के दर्दातुर्की गांव की रहने वाली इस बालिका के लिए मुस्कुराने के लिए पर्याप्त कारण हैं। उसे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता के लिए संघर्ष करने के कारण ही इस पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है।

अपनी इस यात्रा का स्मरण करते हुए वसुंधरा बताती हैं कि प्रारंभ में उन्हें सेव द चिल्ड्रेन और शिव शिक्षा समिति जैसे तीन दषक पुराने स्थानीय एनजीओ द्वारा आहूत बैठकों में जाने में हिचक होती थी उसके माता-पिता का भी उसे पूरा समर्थन नहीं मिला लेकिन जब उसके साथियों ने उससे वहां आने का आग्रह किया तो सहर्ष इसके लिए सहमत हो गई। वो बताती है, 'मेरे लिए ये आंखे खोल देने वाला क्षण था। उसके लिए ये बिलकुल नया परिप्रेक्ष्य था। उसके लिए सर्वाधिक प्रेरक बात ये थी कि इससे उसे अपनी समस्या स्वयं निबटाने की स्वतंत्रता मिलती थी।'

उसका जन्म और पालन-पोषण ऐसे वातावरण में हुआ था जहां संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत, बाल-विवाह को एक प्रकार से सामाजिक स्वीकृति मिली हुई थी। उसने विवाह जैसे अवसरों के बारे में खाने, नाचने और आनंद लेने से परे कुछ सोचा ही नहीं था। लेकिन प्रजनन संबंधी अधिकारों के बारे मे चलाए जा रहे अभियान के चलते उसे बाल-विवाह के कुप्रभावों-स्वास्थ्य, मासिक स्वच्छता, बालिका के शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार आदि के बारे में जानकारी ही नहीं थी। उसने अनुभव किया कि ये सभी अधिकार किसी भी लड़की के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण थे लेकिन इसके बारे में स्कूल या घरों पर कोई बात नहीं करता था।

वो धीरे धीरे षिव शक्ति समिति की परियोजना समन्वयक ढोली के संपर्क में आने के बाद वो उनके एक 'षादी बच्चों का खेल नहीं' अभियान की सक्रिय सदस्य बन गई। शीघ्र ही वो बाल समूह की सदस्य बनीं और फिर उसे कौषल संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सामाजिक कार्य के लिए उसके उत्साह को देखते हुए ढोली ने वसुंधरा के




माता-पिता से उसका उत्साहवर्धन करने के लिए कहा। यही से उसके सक्रिय जीवन की यात्रा प्रारंभ हुई जब वो 2017 में किषोर वार्तालाप समूह की सदस्य बन गई।

संस्था के वर्तमान समन्वयक सीताराम ने बताया, 'हमारा अभियान साथी शिक्षक की अवधारणा पर काम करता है। इसके अंतर्गत समूह बनाने के बाद अलग अलग मॉड्यूलों में लाइफस्किल का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें स्वयं का परिचय देने से लेकर विश्वास प्राप्त करने तक के संप्रेषण कौशल की बात की जाती है। लैंगिक मानकों की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी उन्हें मानसिक तौर पर तैयार किया जाता है कि किस प्रकार आप समाज, मेरे और मेरे शरीर में किस प्रकार परिवर्तन करके, जिसमें स्वास्थ्य समस्याओं आदि के बारे में जागरूकता प्रसारित करने के साथ ही शारीरिक हिंसा पर भी शिक्षित किया जाता है।'

धीरे धीरे वसुंधरा किशोरियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और जागरूक होती गई। उसे पता चल गया कि यदि गांवों में स्कूल नहीं होंगे तो लड़कियां खेतों में काम करने तक ही सीमित रहेंगी। उसने लड़कियों पर लागू पाबंदियों की भी पहचान करना प्रारंभ कर दिया कि कैसे किसी लड़की को मासिक संबंधी स्वच्छता तथा बाल-विवाह के प्रति जागरूक किया जाए। महिला षिक्षा तथा सषक्तीकरण के लिए सरकारी योजनाएं क्या क्या हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रदान की जा रही सरकारी




सुविधाओं को किस प्रकार से लिया जा सकता है।

इसी से उसकी यात्रा परिवर्तनकारी बनती चली गई। इस परियोजना के अंग के रूप में गांव में पंचायल स्तर पर फरवरी 2019 में एक फेडरेशन बनाई गई जिसका नाम कल्पना था। इसमें ग्राम पंचायत तथा ब्लॉक लेवल फेडरेषन के लिए 20 लड़कियों का चयन किया गया और उन्हें विविध भूमिकाएं प्रदान कर दी गईं। वसुंधरा को उसकी वाकपटुता के कारण मीडिया का दायित्व सौंपा गया। वसुंधरा का मानना है, 'महत्व के विषयों पर जनता का उचित पक्ष रखने के द्वारा लोग सत्ता में बैठे लोगों को उनकी बातों को सुनने के लिए बाध्य कर सकते हैं।'

लेकिन लड़कियों तथा उनके माता-पिता के साथ बातचीत प्रारंभ करना उतना सरल नहीं था जितना लगता था। सर्वाधिक कठिन कार्य मासिक स्वच्छता तथा बाल-विवाह पर बात करना था। लेकिन प्रयास जारी रहने पर धीरे धीरे लोग मान गए। उसने दूसरी लड़कियों को भी मासिक स्वच्छता पर अधिक स्वच्छंद होकर बात करने की प्रेरणा दी। अब वो अपने परिवारीजनों से भी खुल कर बात कर सकती थी ताकि वे उसे उसके काम में अपना पूरा समर्थन प्रदान करें। वास्तव में उसने तो अपनी मां को भी सैनिटरी पैड को सही ढंग से लगाना सिखाया था।

वसुंधरा के गांव के स्कूल में लड़के और लड़कियों के लिए कक्षा 12 तक की पढ़ाई की व्यवस्था थी। लेकिन दूसरे गांवों में तो केवल पांचवीं कक्षा तक ही लड़कियों की पढ़ाई की व्यवस्था थी। चूंकि माता-पिता अपनी बेटियों को गांव से बाहर के कॉलेजों में भेजने के लिए तैयार नहीं थे तो अधिकांष लड़कियां कक्षा 5 के बाद पढ़ाई छोड़ देती थीं। पढ़ाई छोड़ने वाली लड़कियों से वसुंधरा ने समिति द्वारा आयोजित 2 माह के विषेष सत्रों में आने का आग्रह किया। इसमें उन्हें हिंदी और अंग्रेजी की प्रारंभिक जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा जनपद स्तर पर उसने सभी अभियानो का नेतृत्व किया। फिर चाहे निकट के खेदुला गांव में बालिका विद्यालय के कक्षा आठ तक उच्चीकरण की बात हो या फिर निजी स्कूलों में सेनिटरी नैपकिन वितरण या फिर टोंक जिले को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल करने की मांग करना। उसने हर मंच पर अपने स्वरों को बुलंद किया और सरपंच, जिलाअधिकारी, स्थानीय सांसद तथा मीडिया जैसे मंचों पर भी अपनी बात रखी।


वसुंधरा ने बताया, 'हाल ही में लगाए गए लॉकडाउन के समय सरकार तथा अन्य संगठनों का पूरा ध्यान खाद्य आपूर्ति को बनाए रखने पर ही केन्द्रित रहा जो आवष्यक भी था। स्वास्थ्य केन्द्रों पर सैनिटरी नैपकिनों की आपूर्ति बाधित होने के बाद महिलाओं तथा लड़कियों को वे कहां से उपलब्ध हों? जब विद्यालय खुले होते हैं तो लड़कियों को ये वहां से मिल जाते हैं लेकिन इसकी आपूर्ति लॉकडाउन के दौरान भी बनाए रखना आवश्यक था।' सोशल मीडिया पर भी शिवशक्ति समिति की सक्रियता के चलते उसकी चिंताओं को मुखरता मिली। प्रषासन तक भी बात पहुंचाई गई। वो नैपकिनों को सही ढंग से निस्तारित करने के लिए एक इंसीनरेटर लगवाने के लिए कई बार कह चुकी थी। उसके प्रयासों से प्रभावित होकर सरपंच ने गांव के स्कूल में भी इसे लगवाने का वादा किया है।

शिवशक्ति समिति की सचिव षिवजी राम यादव ने बताया कि वसुंधरा ने लाइफ स्किल सत्रों में 180 लड़कियों को प्रशिक्षित किया था। उन्होंने कहा, 'चुप्पी तोड़ो' नामक अभियान में उसकी भूमिका प्रशंसनीय रही है जिसके अंतर्गत मासिक स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है। बाल विवाह तथा किषोरी स्वास्थ्य तथा अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के कार्य में उसने उल्लेखनीय योगदान दिया है।'

अपने तीन भाई बहनों में वसुंधरा सबसे बड़ी है अतः उसके माता-पिता उसका विवाह शीघ्र ही करवाना चाहते थे। वे उसे प्यार तो करते ही थे लेकिन पुरानी मानसिकता के चलते उनकी ये बाध्यता थी। ऐसे में वसुंधरा ने साहस जुटाकर उनसे उसे पढ़ने देने की प्रार्थना की। हेल्पलाइन नंबरों की सहायता से उसने तीन बाल-विवाहों को रोकने में भूमिका अदा की। विवाह तो रुक गए लेकिन उसे इसके लिए गावंवासियों का कोपभाजन बनना पड़ा। उनमें से कुछ लोगों ने तो उसके परिवार से संपर्क ही तोड़ लिया। वे कहते थे, 'देखो तो, अब ये हमें सिखाएगी कि क्या सही है और क्या गलत।' लेकिन वसुंधरा अपने परिवार के समर्थन से आगे बढ़ती रही। उसने बताया, 'यदि आपका परिवार आपके साथ हो तो आप कुछ भी कर सकते हैं।' इस पुरस्कार के लिए नामांकित किये जाने पर अब उसके प्रति लोगों में सहजता आने लगी है और लोग उसकी प्रशंसा करते भी दिखाई देते हैं। उससे उसके समपों के बारे में पूछे जाने पर उसका उत्तर था, 'लोगों तथा लड़कियों का जीवन अच्छा बनाने के लिए मैं राजनीति में आना चाहती हूं।' वो मुख्य रूप से पूर्वप्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी तथा उसकी नामाराषि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से बहुत प्रेरित है। उसका मानना है कि सरकार से ही लोगों की समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं। उसने कहा, 'समस्या का हल सरकार से ही आता है। यदि आप पद पर हैं तो आप लोगों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं, विषेष रूप से लड़कियों के लिए एक अच्छा जीवन।' वो सपना देखने वाली हर लड़की की मदद करना चाहती है जैसे उसकी प्रिय फिल्म 'द सीक्रेट सुपरस्टार' की नायिका करती थी।

**( चरखा फीचर्स )**

## 'ओटीटी के कारण कंटेंट का महत्व बढ़ा है'



**बॉलिवुड** अभिनेता इकबाल खान का कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म कहानियों तथा प्रयोगों के लिए अच्छा मंच उपलब्ध कराते हैं। उनके अनुसार कंटेंट बनाने वालों को अपना दायित्व स्वीकार करना चाहिये वहीं सेल्फसेंसरशिप से कहानी पर विपरीत प्रभाव नहीं आना चाहिये। इकबाल को इससे पहले बेवसीरीज़ क्रैकडाउन में देखा गया था। वो इस समय अपनी अगली सीरीज़ के लिए शूटिंग में व्यस्त हैं।

उनका कहना है, 'ओटीटी कहानियों को मोबाइल तथा लैपटॉप तक पहुंचाता है और उनका कहीं और कभी भी आनंद लिया जा सकता है। मेरे विचार से समय बीतने के साथ ही इन माध्यमों के बीच समन्वय स्थापित हो जाएगा। हर प्लेटफॉर्म के लिए उचित कंटेंट बनाई जा सकती है। अधिकारी ओटीटी पर आत्म-सेंसरशिप पर मनन कर रहे हैं। लेकिन निर्माता द्वारा भी कंटेंट की प्रकृति का संज्ञान लेना आवश्यक है। मेरा मानना है कि ऐसी सेंसरशिप कलात्मक स्वतंत्रता की राह में अवरोध नहीं बनेगी।'

'ओटीटी प्लेटफॉर्म की सफलता के कारण ही मैं इसमें अधिक काम करने के लिए प्रेरित हुआ हूं। मेरा मानना है कि छोटी सी अवधि में ही ओटीटी ने भाषा तथा भौगोलिक सीमाओं को क्षीण कर दिया है। अब अच्छी कंटेंट को किसी भी देष और भाषा में देखा जाने लगा है। अब इतनी कहानियां ऑनलाइन चल रही हैं कि अच्छे अभिनेता को टीवी या फिल्मों की तुलना में उसे चुनना कठिन कार्य नहीं रह गया है। लेकिन मैं तो कंटेंट को ही प्राथमिकता देता हूं फिर मैं ये नहीं देखता कि प्लेटफॉर्म या भाषा क्या है।'

# विराट कोहली ऑगमेंटेड रियलिटी में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आए




**क्रिकेट के** मामले में सबसे बड़े देश, भारत और ऑस्ट्रेलिया दुनिया में क्रिकेट फैंस को लुभाने वाले हैं। भारतीय क्रिकेट कप्तान, विराट कोहली ऑल न्यू एआर इफेक्ट के साथ ऑगमेंटेड रियलिटी में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आए हैं। बैट टॉक्स फॉर इंडिया शीर्षक के साथ एआर फिल्टर फैंस को लगभग दो साल पहले कोहली द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफठोंके गए शतक के बाद कोहली के खुशी के जश्न का दोबारा निर्माण करने का मौका दे रहा है और वो इस इफेक्ट को अपने फोटो एवं वीडियों में स्थापित कर उसे फेसबुक व इंस्टाग्राम पर साझा कर सकेंगे। फेसबुक ने स्पोटर्स ईमोज़ी और 3डी एआर इफेक्ट का विकास करने के लिए ऑगमेंटेड रियलिटी इफेक्ट उत्पन्न करने में उद्योग की लीडरए स्पोटर्समानिया के साथ साझेदारी की है। क्रिकेट के फैंस फेसबुक पर अपनी स्टोरीज़ और इंस्टाग्राम पर रील्स के माध्यम से यह इफेक्ट साझा कर टीम इंडिया के लिए अपनी सपोर्ट प्रदर्शित कर सकेंगे। इस लॉन्च के बारे में विराट कोहली ने कहाए ष्मुझे नया बैट टॉक्स फॉर इंडिया फिल्टर लॉन्च करने के लिए फेसबुक के साथ सहयोग करने की खुशी है। इसके द्वारा मेरे फैंस मेरे करियर के सबसे यादगार क्षणों को वर्चुअल माध्यम में पुनः उत्पन्न कर सकेंगे। मैं उत्साहित हूँ कि भारत एवं विश्व में क्रिकेटप्रेमी कनेक्ट व इंगेज़ होने के इस नए माध्यम का उपयोग करेंगे।

## 'एण्डटीवी प्रस्तुत करता है हिंदी जीईसी में पहली बार येशु की अनकही कहानी'

**वाराणसी।** हप्पू की उलटन पलटन, गुड़िया हमारी सभी पे भारी, संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं और हालिया सुपरहिट शो एक महानायक डॉ. बीआर आम्बेडकर जैसे शो की विविधतापूर्ण और उथल पुथल से भरपूर कहानियों के द्वारा वास्तविक एवं विशिष्ट संस्कृति को सफलतापूर्वक दर्शाने के बाद एण्डटीवी हिंदी जीईसी में पहली बार येशु की अनकही और अनसुनी कहानी लेकर आ रहा है। इस शो को अरविन्द बब्बल प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। येशु विशेष रूप से एक परोपकारी बच्चे की कहानी है जो सिर्फ अच्छाई करना चाहता है और अपने आसपास खुशियां फैलाता है। सभी के लिए उसका प्यार और करुणा उन बुरी शैतानी शक्तियों के लिये बिल्कुल विपरीत हैं, जो उनके जन्म और बचपन के दौरान मौजूद थीं। अपने परिवार और समाज पर होने वाले अत्याचारों ने उन्हें काफी प्रभावित किया। दूसरों की मदद करने और उनके दर्द को कम करने की कोशिश अक्सर उन्हें उस राह पर ले जाती थी जहां वह निश्चित रूप से आहत होते थे और न सिर्फ उत्पीड़कों बल्कि एक बड़ी संख्या में लोगो द्वारा भी उनकी निंदा की जाती थी। लेकिन आखिरकार ये चीजें भी उन्हें उनके रास्ते पर चलने से नहीं रोक पाईं। येशु की कहानी अच्छाई बनाम बुराई के बीच की सिर्फ एक आदर्श कहानी ही नहीं हैए बल्कि यह येशु और उनकी समर्थक एवं मार्गदर्शक बनीं उनकी मां के बीच के खुबसूरत रिश्ते को भी दर्शाता है।

# हीराकुद बांध क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का आगमन हुआ आरंभ

**भाषा।** संबलपुर

**सर्दियों की** शुरुआत के साथ ही ओडिशा के संबलपुर जिले के हीराकुद बांध क्षेत्र में विभिन्न महाद्वीपों से प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरु हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि गल और ब्लैक कॉर्मोरेंट जैसे पक्षियों को हाल ही में हीराकुद बांध जलाशय स्थल पर देखा गया है। हीराकुद वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रताप कोटापल्ली ने कहा, पक्षियों ने अपने शीतकालीन प्रवास के लिए जलाशय में आना शुरू कर दिया है। अगले कुछ दिनों में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी जलाशय में नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। साथ ही पक्षियों के शिकार को रोकने के लिए नियमित नाव गश्त हो रही है। जीरो प्वाइंट, बरखटिया, परबतटोंग और गोबिंदपुर में पक्षी सुरक्षा समूह पहले ही तैनात किए जा चुके हैं।हजारों विदेशी पक्षी हर सर्दी के दौरान नवंबर में हीराकुद बांध जलाशय आते हैं और मार्च तक यहां रहते हैं।



# ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से जलीकट्टू फिल्म को भेजने का फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली

**फिल्म फेडरेशन** ऑफ इंडिया (एएफआई) ने बुधवार को कहा कि लीजो जोस पेल्लिसेरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म जलीकट्टू को ऑस्कर में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजने का फैसला किया गया है।

हिंदी, उड़िया, मराठी और अन्य भाषाओं की 27 प्रविष्टियों के बीच इस फिल्म को सर्वसम्मति से चुना गया। जलीकट्टू फिल्म की कहानी एक गांव की है जहां उपद्रव मचाने वाले एक बैल को रोकने के लिए ढेर सारे लोग जमा होते हैं। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के चयन मंडल के अध्यक्ष फिल्मकार राहुल रवैल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया, हिंदी, मलयालम और मराठी समेत कुल 27 फिल्में आई थी। चयन मंडल ने फैसला किया है कि मलयालम फिल्म जलीकट्टू ऑस्कर में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। रवैल ने कहा कि फिल्म के जरिए जमीनी समस्या को भी बयां किया गया है। यह फिल्म हरीश की लघु कथा पर आधारित है। इसमें एंटनी वर्गीज, चेम्बन विनोद जोस, सबुमन अब्दुसमद और सेंथी बालाचंद्रण ने भूमिका निभाई है। चयन मंडल ने छपाक, शकुंतला देवी, छलांग, गुलाबो सिताबो, द स्काय इज पिंक, बुलबुल और द डिसाइपल जैसी फिल्मों के बीच इसका चयन किया। अंगामली डायरीज और ऐ मा यू जैसी कई चर्चित फिल्में बनाने वाले जोस पेल्लिसेरी को बहुत समर्थ निर्देशक बताते हुए रवैल ने कहा कि जलीकट्टू जैसी फिल्म पर देश को नाज होना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा, फिल्म में बूचड़खाने से भागने वाले एक जानवर और उसे पकड़ने के लिए जमा गांव के लोगों की कहानी है...अच्छे से चित्रण किया गया है और बहुत अच्छे से फिल्माया गया है। फिल्म के दौरान कई तरह की भावनाएं उमड़ती रहती हैं। इसी वजह से हमने इस फिल्म का चयन किया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष फिरदौसुल हसन के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इस साल 14 सदस्ईय चयन मंडल ने डिजिटल तरीके से बैठक की। रवैल की अध्यक्षता वाले चयन मंडल में निर्देशक अभिषेक शाह, अतनु घोष, लेखक श्रीनिवास भानागे आदि सदस्य थे। जलीकट्टू को सितंबर 2019 में टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था और इसे काफी सराहना मिली थी। पिछले साल पेल्लिसेरी को भारत के 50 वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिला था। वर्ष 2019 में जोया अख्तर की फिल्म गली ब्वॉय को भारत की तरफ से आधिकारिक तौर पर ऑस्कर के लिए भेजा गया था।

